आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 242, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया 14

वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा 13

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 12 नक्सली मार गिराए

- छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल
- एके-47, इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार मिले

**गढ़चिरौली, एजेंसी**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडों की नक्सलियों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में करीब छह घंटे तक भारी गोलीबारी हुई। मुठभेड़ स्थल से 12 नक्सलियों के शव के साथ ही तीन एके47, दो इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार, कार्बाइन और एसएलआर जब्त हुए। मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है जो प्रतिबंधित संगठन में तिपगाड दलाम का प्रभारी था। महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।


## प्रदेश मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में बदलाव की चर्चा

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा व पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद की चर्चा के बीच संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश के मंत्रिमंडल व भाजपा संगठन में बदलाव हो सकता है।

इस बीच, बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोबारा मुलाकात की। प्रदेश के नेताओं के पार्टी के शीर्ष नेताओं से

मुलाकात के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे राजनीतिक रूप से राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की।

### केशव प्रसाद मौर्य ने फिर की जेपी नड्डा से मुलाकात

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के अगले ही दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को फिर पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। चर्चा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात व पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के बाद मौर्य ने 'संगठन सरकार से बड़ा है' वाला बयान दोहराया। मौर्य के कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द उनका दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव हैं। लेकिन, कुछ देर बाद ही इस पोस्ट को हटा लिया गया।




### नेतृत्व ने दी उपचुनाव में अच्छे प्रदर्शन की सलाह

पार्टी सूत्रों का कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों नेताओं को विधानसभा उप चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करने व पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की सलाह दी है। कहा कि शीर्ष प्राथमिकता में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव हैं।

इस सिलसिले में चौधरी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। मालूम हो कि प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के घटनाक्रम की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बीते दिन जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।

# सबका साथ, सबका विकास की अब जरूरत नहीं, बंद करो मोर्चा

### शुभेंदु बोले- हम उनके साथ जो हमारे साथ, अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने हालिया लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय से कम समर्थन मिलने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने हम उनके साथ जो हमारे साथ का प्रस्ताव दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तारित सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का पूरा समर्थन करते हैं।



- विवाद बढ़ने पर कहा-उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया

### अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के विभाजन में यकीन नहीं

अपनी टिप्पणियों से विवाद उत्पन्न हो जाने पर अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक आधार पर लोगों के बीच विभाजन करने में यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग राष्ट्रवादी हैं, वे इस देश और पश्चिम बंगाल के लिए खड़े हैं, हमें उनके साथ होना चाहिए। जो लोग हमारे साथ नहीं खड़े हैं, जो देश और पश्चिम बंगाल के हित के खिलाफ काम करते हैं, हमें उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।

### तृणमूल कांग्रेस के चलते पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं

अधिकारी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के जिहादी गुंडों ने हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। तृणमूल के जिहादी गुंडे ऐसा नहीं होने देंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव राज्य में अशांत क्षेत्र अधिनियम लागू कर ही संभव है। हम राष्ट्रपति शासन लागू कर पिछले दरवाजे से राज्य में सत्ता हथियाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश से चुनाव जीतने पर ही हम सत्ता में आएंगे। लेकिन उसके लिए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना होगा।

अधिकारी ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी मुस्लिमों की भी बात की है। हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' की बात किया करते हैं, लेकिन आगे से अब मैं यह नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि इसके बजाय यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए... अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। साल 2014 में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था और 2019 में एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को शांत करने के बहाने तलाश रही है।

## पत्रकार गौरी लंकेश हत्या मामले में तीन आरोपियों को जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी ने मंगलवार को पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों अमित दिगवेकर, एचएल सुरेश और केटी नवीन कुमार को जमानत दे दी। सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए तीनों ने जमानत मांगी थी। पिछले साल दिसंबर में अदालत ने एक अन्य आरोपी एन. मोहन नायक को जमानत दे दी थी। हिंदुत्व समूहों की कटु आलोचक माने जाने वाली गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे मंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार** : प्रदेश के मंत्री विधानसभा की खाली हुई 10 सीटों के होने वाले उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे। वे अपने प्रभार वाले क्षेत्र में सप्ताह में दो बार रात्रि विश्राम करेंगे। बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत करने व पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम करेंगे। बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।



- मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी, कहा- सप्ताह में दो बार प्रभार क्षेत्र में रात्रि विश्राम करें

पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों से उनके क्षेत्रों का हाल जाना और लोकसभा चुनावों में हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में 'अति आत्मविश्वास' के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। इससे सबक लेते हुए कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप चुनाव की समाप्ति तक प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले क्षेत्र में रहेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से सभी प्रभारी मंत्रियों को कार्यकर्ताओं से बात करने व बूथ मजबूत करने का निर्देश दिया। विधानसभा सीटों के उप चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण है। भाजपा को इंडी गठबंधन में शामिल दलों सपा व कांग्रेस के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले से मुकाबला करना है। पार्टी का मानना है कि इसी फार्मूले के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।

### एक नजर

#### सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव प.बंगाल में मिला

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड़्याल का शव पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एक नहर से बरामद हुआ है। वह नौ दिन से लापता थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पौड़्याल (80) का शव मंगलवार को फुलबाड़ी में तीस्ता नहर में पाया गया। शव की पहचान घड़ी और कपड़ों से की गई।

#### सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा के एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र राय ने मानसिक तनाव की वजह से घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने मंगलवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## सिद्धारमैया कन्नड़ भाषियों के 100% आरक्षण से पलटे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ भाषियों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट को हटा लिया। उन्होंने एक अन्य पोस्ट कर बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संस्थानों के प्रशासनिक पदों में 50 प्रतिशत और गैर प्रशासनिक पदों में 75 प्रतिशत आरक्षण कन्नड़ भाषियों को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार की इच्छा है कि कन्नड़ भाषियों को अपनी मातृभूमि में सुगम जीवन जीने का अवसर दिया जाए। हम



- सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपनी पोस्ट हटाई

कन्नड़ हितैषी सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड़ भाषियों का कल्याण है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा था कि मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य के सभी निजी उद्योगों में 'सी' और 'डी' श्रेणी की नौकरियों को शत प्रतिशत कन्नड़ भाषियों के लिए आरक्षित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने अपने संदेश में सुधार किया है।

## नीट-यूजी मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित हुई थी। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर 18 जुलाई के लिए अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका भी शामिल है, जिसमें उसने विभिन्न हाईकोर्ट में उसके खिलाफ लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

**नई व्यवस्था** | उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में किया गया बदलाव

## आश्रित कम पढ़ा लिखा तो ऊर्जा निगमों में नौकरी नहीं

**रमेश चन्द्र, लखनऊ**

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिक की मृत्यु होने पर यदि आश्रित कम पढ़ा लिखा हुआ तो उसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं मिल सकेगी। कारण यह कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अनुकंपा नियुक्ति नियमावली में आंशिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। मध्य उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने कम पढ़े लिखे आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पर नियुक्ति न देने का फैसला ले लिया है और इस सिलसिले में आदेश भी जारी हो गए हैं।

### नियुक्ति के पहले लेनी होगी निदेशक से अनुमति

उत्पादन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मृतक आश्रित का सेवायोजन सक्षम अधिकारी करेंगे, लेकिन उन्हें निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन की पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए बदलाव की तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

इस सिलसिले में उत्पादन निगम के उप महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध देवेश कुमार विश्वकर्मा की ओर से बीती 16 जुलाई को आदेश जारी किया गया। आदेश में निदेशक मंडल की ओर से निर्णय लिये जाने का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 यथा संशोधित में मृतक के आश्रित को चतुर्थ श्रेणी, टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय विद्युत, यांत्रिक व इंस्ट्रूमेंटेशन या कार्यालय सहायक तृतीय और महिला आश्रित को चपरासी पद पर सेवायोजित करने का प्रावधान है।किंतु अब इसमें निदेशक मंडल की ओर से आंशिक परिवर्तन किया गया है। कहा गया है कि अब आश्रित की नियुक्ति केवल टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय या कार्यालय सहायक तृतीय के पदों पर की जाएगी। यदि मृतक आश्रित इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता नहीं रखता है तो आश्रित को कार्मिक की मृत्यु के पांच वर्ष के अंदर आवश्यक शैक्षिक अर्हता को पूरा करना होगा, तभी नियुक्ति दी जाएगी।

JPM GROUP OF INSTITUTIONS
LEARN · SERVE · SHARE
Affiliated to Mahatma JyotibaPhule Rohilkhand University, Bareilly (MJPRU Code: 128)
Affiliated to SCERT, Lucknow (SCERT Code: 080004), Approved by NCTE, New Delhi
Affiliated to BTE, Lucknow (BTE Code: 2354) and Approved by PCI, New Delhi (PCI Code: 5493)



JPM PG COLLEGE
JPM COLLEGE OF PHARMACY
JPM COLLEGE OF TEACHERS' TRAINING
SESSION 2024-25
ADMISSION OPEN
Free Registration* • Upto 100% Scholarships*
*Subject to Affiliation. #T&C Apply.
D.El.Ed. B.El.Ed. D.Pharma B.Pharma#
B.Sc.(Agriculture)Hons M.Sc.(Human Dev.)
B.Sc.(ZBC) B.Sc.(PCM) B.Sc.(H.Sc.)
M.Sc.(Food & Nutrition) M.Sc.(H.Sc.)
M.Sc.(Chemistry/Zoology)
BBA M.Com. B.Com. BCA MA BA
100% PLACEMENT ASSISTANCE FOR ELIGIBLE CANDIDATE
Know More at: www.jpmc.ac.in
ENQUIRE NOW 8899484668, 9149232322, 8057037500
Campus: Bhairpura Khajuria, Nainital Road, Bareilly
City Office: City Heart Enclave, Opposite Model Town Gate, Stadium Road, Bareilly


चमकनी करबला में ताजिए दफन करने के दौरान मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार


जुलूस के दौरान ताजिए के साथ बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार


महानगर में निकाले गए ताजिए के साथ मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

# गमगीन माहौल में या हुसैन ... या हुसैन की गूंजी सदाएं

## इमाम हुसैन की याद में निकाले गए ताजिए करबला में किए सुपुर्द-ए-खाक, मोहर्रम पर जगह-जगह लगाए गए लंगर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को 10वीं मोहर्रम यौमे आशूरा के मौके पर मुस्लिम समुदाय की ओर से परंपरागत ढंग से ताजियों का जुलूस निकाला गया। बच्चों व युवाओं ने या हुसैन...या हुसैन के नारे लगाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से ताजिए निकाले। जुलूस की शक्ल में ताजिए चौपहिया ठेलों और छोटे ताजियों को कंधों पर उठाकर करबला में दफन किया गया। मुस्लिम समाज ने इमाम हुसैन की शहादत को याद करके रात भर मस्जिदों में इबादत की और रोजे रखे। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर लंगर भी लगाए गए।

मुस्लिम समाज की ओर से पैगंबर-ए-इस्लाम के नवासे हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को जिले भर में याद किया गया। 10वीं मोहर्रम को यौम-ए-आशूरा के रूप में सुबह से ही ताजियों के जुलूस निकलने शुरू हो गए थे। दिलाजाक स्थित इमामबाड़ा से बुधवार सुबह 10 बजे जुलूस उठा। हाफिज अयूब हसन कदीरी ने नात व मर्सिए पढ़े। जुलूस इमामबाड़ा से स्टेशन रोड, महिला थाना से निगोही रोड पर पहुंचा। जुलूस के साथ पुलिस बल भी चल रहा था। जुलूस में शामिल लोग और हरे वस्त्र पहने पैगी सीना ज़नी और मातम करते हुए चल रहे थे। इमामबाड़ा दिलाजाक में ताजियादारी का प्रबंध लईक अहमद उर्फ़ वकील, हाफिज अयूब हसन, अब्दुल कवी, वहीद खान, राशिद खान, कासिम खां, मोहसिन, रईस अहमद, दानिश आदि ने किया।

● मस्जिदों में रात भर हुई इबादत मुस्लिमों ने रखे रोजे

वहीं, महानगर के मोहल्ला एमनजई जलाल नगर, निसर जई, हाथीथान, दिलाज़ाक आदि से मोहम्मद इमरान, रोमान लालू, शादाब, नाजिम, इमरान आदि ने ताजियों को गदियाना स्थित करबला में गमगीन माहौल में दफनाया। यहां इमरान, स्वालेह, रईस, युनूस आदि ने ताजिए दफनाने में सहयोग किया। इसी तरह से मोहल्ला बाडूजई प्रथम, बाडूजई द्वितीय, बाडूजई पेशावरी, महमंद जलालनगर, बीबी जई हद्दफ, ककरा कलां, रंगीन चौपाल, बारादरी, महमंद हद्दफ, अली जई, खलील गरबी, खलील शर्की, मोहम्मद जई, बाबू जई, मेहमान शाह, मंघई टोला, अब्दुल्ला गंज, हयातपुरा, अहमदपुर, तारीन बहादुरगंज, तारीन गाड़ीपुरा, मिश्रीपुर, चमकनी, अंटा आदि मोहल्लों के ताज़िए चमकनी स्थित करबला में सुपुर्द ए खाक किए गए।


मोहर्रम पर शर्बत वितरण करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

### दिलाजाक इमामबाड़ा में पेश की गई खिराज-ए-अकीदत

दूसरी तरफ दिलाजाक इमामबाड़ा कमेटी की ओर से जिक्र-ए-शहीदाने करबला नामक जलसे का आयोजन मंगलवार रात को किया गया। इस मौके पर उलेमा-ए-किराम ने शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश की। पेज इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ अपने नाना के दीन को बचाने के लिए शहादत दे दी। मौलाना अब्दुल वकील खां ने कहा कि मोहर्रम की अजमत को समझने की जरूरत है। हाफिज इस्लाम बरकाती, मोहम्मद आमिर ने नात व मनक़बत पेश की। जलसे में हाफिज अयूब हसन, रेहान कादरी, डॉ. इरशाद हुसैन, राशिद हुसैन राही, नईम अहमद, अफ़वान यार खां, दिलशाद लाला, वहीद खां, अब्दुल कवी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।


दिलाजाक इमामबाड़ा में शहीदाने करबला को खिराजे अकीदत पेश करते मौलाना हुजूर अहमद मंजरी। ● अमृत विचार


अंटा चौराहा पर ताजिए निकालते बच्चे। ● अमृत विचार


गमगीन माहौल में ताजिया दफन करने जाते लोग। ● अमृत विचार


चमकनी करबला में सुपुर्द-ए-खाक करते ताजिए। ● अमृत विचार

### कहीं खिचड़ा तो कहीं बंटा शर्बत

बुधवार को 10वीं मोहर्रम पर जगह-जगह कुरआन ख्वानी और लंगर के आयोजन किए गए। मोहल्ला तारीन जलालनगर में लईक अहमद वकील, सरताज अहमद, कदीर अहमद, नूर मोहम्मद वारसी, नदीम अहमद, इमरान खान, खालिद, एहसान, हबीब, एमनजई जलालनगर में भुल्लन खां की चौपाल पर मोहम्मद यासीन खां शानू ने शर्बत का लंगर किया। मोहल्ला महमंद हदफ में सपा नेता अब्दूल कादिर खां ने खिचड़ा का लंगर किया। जिसमें तमाम लोग शामिल हुए।

## अब गांव से बाहर नहीं लगेगी दिव्यांग सफाई कर्मियों की ड्यूटी

**शाहजहांपुर,अमृत विचार:** अब मूक-बधिर व आंशिक दृष्टिबाधित (दिव्यांग) सफाई कर्मियों की ड्यूटी अपने गांव से बाहर नहीं लगेगी। डीपीआरओ ने इसके लिए सहायक विकास अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। अब तक देखा जा रहा था कि कई बार दिव्यांग सफाई कर्मी की ड्यूटी टीम के साथ अन्य गांव में लग जाती थी। जिसके चलते दिव्यांगजन परेशान होते थे। वह दूसरे गांव में ड्यूटी न लगाए जाने की मांग कर रहे थे, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है।

जिले के सभी सहायक विकास अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए डीपीआरओ घनश्याम सागर ने कहा कि मूक बधिर संघ बरेली मंडल के महासचिव अमन सक्सेना की ओर से जारी किए गए पत्र में राजस्व ग्रामों में तैनात मूक-बधिर व आंशिक दृष्टिबाधित (दिव्यांग) सफाई कर्मियों की ड्यूटी उनके तैनाती ग्राम से अलग अन्य सफाई कर्मियों के साथ न लगाए जाने का अनुरोध किया गया। जिसके बाद डीपीआरओ की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मूक-बधिर व आंशिक दृष्टिबाधित (दिव्यांग) सफाई कर्मियों की ड्यूटी टीम के रूप में अन्य सफाई कर्मियों के साथ अन्य ग्रामों में न लगाएं। उनकी तैनाती स्थल में ही सफाई कार्य लिया जाए।

# मुख्य सचिव से बातचीत की शिक्षकों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के सभी घटक संगठनों की बैठक बुधवार को संगठन कार्यालय पर हुई। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय ने 16 जुलाई को लखनऊ में मुख्य सचिव से प्रांतीय संगठनों की हुई वार्ता की जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष पांडेय ने बताया कि संयुक्त मोर्चा के साथ हुई वार्ता में अब डिजिटलाइजेशन आदेश पूर्ण रूप से रद्द करने पर सहमति बनी है। संयुक्त मोर्चा ने यह भी स्पष्ट किया गया अगर 10 दिन में वार्ता के बिंदुओ पर क्रियान्वयन नहीं हुआ, तो 29 जुलाई को लखनऊ में महानिदेशक कार्यालय के समक्ष प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हालांकि शाहजहांपुर में 20 जुलाई को होने वाला विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। बैठक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, अटेवा जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा, एससी एसटी बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय वर्मा समेत अन्य संगठनों के मुमताज़ खां, रत्नाकर दीक्षित, यदुवीर सिंह यादव, सुनील मौर्या, भुवनेश गुप्ता, महेंद्र वर्मा, अंकुर त्रिपाठी, विश्राम सिंह, रामपूत पाल, कृष्ण कुमार, अनंत बाजपेई आदि मौजूद रहे।


संयुक्त मोर्चा की बैठक में जुटे शिक्षक, शिक्षा मित्र व अनुदेशक। ● अमृत विचार

● ऑनलाइन हाजिरी प्रकरण में शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक


सीएचसी परिसर में पौधा रोपित करते डॉ. संजीव कुमार।

### सीएचसी परिसर में रोपे पौधे

**खुटार, अमृत विचार:** सीएचसी परिसर में प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कई प्रजातियों के पौधे रोपे। साथ ही देखभाल और हर किसी से पेड़ लगाने की अपील भी की। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मियों ने सागौन, अमरूद, जामुन आदि पेड़ लगाए। इस दौरान डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को सुरक्षित रखते हैं इसलिए पेड़ पौधे लगाएं। कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार खुटार ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मियों ने जनसहयोग से 1350 पेड़ लगाए गए। इस मौके पर डॉ. संदीप शुक्ला, डॉ. पुनीत रस्तोगी, फार्मासिस्ट संजीव वर्मा, सूर्यप्रकाश आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### ड्राइवर से मारपीट चार पर एफआईआर

**पुवायां, अमृत विचार:** लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी के गांव पाल अभय कचनार निवासी पप्पू पुत्र नूर हसन ने थाना पुवायां के गांव नारायनापुर के नौशाद पुत्र नबीहसन, शहंशाह, नसरुद्दीन, इकलाख पुत्रगण अशफाक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें पप्पू ने बताया कि वह मूड़ाग़ालिब गांव से नारायणपुर गांव के लिए अपनी गाड़ी लेकर आया था, वापस जाते समय चारों ने उसे घेरकर मारा पीटा।

# चेकिंग अभियान में तीन डबल डेकर स्लीपर बसें सीज

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** बुधवार अपरान्ह तीन बजे एआरटीओ एसबी पांडेय, एआरएम परिवहन आरएस पांडेय व सीओ ट्रैफिक अमित चौरसिया, थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पुलिस फोर्स को साथ लेकर गोला रोड पर बगैर परमिट चल रही बसों में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें अलग-अलग ट्रेवल्स की तीन स्लीपर बसों को पकड़कर कागजात आदि मांगने पर चालक द्वारा परमिट ना दिखा पाने पर बसों को सीज कर दिया।

● एआरटीओ, एआरएम एवं ट्रैफिक सीओ की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

एआरटीओ एसबी पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश पर अवैध रूप से चलने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से चलने वाली प्राइवेट बसों व अन्य वाहनो के खिलाफ चेकिंग अभियान जारी रहेगा। उधर संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाने पर पलिया खीरी, गोला लखीमपुर से आने वाली बसों का संचालन अचानक बंद हो गया। बता दें कि प्रतिदिन खुटार तिकुनिया से शाम के समय 50 से 60 निजी बसें अलग-अलग प्रांतो के लिए रवाना होती। चेकिंग अभियान के चलते निजी बसें बंद होने पर दिल्ली, हरियाणा, हरिद्वार, सोनीपत, पानीपत, पंजाब को जाने वाले यात्री खुटार पूरनपुर रोड पर देर शाम तक इधर-उधर भटकते रहे।

# प्राधिकरण सचिव ने सुनीं बच्चों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भानु देव शर्मा के निर्देश पर बुधवार को राजकीय बाल गृह बालक तथा राजकीय संप्रेक्षण गृह पिपरोला का निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण सचिव पीयूष तिवारी ने निरीक्षण के दौरान बंदी बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

राजकीय बाल गृह अधीक्षक ने बताया कि बाढ़ के कारण बाल गृह के बच्चों को वन स्टॉप सेंटर के दूसरे तल पर स्थानांतरित किया गया है। सचिव ने अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने और उनके खानपान की व्यवस्था दुरुस्त रखें। इसके उपरांत सचिव ने राजकीय संप्रेक्षण गृह पिपरोला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चे पढ़ाई करते मिले।


बच्चों से समस्याएं सुनते न्यायिक अधिकारी पीयूष तिवारी। ● अमृत विचार

● राजकीय बाल गृह और संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

एक बच्चे की मांग पर अधीक्षक को संबंधित बच्चे का प्रार्थना पत्र प्राधिकरण को भिजवाने के निर्देश दिए गए, ताकि निःशुल्क वकील की व्यवस्था कराई जा सके। दोनों स्थानों पर साफ-सफाई रखने के भी निर्देश दिए गए।


आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
● अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly
Registration Free
ADMISSION OPEN
FOR SESSION 2024-25
M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology)
M.Com.
M.A. (Education, Geography, Political Science, Eng. Lit.)
P.G.D.C.A.
B.Ed.
B.Sc.(PCM/ZBC)
B.A.
B.B.A.
B.C.A.
B.Sc. (Home Science)
B.Com.
B.Com. (Hons.)
BUS FACILITY AVAILABLE
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024 - 25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

| 34.0° | 28.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.26 | सूर्यास्त 07.9 |

## एक नजर

### गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

**खुटार, अमृत विचार :** गांव महुआ पिमई निवासी धर्मेंद्र कुमार की पत्नी क्रांति देवी ने पुलिस को बताया कि उसके खेत के पास से रास्ता निकला हुआ है। 17 जुलाई को वह खेत पर गन्ने की फसल देखने गई थी। जहां जेठ ने उसके हिस्से का दो मीटर खेत अपने में मिला लिया और मेड़ बांध दी। इसकी शिकायत करने जेठ के घर पहुंची तो वह फावड़ा लेकर उसे और उसके एक साल के बच्चे को मारने के लिए दौड़ पड़ा। साथ ही गाली गलौज कर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। बुधवार को क्रांति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### रंजिशन दंपती को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव चौढेरा निवासी श्याम पाल सिंह ने बताया कि 14 जुलाई की रात वह कमरे में सो रहा था। रात दो बजे गांव के ही सुनील कुमार, सचिन, विकास, धर्मेंद्र घर के बाहर आए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली देने लगे। दरवाजा खोलने पर चारों लोग उसके मकान में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। उसकी पत्नी सीमा बचाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने सुनील, सचिन, विकास, धर्मेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### जान से मारने की नीयत से किया फायर

**जैतीपुर।** थाना क्षेत्र के गांव भरतापुर निवासी ज्वाला प्रसाद ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसका खेत जौरा पट्टी में है। उसके खेत में पेड़ खड़े है। बुधवार की सुबह साढ़े 11 बजे पहाड़पुर गौटिया के कुछ लोग उसके खेत पर आए और पेड़ काटने लगे। ज्वाला प्रसाद ने पेड़ काटने का विरोध किया। आरोपी उसको मारने पीटने लगे। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से आरोपियों ने फायरिंग की। वह अपनी जान बाकर भाग गया। पीड़ित ने डायल 112 को सूचना दी। सिपाही मौके पर पहुचे और जानकारी की। एसओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# तैयारी: श्रावण मास में 22 से दो अगस्त तक रहेगा रूट डायवर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** श्रावण मास को लेकर शिव भक्त कांवड़ लेकर गोला छोटी काशी जाते है। इस दौरान 22 जुलाई से दो अगस्त तक रूट डायवर्जन रहेगा।

सीओ ट्रैफिक अमित चौरसिया ने बताया कि 22 जुलाई से श्रावण मास मनाया जाएगा। शिव भक्त घटिया घाट और ढाई घाट से जल लेकर अल्लाहगंज, जलालाबाद से कांट होकर बरेली मोड़ से हरदोई चौराहा, अटसलिया से हथौड़ा चौराहे होते हुए गोला छोटी काशी शिव मंदिर में जलाभिषेक करते है। श्रावण मास 19 अगस्त तक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन से जाने जाने वाले कांवड़िये बरेली मोड़ से हरदोई चौराहा, अटसलिया मोड़, हथोड़ा चौराहे होकर गोला जाएंगे। रामचंद्र मिशन से आने वाले व जाने वाले दो पहिया तथा पैदल आने-जाने वाले कांवड़ियां हरदोई चौराहे से सरायकाइया होते हुए हथौड़ा की तरफ प्रस्थान करेंगे। पैदल आने-जाने वाले कांवड़ियां बरेली मोड़ से राजघाट, केरूगंज, बेरी तिराहा, अंटा चौराहा, जीआईसी तिराहे होते हुए गोला के लिए प्रस्थान करेंगे। कुछ कावड़िया बाबा बनखंडी नाथ मंदिर व फूल मंदिर पर जलाभिषेक करते है, जो बरेली मोड़ से पैदल मंदिर तक आते है।

### लखनऊ और गुड़गांव से आई टेक्निकल टीम ने बसों और विद्युत लाइन की जांच की

# ...ई-बसों के संचालन में अभी दो-तीन दिन और लगेगा समय

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **सड़क की मरम्मत पर टिका संचालन, 10 जुलाई से बंद है ई बस सेवा**
- **नगर निगम कर्मियों ने चार्जिंग प्वाइंट पर जमा सिल्ट की साफ-सफाई की**

**अमृत विचार:** बाढ़ समाप्ति के बाद ई-बसों के संचालन की तैयारी शुरू कर दी गई है। बसों के मशीनरी पार्ट में आई कमियों और चार्जिंग स्टेशन तक अंडरग्राउंड डाली गई बिजली लाइन के दुरुस्तीकरण को टीम ने काम शुरू कर दिया है। वहीं बाढ़ के पानी में कटी सड़क पर जेसीबी से मिट्टी डाल कर उसे भी दुरुस्त किया जा रहा है। दो से तीन दिन में बसों के संचालन की संभावना जताई जा रही है।

बरसात और गर्रा नदी में आई बाढ़ के पानी की चपेट में ककरा कलां स्थित ई-बस का चार्जिंग प्वाइंट भी आ गया था। चार्जिंग प्वाइंट पर जलभराव की वजह से 10 जुलाई से बसों का संचालन बंद चल रहा है। 14 जुलाई को जलस्तर कम हुआ तो चार्जिंग प्वाइंट पर काफी मोटी सिल्ट जमा नजर आ रही थी और वहीं अजीजगंज से डैम वाली रोड से होकर गर्रा नदी पुल पार करके चार्जिंग प्वाइंट को जाने वाली सड़क भी कई जगह से कट चुकी थी। चार्जिंग प्वाइंट पर करीब डेढ़ फिट पानी भर गया था। इससे परिसर और यहां खड़ी 24 बसों के मशीनरी सिस्टम में भी सिल्ट जमा हो गई। एक बस साउथ सिटी कॉलोनी के पास रोक दी गई थी। इसलिए उसे सुरक्षित माना जा रहा है, बाकी 24 बसों की बैटरी और चार्जिंग सिस्टम आदि चेक करने के लिए गुडगांव और लखनऊ से टीम को बुलाया गया। मंगलवार से लेकर बुधवार तक बसों के मशीनरी प्वाइंट में वायरिंग, इलेक्ट्रिक पैनल, चार्जिंग पैनल की जांच शुरू कर दी है। वहीं चार्जिंग प्वाइंट तक अंडरग्राउंड डाली गई 11 हजार केवी की लाइन की चेकिंग भी लखनऊ से आई टीम ने शुरू कर दी। ताकि अर्थिंग सिस्टम को चेक किया जा सके।

इसी बीच नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने भी बुधवार को जमा सिल्ट की सफाई की और जेसीबी से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मिट्टी डालकर कटी सड़क को समतल किया गया ताकि बसों का इस रोड से संचालन हो सके। नगर निगम की ओर से जिले में 25 ई- बसों का संचालन हो रहा है। इन बसों से एक अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन दो लाख रुपये की कमाई होती है।10 जुलाई से बसों का संचालन बंद होने से कमाई पर असर पड़ रहा है। वहीं यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

> जलभराव खत्म होने के बाद ई-बसों को गुड़गांव व लखनऊ की टीम चेक कर रही है, अंडरग्राउंड बिजली लाइन को भी दुरुस्त किया जा रहा है। कट गई सड़क को भी ठीक किया जा रहा है। अभी बसों के संचालन में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। कोशिश है कि जल्द से जल्द संचालन हो। -**सीपी पांडेय,** परिचालन प्रबंधक, इलेक्ट्रिक बस, नगर निगम

# खेत पर बालक को सांप ने डसा झाड़फूंक में चली गई जान

## पिता को खाना देने गया था अल्हागंज का अनमोल

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **तीन घंटे बाद ले गए अस्पताल तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया**
- **खेत पर खेलते समय डसा घर पहुंचकर हो गया बेहोश**


पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े गुमसुम परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** धान की पौध लगा रहे पिता को खाना देने गए एक बालक को सर्प ने पैर में डस लिया। परिवार वाले तीन घंटे तक उसकी झाड़ फूंक कराते रहे। कोई असर न पड़ने पर परिवार वाले उसे फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।


मृतक अनमोल।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव कोयला ज्ञानपुर निवासी प्रेमपाल मंगलवार को खेत पर धान की पौध लगा रहे थे। उसका पुत्र अनमोल(11) अपने पिता को दोपहर बाद चार बजे खाना देने के लिए खेत पर गया। वह खेत पर खेल रहा था। इस दौरान उसके पैर में सर्प ने डस लिया। वह समझ नहीं पाया कि उसके पैर में सर्प ने डस लिया। वह शाम पांच बजे घर पर आया और नल के पास नहाने के लिए गया तो अचानक बेहोश हो गया। पैर में सर्प ने डसा था, मामूली से खून निकल रहा था। खबर मिलने पर प्रेमपाल खेत से घर पर आए। उनके बेटे का शरीर नीला पड़ रहा था। वह झाड़ फूंक कराने वाले तांत्रिक के पास ले गए। तीन घंटे तक झाड़ फूंक से उसके ऊपर कोई असर नहीं पड़ा तो परिवार वाले उसे फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव रात ही में फर्रुखाबाद से घर लेकर आ गए। परिवार वालों ने अल्हागंज थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालक की सर्प के डसने से मौत हुई थी। वह कक्षा छह में गांव के स्कूल में पढ़ता था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### सांप के डसने से किशोरी की मौत

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव चंदुआपुर निवासी युनुस की बेटी गुलफ्सा(14) को मंगलवार सुबह घर में रखे कुरान उठाने के दौरान सर्प ने डस लिया। किशोरी को लगा कि शायद चूहे ने काटा होगा ऐसे में वह बिलंदापुर के स्कूल पढ़ने चली गई। बेहोश होने पर स्वजन दिनभर बैगिया व झाड़-फूंक कराते रहे। शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कल्लू राइडर और उसका साथी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **दो दिन पहले एक युवक को गोली मारकर कर दिया था घायल**

**अमृत विचार:** शहर में मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में गोली मारकर एक युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूट के 10,220 रुपये तथा जामा तलाशी में तमंचा व चाकू बरामद किया है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी यासिर खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 जून की शाम को उसके भाई हारिस को गोली मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी कल्लू राइडर निवासी आवास विकास कॉलोनी चौक कोतवाली समेत पांच के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस को बुधवार को सुबह चार बजे सूचना मिली कि मोहल्ला रेती में एक मंदिर के पास अभियुक्त कल्लू राइडर अपने एक साथी के साथ खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी की तो दोनों अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस बल ने बचाव के लिए हवाई फायर किए।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने घेराबंदी करके अभियुक्त कल्लू राइडर तथा अरविन्द निवासी अजीजगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक तमंचा, चाकू तथा 10,220 रुपये बरामद किए है। कल्लू पर 16 तथा अरविंद पर चार मामले पहले से दर्ज है। टीम में निरीक्षक सीपी शुक्ला, उप निरीक्षक राजेश कुमार आदि थे।

# सांप की फुफकार से डरा युवक पेड़ से गिरा, मौत

**संवाददाता, तिलहर**

**अमृत विचार:** बच्चे के कहने पर आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक सर्प की फुफकार से भयभीत होकर नीचे जा गिरा। आनन-फानन में परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिले के लिए रेफर करने की प्रक्रिया शुरू की। इसी दौरान उसने सीएचसी में ही दम तोड दिया। मौत से घर में कोहराम मच गया।

जैतीपुर क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी रामवीर पुत्र भवानी ने बताया कि बुधवार सुबह को वह और उसका छोटा भाई सुनील (26) खेत पर धान लगाने गया था। सुनील का बेटा(6) गौरव खेत पर पहुंचा। उसने पड़ोस के खेत में खड़े आम के पेड़ पर लगे आम तोड़ने की जिद की। अपरान्ह करीब ढाई बजे सुनील आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा। बीस फिट की ऊंचाई पर पहुंचते ही अचानक सुनील नीचे गिर गया। भाई रामवीर ने बताया कि घायल सुनील ने बताया कि पेड़ पर काला सर्प था। जिसके फुंसकारने से वह डर से नीचे गिर गया। रामवीर आनन फानन में बाइक से उसे बैठाकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा। जहां डॉ. ऋतुराज ने गंभीर हालत में सुनील को प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया। जब तक एंबुलेंस अस्पताल पहुंची सुनील ने दम तोड़ दिया। इस दौरान सीएचसी पहुंची सुनील की मां सोमवती, पत्नी अनीता बिलख पड़ीं।


मृतक सुनील।

सोमवती ने बताया कि सुनील दो साल का था तभी उनके पति भवानी की मौत हो गई थी।


सुनील की मौत पर विलाप करती मां और पत्नी को ढांढस बंधाता रिश्तेदार।

तब से बड़ी मुसीबतों से उन्होंने उसे पाला-पोसा। सुनील अपने पीछे चार बेटे गौरव (6) सौरभ (4), प्रिंस (2), ओम छह माह, पत्नी अनीता और मां सोमवती को बिलखता छोड़ गया है।

# बरेली का रहने वाला था ट्रेन से कटा युवक

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **मोबाइल ठीक कराने के लिए घर से निकला था हरजीत**

**अमृत विचार:** मंगलवार रात आठ बजे कटरा रेलवे स्टेशन के मरेना गांव के सामने डाउन लाइन पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। कटरा पुलिस ने अज्ञात में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक का फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिया था। जिसे देखकर पिता ने शव की शिनाख्त की।


मृतक हरजीत।

बरेली के थाना भुता के गांव खटेली निवासी रामदेव सिंह मोबाइल में फोटो देखने के बाद कटरा थाने पर बुधवार सुबह पहुंचे। जहां पुलिस को फोटो दिखाने के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने शव की शिनाख्त बेटे हरजीत सिंह के रूप में की। उन्होंने बताया कि उसका बेटा मंगलवार को दिन में स्मार्ट फोन घर की छत पर चला रहा था। बंदर उसके ऊपर दौड़ पड़ा तो वह मोबाइल छोड़कर भाग गया था, लेकिन बंदर ने उसका मोबाइल जमीन पर पटक कर तोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि उसका बेटा मंगलवार शाम को मोबाइल ठीक कराने के लिए निकला था। वह ट्रेन से यहां कैसे कट गया, इसकी उन्हें कुछ जानकारी नहीं है। परिवार वाले उसका शव पोस्टमार्टम बरेली ले गए। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### चोरी की बैटरी और साइकिल समेत पकड़ा

**जलालाबाद, अमृत विचार:** प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि दो जून को कलक्टरगंज के एक छात्र की साइकिल चोरी हो गई थी। इससे पूर्व 17 अप्रैल को कटरा रोड पर एक कार का शीशा तोड़कर बैटरी चोरी हो गयी थी। दोनों मामलों की थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस चोर की सुरागरसी में लगी हुई थी।

मंगलवार की रात 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ककराह तिराहे पर एक चोर खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर अमित निवासी नयागांव थाना जलालाबाद है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की साइकिल, 5100 रुपये, बैटरी बरामद की है। पुलिस ने जामा तलाशी में एक तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त पर पहले से मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने चालान कर दिया।

# गार्ड ने ई-रिक्शा चालक पर किया फायर राइफल की दिशा मोड़ने से बची जान

**संवाददाता, जलालाबाद**

> आरोपी को मौके से पकड़ लिया गया है। पीड़ित ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 में मामला दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया गया है। -**हरपाल सिंह बालियान,** इंस्पेक्टर

- **जलालाबाद नगर में स्थित सब्जी मंडी में बुधवार सुबह पूर्वी गेट पर हुई घटना**
- **आरोप, सुरक्षा गार्ड ने गेट से बाहर निकालने के नाम पर मांगे थे दो सौ रुपये**
- **ई-रिक्शा चालक के पचास रुपये देने पर भड़क गया था आरोपी गार्ड**

**अमृत विचार:** सब्जी मंडी में पूर्वी गेट पर तैनात गार्ड ने विवाद होने पर ई रिक्शा चालक पर राइफल से फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि चालक ने राइफल की दिशा मोड़ दी। जिससे वह बाल-बाल बच गया। हालांकि ई-रिक्शा का टायर फट गया। मौके से गार्ड को पकड़ लिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया।

जलालाबाद नगर में स्थित सब्जी मंडी में बुधवार सुबह पूर्वी गेट पर हंगामा हो गया। अरविंद पुत्र सुरेश सब्जी भर कर ई रिक्शा से पूर्वी गेट से निकल रहा था, तभी वहां पर तैनात सुरक्षा गार्ड ललित मोहन पांडेय निवासी कमलनयनपुर थाना कांट ने उससे गेट से बाहर निकलने के नाम पर दो सौ रुपये मांगे। ई-रिक्शा वाले ने उसको पचास रुपये दिए, इसी बात पर गार्ड भड़क गया और उसने ई रिक्शा चालक पर रायफल सीधी करते हुए फायर कर दिया।

गनीमत रही कि चालक ने राइफल की दिशा मोड़ दी जो ई-रिक्शा के टायर में जाकर लगा, जिससे टायर फट गया। जमीन में गड्ढा हो गया। इसके बाद गेट पर अफरा तफरी मच गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी गार्ड को पकड़ लिया और उसकी राइफल अपने कब्जे में ले ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया।



आरोपी गार्ड को पकड़कर ले जाती पुलिस।

### युवक को पीटा, दहशत फैलाने को की फायरिंग

**रोजा, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा निवासी आकाश ने बताया कि उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। बुधवार को दिन में वह शहर में बाजार में खरीदारी करने के लिए आया था। वह दोपहर चार बजे ई-रिक्शा पर बैठकर शहर से हथौड़ा जा रहा था। लोधीपुर में मस्जिद के सामने आरोपियों ने ई-रिक्शा रोक लिया और उसे उतार लिया। आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारा पीटा। वह अपनी जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की। आरोपी फायरिंग करते हुए वाहन से भाग गए। फायरिंग से अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान जाम लग गया। आकाश ने रोजा थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी की। उन्होंने बताया कि आरोपी शिवासू निवासी निवाजपुर थाना रोजा, शाहिल निवासी हथौड़ा बुजुर्ग थाना रोजा, सचिन निवासी रौसरकाठी थाना रामचंद्र मिशन, अंकित सक्सेना निवासी गदियाना के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

''हम अपने दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए एक समावेशी और सुगम्य भविष्य सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।''
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



सामाजिक अधिकारिता शिविर से हो रहा सशक्तिकरण
एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण

करीब 8 सौ लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण
खर्च का पूरा वहन भारत सरकार द्वारा
शिविरों में नए लाभार्थियों के लिए भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध

18 जुलाई, 2024 प्रात: 11:00 बजे से
पुलिस लाइन ग्राउण्ड, बदायूं, उत्तर प्रदेश

मुख्य अतिथि
बी.एल. वर्मा
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार

दिव्यांगजनों के जीवन में बदलाव
अबतक 16 हजार शिविर आयोजित
28 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को सहायक यंत्रों एवं उपकरणों का वितरण
अबतक 6 हजार से अधिक कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरियां की गईं
65 हजार से अधिक मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण

दिव्यांगजन सहायक उपकरण हेतु अर्जुन पोर्टल :
adip.depwd.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं

CBC 38117/13/0011/2425

# खत्म हुआ पानी, अब सता रहा संक्रमण का खतरा

## प्रभावित क्षेत्रों में बीमारियों के पैर पसारने की आशंका के चलते प्रशासन ने शुरू की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- खराब हुआ खाद्यान्न, छतों पर सूख रहे कपड़े, टीवी, फ्रिज, कूलर और पंखे

अमृत विचारः महानगर के ज्यादातर मोहल्लों में बाढ़ का पानी सूख चुका है। इसके साथ ही बीमारियों के पनपने का खतरा पैदा हो गया है। घरों में पानी घुसने से भीगे कपड़े और उपकरणों को छतों पर सुखाया जा रहा है। एक ओर संक्रमण का खतरा सता रहा है और दूसरी ओर नए सिरे से गृहस्थी जोड़ने की चुनौती है। प्रशासन ने बीमारियों से बचाव के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू कर दिए हैं।

गर्रा और खन्नौत नदी का जलस्तर कम होने के बाद अब मोहल्लों में भी बाढ़ का पानी लगभग खत्म हो गया है। इसी के साथ संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने रोगों की रोकथाम के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रभावित इलाकों में छिड़काव की कार्ययोजना तैयार करते हुए दवाओं का स्टॉक दुरुस्त किया है। नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद काफी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। लोगों के घरों में पानी घुस गया था। जलभराव होने से राजकीय मेडिकल कॉलेज को बंद करना पड़ा था। पानी कम होने के बाद लोग अपने घरों में लौटने लगे हैं। बाढ़ का संकट खत्म होने के बाद संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है। इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रभावित इलाकों में क्लोरीन का छिड़काव कराने के साथ ही ब्लीचिंग पाउडर भी डाला जाएगा।



छत पर सूखते बाढ़ में भीगे कपड़े, फ्रीज व अन्य सामान। • अमृत विचार

### सूचना पर तुरंत पहुंचेगी रिस्पांस टीम

सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बताया कि संक्रामक बीमारियों को लेकर अलर्ट जारी किया जा चुका है। रोगों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने रिस्पांस टीम का गठन किया है। टीम में डॉक्टर व अन्य स्टाफ को नियुक्त किया गया है। किसी गांव या मोहल्ले से रोग फैलने की सूचना पर रिस्पांस टीम तुरंत पहुंचकर प्रारंभिक उपचार देगी। उसके बाद बैकअप टीम भेजकर मरीजों का उपचार कराया जाएगा। मुख्यालय के साथ सीएचसी और पीएचसी पर अलग से दवा उपलब्ध कराई गई है।

### क्या बोले- बाढ़ पीड़ित



बाढ़ का पानी घर में गर्दन तक भर गया था। किसी तरह हम अपनी जान बचाकर राहत शिविर में पहुंचे थे। अब घर वापस आए हैं तो घर का ज्यादातर सामान खराब हो चुका है। – **राम संजीवन**



घर में चार फिट पानी आने के बाद हम लोग घर छोड़कर चले गए थे। अब आकर देखा है तो पता चला कि आटा, चावल समेत ज्यादातर सामान खराब हो चुका है। – **अवैस खां**



चार–पांच दिन पानी घर में भरा रहा। इसके बाद भी घर का सामान सुरक्षित कैसे रह सकता था। ज्यादातर सामान खराब हो चुका है। जो बचा है उसे सुखा रहे हैं। –**मोहम्मद जाइब**



बाढ़ का पानी घर में घुसने पर हम छत पर चले गए थे। चार दिन तक छत पर रहे। जिसके चलते भूखे–प्यासे बेहोश से होने लगे थे। इसके बाद किसी तरह हमे घर से निकाला गया। – **हासतारा**

# लापरवाही बरतने में दो सफाई कर्मी सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **डीएम, सीडीओ के निर्देशन पर डीपीआरओ ने उठाया सख्त कदम**
- **ददरौल के मुतिहासा गांव में कई महीनों से नहीं आ रहे थे कर्मचारी**

**अमृत विचारः** जिले में आई बाढ़ के बाद बीमारी व महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। जिसको देखते हुए डीएम, सीडीओ के निर्देश पर शहर-शहर, गांव-गांव विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद सफाई कर्मचारी लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं, अधिकारी भी गांव-गांव निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में डीपीआरओ घनश्याम सागर ने बुधवार को कुछ गांवों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तो पता चला कि ददरौल के मुतिहासा में सफाई कर्मचारी अवनीश कुमार व गंधार गांव में सफाई कर्मचारी अमर कुमार महीनों से सफाई करने नहीं आ रहे हैं। जिसके बाद डीएम, सीडीओ के निर्देशन पर डीपीआरओ घनश्याम सागर ने कार्रवाई करते हुए दोनों सफाई कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही जांच के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत सिंधौली को जांच अधिकारी नामित किया है। दोनों कर्मियों को ददरौल बीडीओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। इसके अतिरिक्त डीपीआरओ घनश्याम सागर ने बाढ़ प्रभावित गांवों में उद्योपारा, नौगवां, शाहबाजपुर, दनियापुर, कारी मकुआपुर, जमौर, गंधार व मुतिहासा आदि में साफ सफाई व सैनेटाइजेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान खुद डीपीआरओ ने नालियों में एंटीलार्वा व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। इस दौरान बीडीओ ददरौल, एडीओ पंचायत आदि मौजूद रहे।



नौगवां में नाली में एंटीलार्वा दवा का छिड़काव करते डीपीआरओ घनश्याम सागर व अन्य।

### लाइनमैन को धक्का देकर दी जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इसूयुरा गांव में बिजली ठीक करने गए लाइन मैन के साथ ग्रामीणों ने धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि ग्रामीण ने फोन पर अवर अभियंता के साथ भी गाली–गलौज किया। जेई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कटरा सब स्टेशन के अवर अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि 30 जून की शाम साढ़े सात बजे राहुल निवासी इसूयुरा थाना कटरा ने मोबाइल पर फोन किया कि उनके क्षेत्र में बिजली नहीं आ रही है। इस पर अवर अभियंता ने कहा कि लाइनमैन दूसरी साइड में काम करने गए हैं। जैसे ही लाइनमैन आते हैं, उनको भेजकर लाइट को ठीक करा दिया जाएगा। अवर अभियंता का आरोप है कि फोन करने वाले राहुल ने गालियां दी। उन्होंने लाइनमैन ओमवीर, मोहम्मद उमर व रहीमुद्दीन को लाइट ठीक करने के लिए भेजा। आरोप है कि आरोपी राहुल तथा उसके साथियों ने लाइनमैन के साथ धक्कामुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा सरकारी कार्य में बाधा डाली। उप निरीक्षक डालचंद ने बताया कि आरोपी राहुल तथा दो अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### कबाड़ियों से चोरी का लोहा बरामद कर साथ ले गई आरपीएफ

**रोजा।** रेलवे सुरक्षा बल ने रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के दलेलगंज के रहने वाले दो कबाड़ियों को पकड़ा है। जो रेलवे का चोरी का लोहा खरीदते थे। आरपीएफ ने गोदाम का ताला खुलवाया और दो बोरी में रेलवे का लोहा बरामद किया है। आरपीएफ दोनों कबाड़ियों को थाना पर ले गई है। आरपीएफ दोनों से पूछताछ कर रही है।

## सार-संक्षेप

### रेडक्रॉस की प्रदेश स्तरीय बैठक में डॉ. जौहरी ने मांगी राहत सामग्री



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की प्रदेश स्तरीय बैठक में महानगर के डॉ. विजय जौहरी ने बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए सामग्री देने सहित कई मांगें राज्यपाल के समक्ष ज्ञापन के माध्यम से रखीं। सोमवार को लखनऊ राजभवन में रेडक्रास सोसायटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और उप मुख्यमंत्री व रेडक्रॉस के प्रदेश सभापति ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में हुई। जिसमें उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज, आयुर्वेदिक, यूनानी व होम्योपैथी कॉलेज में रेडक्रॉस को संचालित किया जाएगा, जिससे आपातकालीन स्थिति में रोगी को प्राथमिक उपचार दिया जा सके। राज्यपाल ने स्कूलों व विवि में रेडक्रॉस संचालित किए जाने का आश्वासन दिया। कहा कि रेडक्रॉस के कार्यकर्ता सप्ताह में एक दिन केवल एक मुट्ठी अनाज एकत्र करने के लिए जागृति अभियान चलाकर गरीबों को लाभ पहुंचा सकते हैं। बैठक में जिले में मुख्य विकास अधिकारी रहे पुलकित खरे को राज्यपाल ने सम्मानित किया। प्रदेश के 15 जिलाधिकारियों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को रेडक्रॉस के प्रति सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया। शाहजहांपुर से प्रदेश प्रबंध समिति के सदस्य व सचिव डॉ. विजय जौहरी ने राज्यपाल के समक्ष प्रस्ताव रखा कि प्रत्येक निजी एंबुलेंस का सूचीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में हो। उन्होंने जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता सामग्री सहित कई मांगें रखी। जिस पर राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि वह उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ जल्द ही शाहजहांपुर आएंगी।

### डीएम ने ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर चालू हो गया है और मरीज भर्ती किए गए। बुधवार को डीएम ने ट्रामा सेंटर व इमरजेंसी का निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद ट्रामा सेंटर और इमरजेंसी वार्ड की सफाई करने के बाद मरीजों को भर्ती करने की प्रक्रिया शुरु हो गयी। डीएम उमेश प्रताप सिंह ट्रामा सेंटर गए और भर्ती मरीजों के बारे में पूछा कि कितने मरीज भर्ती हुए है। डीएम ने वार्डों तथा ओपीडी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फागिंग, एंटी लार्वा, चूना, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए।

### वार्ड- 8 में बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत किट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बृज विहार कॉलोनी में मंगलवार देर शाम बाढ़ पीड़ितों को शासन से उपलब्ध कराई गईं राशन किटें वितरित की गईं। वार्ड–8 के पार्षद राम बरन सिंह की मौजूदगी में नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर और लेखपाल गुरु प्रकाश चौधरी ने मोहल्ले में 50 किटें वितरित कीं।

### विधायक ने ददरौल में पीड़ितों को बांटीं राशन किट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ददरौल विधानसभा के विधायक अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित गांव मौजमपुर और लालपुर में सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गईं राशन किटों का वितरण किया। साथ ही गांव गुल्ड़ा उर्फ नौगवा तथा कैलहा में स्वास्थ्य कैंप भी लगवाए गए। इस मौके पर एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र सिंह समेत डीपीआरओ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे। व्यवस्था में विधायक सचिव हरजीत सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवानदीन कनौजिया, रामू शर्मा, राजन सिंह, अनुज प्रताप सिंह, रूपेश सिंह आदि का सहयोग रहा।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 9 पर भी पढ़ें



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जाँचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधाएं
60000 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
वी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटिना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सेक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिए निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुशरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली




# सोते समय बड़े भाई को हथौड़े से वार कर मार डाला

## बिलसंडा के गांव मार की घटना, 14 जुलाई को बहन की शादी में हुए खर्चे को लेकर दोनों में चल रहा था विवाद

संवाददाता, बिलसंडा (पीलीभीत)


पति की मौत पर विलाप करती हुई संजू देवी। ● अमृत विचार


घटनास्थल पर जांच करते सीओ प्रतीक दहिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** चारपाई पर सोते वक्त बड़े भाई पर छोटे भाई ने हथौड़े से कई वार किए और उसको जान से मार डाला। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग गया। बहन की शादी के बाद खर्च को लेकर दोनों के बीच झगड़ा चल रहा था। लहूलुहान शव मिलने पर परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


सुनील कुमार

घटना बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव मार की है। यहां के रहने वाले 32 वर्षीय सुनील पुत्र रामासरे का शव बुधवार सुबह चारपाई पर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। शव पर परिवार वालों की नज़र पड़ी तो चीख पुकार मच गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया, एसओ बिलसंडा रणजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सुराग जुटाने के लिए फील्ड यूनिट टीम के एक्सपर्ट भी बुलाए गए। काफी देर तक पुलिस घटनास्थल पर ही पड़ताल करती रही। फिर हत्या की वजह को लेकर परिवार वालों से जानकारी की। परिजन का आरोप था कि मृतक के छोटे भाई सुधीर ने सोते वक्त हत्या कर दी। मंगलवार रात को आरोपी नशे में धुत होकर आया। जिस पर पिता व भाई से झगड़ा हो गया था। इसमें मारपीट भी हुई थी।

मामला शांत होने पर सभी सोने चले गए थे। जब सब सो गए तो आरोपी ने चारपाई पर सो रहे अपने बड़े भाई पर हथौड़े बरसाकर उसकी हत्या कर दी और भाग गया। ये भी बताया कि मृतक की बहन की शादी 14 जुलाई को हुई थी। 15 जुलाई को बारात विदा होने के बाद मंगलवार को बेटी ससुराल विदा होकर आ गई। बारात में खर्च हुई रकम को लेकर मृतक सुनील और आरोपी भाई सुधीर के बीच कहासुनी होने लगी। तीन दिन से झगड़ा बढ़ता चला गया। शादी का घर होने की वजह से कुछ मेहमान भी रुके हुए थे। ऐसे में सुनील आंगन में सोने चले गए। अन्य लोग कमरे में सो रहे थे। बुधवार सुबह करीब चार बजे के आसपास आरोपी ने सोते वक्त ही सुनील पर हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फील्ड यूनिट ने जुटाए साक्ष्य, सीओ भी पहुंचे

घटना के बाद हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में मृतक के घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। इसकी सूचना मिलने पर बिलसंडा एसओ रणजीत सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। सीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया भी आ गए थे। फिर सुरागरसी को फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया गया। टीम काफी देर तक घटनास्थल पर पड़ताल करती रही।

### मासूम के सिर से उठा पिता का साया

घटना के बाद परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा। पत्नी संजू देवी विलाप करते वक्त यही कहती गई कि काश उसने पति को आंगन में सोने से रोक लिया होता। उसे रिश्तेदार संभालने में जुटे रहे। मृतक के दस माह का पुत्र है। उसके सिर से पिता का साया उसके ही चाचा ने छीन लिया। इसे लेकर भी गमगीन रहे।

> घटना की सूचना मिलने पर तत्काल ही पुलिस मौके पर गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> – **रणजीत सिंह**, एसओ बिलसंडा

# खुदकुशी करने के लिए जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पिता की डांट से नाराज होकर आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने समय रहते बचा लिया। पुलिस ने युवक को बरेली के फरीदपुर से बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

अमरिया क्षेत्र के ग्राम भोनी का एक युवक बुधवार सुबह करीब 10बजे पिता की डांट से नाराज होकर घर से चला गया। थोड़ी देर बाद उसने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें आत्महत्या करने की बात कह रहा था। पिता ने इसकी सूचना विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्ता नंद को दी। विधायक ने एसपी अविनाश पांडे को फोन करके पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। एसपी के आदेश के बाद थाना अमरिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर युवक को बरेली के फरीदपुर से कुछ ही मिनट बाद बरामद कर लिया। पुलिस युवक को थाने लाई और समझा बुझाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी अमरिया बृजवीर सिंह ने बताया कि आत्महत्या करने का वीडियो मिलने के बाद पुलिस ने जांच कर युवक को सकुशल बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत


हादसे की सूचना मिलने पर सीएचसी पहुंचे परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर


लालता प्रसाद।

- पटेल नगर कॉलोनी के एक मकान में लिंटर डालने के दौरान हुआ हादसा

**अमृत विचार:** हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने हादसे की जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला ग्यासपुर के रहने वाले लालता प्रसाद (42) पुत्र मंगली प्रसाद राजमिस्त्री थे। वह बुधवार सुबह पटेल नगर कॉलोनी के एक मकान में काम करने गए थे। उक्त मकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। बताते हैं कि लिंटर डालते वक्त लालता प्रसाद बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। गंभीर रुप से झुलसने के बाद वह गिर गए। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर पहुंच गए। उनका शव देख रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सिपाही की पत्नी का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक सिपाही की पत्नी की मौत हो गई। उसका शव कमरे में पंखे पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति समेत उसके ससुरालवालों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। घटनाक्रम की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी जुटाई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जनपद सहारनपुर के थाना नागल क्षेत्र के गांव बसेड़ा के रहने वाले सिपाही शुभम की शादी उत्तराखंड की तहसील रुड़की के गांव लखनौता की नेहा देवी से हुई थी। शुभम की तैनाती वर्तमान में पूरनपुर कोतवाली में यूपी 112 में चल रही है। वह अपनी पत्नी नेहा के साथ नगर की सरवनपुरी कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। मंगलवार रात शुभम की पत्नी नेहा का शव अपने ही कमरे में पंखे पर फंदे से लटका मिला। परिवार वालों ने शव देखा तो होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर सीओ आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सुराग जुटाए। मायके वाले भी जानकारी मिलने पर आ गए। नेहा के पिता विजेंद्र पाल पुत्र हुकुमचंद ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप ससुराल वालों पर लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी।

उनका कहना था कि ससुराल वाले दहेज में कार, फ्रिज समेत अन्य सामान देने के बावजूद सिपाही शुभम और उसके पिता एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसके पूरा न होने पर रुपये आए दिन मारपीट की जाती थी। इसी को लेकर उसने खुदकुशी की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


इसी पंखे से फंदे पर लटका मिला था शव।


घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन। ● अमृत विचार

- पिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, छानबीन में जुटी

> मृतका के पति से घटना की सूचना मिली थी। उसने बताया कि घटना के वक्त वह कमरे में नहीं था। मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिए गए हैं।
> – **आलोक सिंह**, सीओ पूरनपुर

### दो माह तक मायके में रही थी नेहा

मायके वालों का कहना था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर नेहा को ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। जिसके चलते अभी हाल ही में वह दो माह तक मायके में रही थी। रिश्तेदारों के समझाने पर उसे फिर ससुराल भेज दिया था। मगर ससुराल वाले हरकत से बाज नहीं आए। बीते दिनों गला दबाकर जान लेने की कोशिश भी की गई थी।

### कमरे में रखी मिली खाने की थाली

पुलिस मौका मुआयना कर रही थी। इस दौरान चारपाई पर खाने की थाली रखी हुई मिली। उसमें तहरी रखी हुई थी। लस्सी का पैकेट भी रखा था। बताते हैं कि महिला ने खाना खाने के दौरान ही महिला ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली।

# व्यापारी बोले...जाम ने कर दिया बेहाल, कुछ तो कीजिए इंतजाम

संवाददाता, पूरनुपर


कोतवाल से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

- कोतवाल से मिले व्यापारी, भारी वाहन और ई रिक्शा का रूट तय करने की मांग

**अमृत विचार:** कस्बे में जाम की समस्या से परेशान व्यापारियों ने कोतवाल से मुलाकात कर समाधान करने की मांग की। भारी वाहन और ई-रिक्शा का रूट तय करने पर जोर दिया गया। कोतवाल ने समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

कस्बे में जाम की समस्या से दुकानदारों के साथ ही राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला की अगुवाई में दर्जनों व्यापारी कोतवाल राजीव शर्मा से मिले। व्यापारियों ने कोतवाल से नगर की ट्रैफिक समस्या को लेकर विचार विमर्श किया।

कहा कि यातायात की सही व्यवस्था न होने से आए दिन बाज़ार में जाम लगता है। व्यापारियों और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर में जाम का कारण बनने वाले भारी वाहन और ई रिक्शा का रूट तय करने की मांग रखी गई। कहा कि शीघ्र ही इस समस्या को लेकर ज़िला अध्यक्ष एमए जिलानी के साथ पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात की जाएगी। इस मौके पर महामंत्री रवि जयसवाल, उपाध्यक्ष सैय्यद जफर अली, डॉ. उमाशंकर, मलकीत सिंह, अखिलेश मिश्रा, ब्रजेश शुक्ला, शान मोहम्मद, आसिफ खान, कुलदीप, संजय गुप्ता, गौरव पांडे, नितिन वर्मा, सुभाष वर्मा, शोएब साबरी, दलजीत सिंह, आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# माला जंगल की गढ़ा रेंज में मिला अज्ञात युवक का शव

**गजरौला, अमृत विचार:** गजरौला क्षेत्र के माला जंगल की गढ़ा रेंज में बुधवार दोपहर अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। शव पर कोई चोट का निशान नहीं था। नजदीक में ही थैला पड़ा था और जेब में पंद्रह रुपये मिले थे।

आसपास से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने शव देखा जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी देने के कुछ देर बाद ही गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्टहो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# हिंयुवा ने लगाए लव जिहाद के आरोप तो लिखी गई रिपोर्ट

संवाददाता, बिलसंडा

- धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश का भी लगाया आरोप
- डेढ़ वर्ष से संबंध बनाकर कर रहा था किशोरी का शोषण

**अमृत विचार:** किशोरी को ले जाने के बाद हिंदू युवा वाहिनी की ओर से लव जिहाद के आरोप लगाकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। जिसके बाद पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करने समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया गांव भितेरा के सलीम ने 17 वर्षीय बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर डेढ़ वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाए। धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। शादी का झांसा देकर फुसलाकर ले जा रहा था कि गांव वालों की नजर पड़ गई और बेटी के साथ आरोपी को भी पकड़ लिया। दोनों के पुलिस के हवाले कर दिया। उधर, हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का पुलिस पर दबाव बनाया। पहले तो पुलिस मामले को रफादफा करने की फिराक में थी। कुछ लोगों ने ट्वीट भी कर दिए। पुलिस ने घटना के 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज की। जबकि घटना की तहरीर मंगलवार को ही युवती के पिता ने पुलिस को दे दी थी। उधर लोगों का कहना है कि आरोपी युवक इससे पहले भी कई हिंदू लड़कियों के साथ इस तरह की हरकत कर चुका था, लेकिन हर बार बचता गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बुधवार को धर्म परिवर्तन करने के प्रयास के साथ ही कई गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया।

# रोटरी क्लब का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब का अधिष्ठापन समारोह बुधवार को एक होटल में संपन्न हुआ। डॉक्टर मनोज गुप्ता, शालिनी गुप्ता ने कहा कि रोटरी जो मानवी सेवा एवं सभी उच्च व्यवसाय में शांति व सद्भावना के निर्माण में सहायता देने के लिए एक विश्व व्यापार संगठन है। पीलीभीत में भी संगठन की समाज में अपनी एक अलग पहचान है। सचिव अंशुल अग्रवाल ने अपनी रिपोर्ट में संपूर्ण वर्ष के कार्यों को प्रस्तुत किया। संचालन दीपावली पुरी, कपिल अग्रवाल ने किया। वर्तमान अध्यक्षउ एड. राहुल अग्रवाल ने पूरे वर्ष रोटरी क्लब सदस्यों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। वर्तमान अध्यक्ष पंकज महातिया को कालर पहनाकर वर्ष 24 -25 के अध्यक्ष के रूप में चार्ज दिया गया। नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष राहुल अग्रवाल आगामी अध्यक्ष डॉ.अनिल सक्सेना, उपाध्यक्ष डॉ. डीके गंगवार, अंशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कपिल अग्रवाल , रचित अग्रवाल, संदीप गोयल, राजीव मल्होत्रा , रवि देव, सचिव डॉ.प्रांजल अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, देवेश बंसल, सतीश जायसवाल, डॉ. एसपीएस संधू आदि मौजूद रहे। बरेली से आए गवर्नर इलेक्ट राजन विद्यार्थी ने सभी का आभार जताया।



## निजी नलकूप बिल माफी योजना के पंजीकरण 31 तक

**पीलीभीत।** निजी नलकूप श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए पावर कॉरपोरेशन की ओर से एक और मौका दिया गया है। ताकि वह बिल माफी योजना से लाभान्वित हो सकें। इसके पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 31 जुलाई कर दी गई है।निजी नलकूप के बिल माफी योजना पावर कॉरपोरेशन की ओर से शुरू की गई थी। बीते दिनों इसकी तिथि 30 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई थी। अभी भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाभान्वित होने से रह गए थे। ऐसे में शासन स्तर सेएक और मौका दे दिया गया। सरकार ने 31 जुलाई तक इस योजना को बढ़ा दिया है। योजना के तहत किसान पंजीकरण कराकर नलकूप का बिल माफ करा सकते हैं। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने मातहतों की जिम्मेदारी तय कर दी है। निर्देश दिए हैं कि किसानों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत पीलीभीत पंकज कुमार भारती ने बताया कि किसानों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की गई है। किसानों को योजना से लाभान्वित करने के लिए 31 जुलाई तक किसानों के निजी नलकूप योजना की तिथि बढ़ा दी गई है। किसान अपना पुराना बकाया जमा करने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लें। जिससे उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

# डीजे बंद कराने से भड़के ताजियेदार खकरा चौकी के बाहर लगाया जाम

### सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ ने फोर्स के साथ पहुंचकर संभाला मोर्चा तब शांत हुआ मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मोहर्रम के जुलूस में डीजे बंद कराने को लेकर भड़के ताजियेदारों ने ताजिया जुलूस के दौरान खकरा पुलिस चौकी के बाहर जाम लगा दिया। अधिकारियों ने किसी तरह ताजियादारों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने सख्ती के साथ वहां से जुलूस को आगे बढ़ाया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से फोर्स को बढ़ा दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदोई की ओर से कुछ ताजियदार डीजे बजाते हुए खकरा पुल की ओर आ रहे थे। आरोप है पुलिस ने डीजे बंद करा उन्हें फटकराते हुए भगा दिया। इस पर ताजियेदार आक्रोशित हो गए। फिर दो बजे ताजियों का जुलूस शुरू हुआ। जैसे ही ताजियों का जुलूस खकरा पुल पर पहुंचा तभी कुछ ताजियादारों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दी। इस दौरान नारेबाजी भी की गई। सूचना मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेश त्यागी फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने ताजिएदारो को समझाकर आगे निकलवाया। इसके बाद चौराहे पर हंगामा कर रही भीड़ को पुलिस ने सख्ती कर हटवा दिया।

सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बतायाकि ताजियादारों के जाम लगाने की सूचना पर पहुंचकर जाम खुलवा दिया गया था। ताजिया आगे निकल गए थे। इसके बाद कुछ लोग बेवजह हंगामा कर रहे थे। दूसरा ढोल बजाने को लेकर बरेली दरवाजे के पास आपस में ताजियेदारों का विवाद था। जबकि सुनहरी मस्जिद चौराहे पर भी ताजिएदारो ने अभद्रता का आरोप लगाकर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। इस दौरान कोतवाल से जमकर नोकझोंक हुई। इसके अलावा बरेली गेट पर भी ताजियादारों ने विरोध किया। उनका कहना था कि सुनहरी मस्जिद पर पुलिस अनावश्यक परेशान कर रही है। अफसरों ने समझा बुझाकर मामला शांत किया।


खकरा पुल पर भीड़ को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

- काफी देर तक अलर्ट रही पुलिस, भीड़ को भी हटाया


खकरा पुलिस चौकी के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार

### गिरने लगे दुकानों के शटर

बाजार में हुए विवाद के बाद किसी ने अफवाह फैला दी कि शहर में बवाल हो गया है। इसके बाद शहर का बरेली गेट, गल्ला मंडी समेत पूरा बाजार बंद होने लगा। हालांकि अधिकांश दुकानें पहले ही बंद थी। सोशल मीडिया पर भी अफवाह फैला दी गई। अफसरों ने लोगों को समझाकर शांत किया।

## पीलीभीत में तीन प्रधान समेत 58 रिक्त पदों के लिए होगा उपचुनाव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- छह अगस्त को रिक्त पदों पर होगा मतदान, इसके बाद आठ अगस्त को होगी मतगणना
- जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने जारी की अधिसूचना सूचना तैयारियों में जुटे अफसर

**अमृत विचारः** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पंचायत उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में रिक्त हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत के सदस्य पदों के लिए छह अगस्त को उप चुनाव होगा। अधिसूचना जारी होने के बाद जिले के अफसर तैयारी में जुट गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत संजय कुमार सिंह की ओर से उपचुनाव की अधिसूचना जारी की गई है। जिसके मुताबिक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 जुलाई से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो जाएगी। इसके बाद छह अगस्त को मतदान और आठ अगस्त को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई को नामांकन पत्रों को जमा करने की अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। वहीं, 23 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच, 24 जुलाई को नाम वापसी और इसी दिन चुनाव चिन्ह आवंटन किए जाएंगे। इसके बाद छह अगस्त को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान और आठ अगस्त को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी।

उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के नामांकन पत्रों की बिक्री के अलावा नामांकन पत्र दाखिल, चुनाव चिन्हों का आवंटन और मतगणना से जुड़े सभी कार्य संबंधित विकासखंड मुख्यालय पर होगा।

### तीन ब्लाक की तीन ग्राम पंचायतों में रिक्त पद पर होगा उपचुनाव

पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत शेरपुर कलां, बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत घुंघचईया और बीसलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत पहाड़गंज में प्रधान पद के लिए उप चुनाव होगा। इसके अलावा जनपद में रिक्त 58 ग्राम पंचायत सदस्य के लिए चुनाव होगा।

### चार क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर भी उपचुनाव

जनपद के तीन ब्लाकों में चार रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए उपचुनाव होगा। इसमें पूरनपुर ब्लॉक में रिक्त दो क्षेत्र पंचायत सदस्य के पदों के लिए उप चुनाव होगा। इसके अलावा ब्लाक बरखेड़ा एवं ब्लॉक ललौरीखेड़ा में एक- एक क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए उपचुनाव होगा।

## बारिश से तबाह हुए 65 बाढ़ पीड़ित और चार पशुपालकों को मिली सहायता राशि

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** जिले में पिछले दिनों बारिया और बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। जिला प्रशासन के मुताबिक सर्वे के दौरान पता चला कि बीते दिनों आई बाढ़ से से 137 मकान क्षतिग्रस्त हुए। जिनमें से 65 मकान की रिपोर्ट आने पर मकान स्वामियों को 2.60 लाख रुपये मुआवजा दिया गया।

चार पशुओं की मृत्यु होने पर संबंधित पशुपालकों को भी सहायता राशि दी गई। इसके अतिरिक्त कुल सात लोगों की बाढ़ में जनहानि हुई। जिसमें से छह के परिवार को सहायता राशि खातों में डाल दी गई है।शेष बचे मकानों का सर्वे किया जा रहा है। एसडीएम महिपाल सिंह ने बताया कि बाढ़ के दौरान चार पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु हो गई थी। उनको भी रिपोर्ट के बाद सहायता राशि दे दी गई है।

कुल सात जनहानि में से छह के परिवार को चार-चार लाख रुपये सहायता राशि दी गई है। इसके अतिरिक्त 586 किसानों की बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का भी सर्वे कृषि विभाग के अधिकारियों और राजस्व विभाग की टीम लगाकर सर्वे किया जा चुका है। करीब 112 हेक्टर फसलों का सर्वे किया गया। शीघ्र ही फसलों की हुई क्षति का मुआवजा दिलाया जाएगा।


खेत में भरा पानी। ● अमृत विचार

### पति समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव पुरवा अनूप की संतोषी पुत्री राधेश्याम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी छह वर्ष पूर्व थाना माधोटांडा के गांव पिपरिया संतोष के शिवकुमार उर्फ सुरेश कुमार से हुई थी। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज को लेकर परेशान करते थे। आए दिन भूखा रखने के साथ ही मारपीट की जाती। बेसुध होने पर कमरे में बंद कर दिया जाता था। 25 मई की रात उसे पीटकर घर से निकाल दिया। परिवार परामर्श केंद्र में भी मामला गया लेकिन ससुरालिये नहीं माने। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले में पति शिवकुमार उर्फ सुरेश कुमार, ससुर दीपचंद, सास माया देवी, ननद सविता, चचिया सास संगीता, चचिया ससुर धर्मपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## तुलसी और अमरूद के पौधे बांटे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जनपद में चल रहे पौधरोपण अभियान के तहत विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद उर्फ जयद्रथ ने खमरिया पुल स्थित आश्रम में श्रद्धालुओं को तुलसी व अमरूद के पौधे बांटे। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और दूसरों को भी पौधे लगाने को प्रेरित करने की अपील की।

जनपद में पौधारोपण को लेकर पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने खमरिया पुल स्थित श्री परम अक्रिय धाम पर श्रद्धालुओं को तुलसी और अमरूद के 100-100 पौधे वितरित किए। इस दौरान उन्होंने आश्रम पर अमरूद के पौधे भी लगाए और मौजूद श्रद्धालुओं से अपने घरों और उसके आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने की आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ मनीष कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


श्री परम अक्रिय धाम पर श्रद्धालुओं को पौधे देते बरखेड़ा विधायक व डीएफओ।

## वेंडर्स को छाते, दो बच्चियों को मिली साइकिल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत का सातवां पद स्थापना दिवस मंगलवार देर शाम आयोजित किया गया। नई प्रेसिडेंट चारू धवन ने कार्यकाल के लिए परिकल्पित परियोजनाओं और उद्देश्यों की जानकारी दी। आगामी वर्ष में सेवा और समर्पण को मुख्य उद्देश्य मानते हुए क्लब की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नीरव निमेष, चीफ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन विनय कृष्णा, चीफ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन डॉ.एसपीएस सन्धू, मार्गदर्शक देवेश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष मोनिका बंसल रहे। क्लब के अन्तर्गत चल रही परियोजना के तहत 10 छाते वेंडर्स को, दो व्हीलचेयर दिव्यांगों और दो छात्राओं को साइकिल, एक आयरन प्रेस बांटी। इसके अलावा छह बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों को क्लब के माध्यम से सम्मानित किया गया। बताया कि सर्वाइकल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। जनसेवा के लिए सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के सहयोग से कैंप आयोजित किए जाएंगे। जरूरतमन्द बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। इस मौके पर सचिव मुनीता अग्रवाल, अदिति जायसवाल , स्वाति अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, पूनम चन्द्रा, सुमन गुप्ता, प्रिया जगोता, नेहा भसीन, अल्पना छाबड़ा, अन्जू सिंह, भावना अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



छात्राओं को साइकिल वितरित करते क्लब पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- रोटरी मातृशक्ति क्लब जल्द लगाएगा स्वास्थ्य शिविर

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, कैशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टी.वी. मैंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलाजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



प्रवेश प्रारंभ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

# मेडिकल कॉलेज में ओपीडी ठप... कुछ तीमारदारों ने की बदसलूकी, डॉक्टरों ने सारे मरीजों को दे डाली सजा

## दिनभर भटकते रहे मरीज लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे डॉक्टरों ने नहीं किया इलाज



डॉक्टरों की समस्याओं से सीएमओ को अवगत कराती प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों और मरीज के तीमारदारों में हुई मारपीट का मामला बुधवार को तूल पकड़ गया। घटना को लेकर चिकित्सक ओपीडी ठप कर हड़ताल पर चले गए। इस दौरान ओपीडी में आने वाले मरीजों को इलाज नहीं मिल सका। इसकी भनक लगाते ही प्राचार्य, सीएमओ, सीएमएस समेत अन्य प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंच गए। कई घंटों तक अफसरों की सीनियर और जूनियर रेजीडेंट के बीच वार्ता चलती रही। इस दौरान डॉक्टरों ने ओपीडी में सुरक्षा की मांग की। साफ कहा कि अन्यथा वह काम करने में असमर्थ होंगे। इसे लेकर मंथन चलता रहा। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग चलती रही। हालांकि अफसर ओपीडी प्रभावित होने से इन्कार करते रहे।

बता दें मंगलवार रात न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर के विवेक और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के बीच विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। डॉक्टरों का आरोप था कि विवेक मेडिकल कॉलेज के जनरल वार्ड में भर्ती थे।

- बुधवार को घटनाक्रम के चलते खाली रहे डाक्टरों के चैंबर अफसर बोले- ओपीडी नहीं हुई प्रभावित

> मेडिकल कॉलेज में मंगलवार रात डॉक्टर और मरीज के तीमारदारों के बीच विवाद हो गया था। इसको लेकर डॉक्टरों में आक्रोश था। वार्ता करने के बाद उन्हें शांत करा दिया गया है। ओपीडी चालू करा दी गई थी। सुरक्षा को लेकर उच्चधिकारियों से वार्ता की जाएगी।
> – डॉ. आलोक कुमार, सीएमओ

इस दौरान इमरजेंसी ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सक दीप्ति राउंड पर पहुंचे तो मरीज के परिजनों ने उनके साथ अभद्रता की। इसकी जानकारी उन्होंने अपने साथी डॉक्टर सतीश को दी। जब सतीश मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की और मोबाइल तोड़ दिया। जबकि दूसरे पक्ष ने दवा मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगाया। घटना को लेकर डॉक्टरों में आक्रोश रहा। बुधवार को ओपीडी ठप कर दी। अचानक हुई हड़ताल से मरीज परेशान दिखे। सुबह नौ बजे से मेडिकल कॉलेज में मरीज और उनके तीमारदार आना शुरु हो गए। मगर डॉक्टरों के चैंबर खाली थे। डॉक्टर एकजुट होकर कैंपस के बाहर खड़े होकर मारपीट का विरोध करते दिखे। हड़ताल की जानकारी मिलते ही प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, कार्यावाहक सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर, डॉ. संजीव सक्सेना मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने सीनियर रेजीडेंट और जूनियर रेजीडेंट से वार्ता की। डॉक्टरों का कहना था कि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर सुरक्षित नहीं है। हर कोई आकर अभद्रता और मारपीट कर चला जाता है, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। पुलिस के नाम पर सिर्फ पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसलिए ओपीडी में कम से कम होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाए। चौकी पर 24 घंटे सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे। करीब तीन घंटे चली वार्ता के बाद ओपीडी को चालू करने के लिए डॉक्टरों ने हामी भरी। मगर जब तक मरीज भटकते रहे। इस दौरान वहां आने वाले किसी भी मरीज को इलाज नहीं मिल सका। दियोरिया कला से आए सत्यप्रकाश कान में दर्द की समस्या को लेकर आए थे। मगर डॉक्टर नहीं मिलने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। ऐसे में मरीजों को निजी अस्तपाल की ओर रुख करना पड़ा।



बुधवार को हड़ताल के बाद ओपीडी हाल में बैठे मरीज। ● अमृत विचार



हड़ताल के बाद खाली पड़े डॉक्टरों के चैंबर।





डाक्टर की हड़ताल के चलते बंद पड़ा दवा वितरण का काउंटर।



बेटी के कान और पेट में दर्द हो रहा था। इसलिए सुबह 10 बजे दिखाने के लिए आए थे। मगर डॉक्टर मौजूद थे। लेकिन देखने से इनकार कर दिया। हड़ताल के चलते वापस आना पड़ा। – **ममता**, मरीज



पेट दर्द का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। बुधवार को दोबारा दिखाने के लिए आए थे। मगर डॉक्टरों ने दिखने से मना कर दिया। जिस वजह से बिना दिखाए ही वापस घर आना पड़ा। –**खूबचंद**, मरीज



मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर को दिखाने के लिए सुबह 10 बजे आ गए थे। मगर डॉक्टर गायब थे। जानकारी करने पर पता चला तो हड़ताल की जानकारी हुई है। ऐसे में गैस की समस्या के लिए निजी डॉक्टर का सहारा लेना पड़ा। – **इंद्रवती**, मरीज



कान में दर्द की समस्या कई दिनों से चल रही है। ओपीडी में दिखाने के लिए आए थे। मगर हड़ताल के चलते कई घंटे इंतजार किया। मगर सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में आना जाना व्यर्थ चला गया। –**सत्यप्रकाश**, मरीज

## एक नजर

### जिला न्यायालय के स्टेनो का निधन

**पीलीभीत :** जिला न्यायालय के स्टेनो ताहिर का बुधवार सुबह निधन हो गया। मंगलवार की शाम तक उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में पूरे समय न्याय कार्य किया। उनके निधन की सूचना पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने शोक जताया। जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पाल गंगवार, वरिष्ठ अधिवक्ता वीर अनमोल कुमार सक्सेना, न्यायिक कर्मचारी राकेश कुमार सक्सेना, मोहम्मद कदीर आदि ने आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

### तीन हत्यारोपी भेजे जेल

**पीलीभीत :** छेड़छाड़ के आरोपी को खंभे से बांध पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में महिला समेत उसके परिवार के छह लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना 10 जुलाई की रात हुई थी। इस मामले में तीन आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी है। बकाया तीन अभियुक्तों को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# यहां बेकाबू हैं पंचायत सचिव, डीपीआरओ की भी नहीं सुनते

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सचिवालय में न बैठकर पंचायत सचिव निजी कर्मचारियों को रख निपटा रहे सरकार काम
- शिकायतें मिलने पर डीपीआरओ ने तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए रोस्टर बनाने के दिए निर्देश
- जारी चेतावनी पत्र में प्राइवेट कर्मियों से काम कराते पाए जाने पर दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचारः** शासन और प्रशासन की तमाम सख्ती के बावजूद जहां पंचायत सचिव ग्राम सचिवालय में न बैठकर मनपसंद जगह पर बैठकर काम निपटा रहे हैं। वहीं, डीपीआरओ की ओर से चेतावनी दिए जाने के बाद भी तमाम सचिव उनके काबू से बाहर है। कई सचिवों का अनाधिकृत रूप से निजी व्यक्ति देख रहे हैं। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है तो वहीं जन सामान्य को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह की शिकायतें जिला मुख्यालय तक पहुंचने पर जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) ने सभी पंचायत सचिवों को अपने क्षेत्र में भ्रमण का रोस्टर बनाकर एडीओ पंचायत के माध्यम से कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देश पर जनपद की ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय बनाए गए हैं। यहां पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों को बैठने के निर्देश हैं ताकि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय न आने पड़े और गांव में ही उनकी प्रमाण आदि से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो जाए। बावजूद पंचायत सचिव ग्राम सचिवालय में नहीं पहुंच रहे है। सूत्र बताते हैं कि पंचायत सचिव ग्राम सचिवालयों की जगह अपनी मनपसंद जगह पर बैठकर कामों को निपटाते हैं। इसके साथ ही अपने साथ रखे प्राइवेट कर्मियों से वसूली कर ग्रामीणें से ठगी करते हैं। ऐसे में ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ रहा है।

डीपीआरओ सतीश कुमार ने सभी सचिवों को ग्राम सचिवालय में मौजूद रहने के साथ ही जारी पत्र में कहा है बार-बार निर्देश देने के बावजूद सचिव ग्राम सचिवालय में नहीं पहुंच रहे हैं, जो उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। सभी पंचायत सदस्यों को भी क्षेत्र की ग्राम पंचायत के भ्रमण और उपस्थित रहने का रोस्टर तीन दिन में तैयार कर एडीओ पंचायत के माध्यम से कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी यदि किसी सचिव के क्षेत्र में कोई प्राइवेट सचिव के कार्य करता पाया गया तो संबंधित सचिव के साथ-साथ प्राइवेट कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम सुरक्षा कमेटियों को करें सक्रिय

जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने सभी सचिवों को ग्राम पंचायतों में गठित ग्राम सुरक्षा कमेटियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायत में ग्राम सुरक्षा कमेटी का गठन नहीं किया गया है, उनमें तत्काल ग्राम समिति सुरक्षा कमेटियों का गठन करते हुए सक्रिय करते हुए बरसात के बाद कामों में किसी भी प्रकार के संक्रमण को रोकने के लिए गांव की गलियों और नालियों में दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सचिन को छठा स्थान



**पीलीभीत।** वल्लभनगर कॉलोनी स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल के कक्षा सात के छात्र सचिन कुमार ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड जोन में छठा स्थान प्राप्त किया है। जिससे विद्यालय के साथ ही जनपद का भी मान बढ़ा है। प्रधानाचार्या रोजी दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सचिन ने विद्यालय स्तर पर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके आधार पर उसका चयन जोन स्तर के प्रतियोगिता में हुआ। जोकि बरेली में आयोजित हुई थी। इंटरनेशनल ओलिंपियाड समिति के परिणाम के अनुसार सचिन कुमार ने जोन स्तर पर छठा स्थान प्राप्त करके गौरव बढ़ाया है। सचिन को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। बता दें कि सचिन आईएएस ऑफिसर बनना चाहता है। प्रबंधक सनी दीक्षित ने सचिन की सफलता को विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।






**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन ठतमेंज ब्वदेमतअंजपवद एवं मदजपदमस छवकम तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**पीडियाट्रिक सर्जरी -** बच्चों के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा जैसे हर्निया, हाइड्रोसिल, अंडकोष का सही स्थान पर न होना, अपेंडिक्स, शरीर व पेट में गांठें, जीव का तालु से चिपका होना, गर्दन के सुराग से पानी आना, गर्दन में कोई सूजन/गांठ, नाभी से खून आना, पानी आना, मल आना, नाभी का फूल जाना व गांठ होना, पेट की समस्या, लम्बे समय से पेट में दर्द या अचानक दर्द, जन्मजात मलद्वार का नहीं होना, मलद्वार सामान्य जगह पर नहीं होना या छोटा होना, मल में खून आना, मलद्वार में खून आना, मलद्वार की गांठ, मलद्वार बाहर निकलना, बच्चों की स्तन की गांठ, लड़कों के स्तन का असामान्य बड़ा होना, लिंग का तिरछापन, लिंग की खाल न खुलना, पेशाब के छेद का सामान्य स्थान पर ना होना, गुर्दे में पानी भर जाना, सिर में पानी भर जाना, रीढ़ की हड्डी पर गांठ।

**यूरोलॉजी विभाग -** गुर्दे व गुर्दे की नली में पथरी, पेशाब की थैली में पथरी, पेशाब रुक-रुक कर आना, पेशाब का बार-बार आना, पेशाब में खून व पस आना, पेशाब दूधिया आना, पेशाब की नली में रुकावट होना, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, म्तमबजपसम कपेनिबजपवद (लिंग का ढीलापन) आदि का समुचित उपचार।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

♦ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ♦ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ♦ डायलेसिस की सुविधा ♦ डिजीटल एक्सरे ♦ Mammography ♦ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ♦ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ♦ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ♦ अल्ट्रासाउण्ड ♦ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ♦ दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**


# अफसरों ने नहीं उठाया फोन, बिजली कटौती से नाराज लोगों ने भाजपा नेताओं के साथ लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बोले- दिनभर लगाते रहे फोन पर नहीं रिसीव हुई एक बार भी कॉल
- मौके पर पहुंचे पॉवर कारपोरेश के एक्सईएन को झेलना पड़ा विरोध

**अमृत विचारः** मोहर्रम पर पावर कार्पोरेशन के बदतर इंतजाम के बाद आक्रोश भड़क गया। दिनभर बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने भाजपा नेताओं के साथ ड्रमंडगंज गेट के पास जाम लगाकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि दिनभर सीयूजी नंबर पर कॉल जाती रही लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने रिसीव नहीं की। लोग भीषण गर्मी में परेशान होते रहे। भाजपा नगराध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, राज्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, भाजपा नेता मनोज मिश्र, अंबरीश शर्मा, संजू मिश्रा, दिनेश पटेल समेत कई लोगों के धरने पर बैठने का पता चलने पर अधिशासी अभियंता पहुंचे। इस दौरान उनको आक्रोशित लोगों का विरोध झेलना पड़ा। पुलिसकर्मी दूर खड़े बेबस से दिखाई दिए।



धरना दे रहे भाजपा नेता और प्रदर्शन कारियों से वार्ता करते एक्सईएन पंकज भारती।

बता दें कि मोहर्रम पर ताजिये के जुलूस को लेकर बिजली सप्लाई बंद की गई थी। पावर कारपोरेशन की ओर से इसे लेकर समय भी निर्धारित कर दिया था। शाम छह बजे के बाद भी बिजली नहीं आई। रात नौ बजे के बाद तक लोग इंतजार करके विभागीय अफसर कर्मचारियों के फोन लगाते रहे मगर सीयूजी नंबर रिसीव नहीं हुए। फिर लोगों का आक्रोश निकला और भाजपा नेताओं के साथ धरने पर बैठ गए और जाम लगा दिया। फिर कुछ देर बाद बिजली आई और वोल्टेज की दिक्कत रही। पुलिस ने पहुंचकर शांत कराना चाहा, लेकिन अधिशासी अभियंता को बुलाने की मांग रख दी। कुछ देर बाद अधिशासी अभियंता पहुंचे उन्हें देखते ही नारेबाजी और तेज हो गई। आरोप था कि बरेली गेट उपकेंद्र पर कोई कर्मचारी भी नहीं था। धरने पर बैठे लोग समस्या दिखाते रहे और अफसर सुधार के आश्वाशन देते रहे। इसे लेकर हंगामा मचा रहा।

अधिशासी अभियंता के आने के बाद पुलिस भी दूर खड़ी हो गई। जाम को आश्वासन पर खुलवा दिया गया। फिलहाल भाजपा नेताओं के धरना प्रदर्शन को लेकर मामला चर्चा का विषय बना रहा। कुछ लोग इसे राजनीति से भी जोड़कर देखते रहे और प्रदर्शन में शामिल लोगों में भी चर्चा रही।

### जमीन के विवाद में पिता-पुत्र को पीटा, रिपोर्ट

**घुंघचिहाई।** जमीनी विवाद को लेकर ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। बचाने आए पिता को भी पीटा। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। ग्राम जमुनिया जगतपुर के गुरदीप सिंह पुत्र चरनाम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जमीन के विवाद को लेकर उसके सगे भाई सरजीत सिंह, सुखराज सिंह, सतनाम सिंह, गुरविंदर सिंह ने 14 जुलाई की दोपहर साढ़े तीन बजे उसके घर में घुसकर गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पिता और भाई ने हड़प ली रकम, मारपीट

**बरखेड़ा :** गांव खकूमा के पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि तीन माह पूर्व दूसरे प्रदेश में काम करके जब वह वापस आया तो उसने एक लाख चालीस हजार रुपये पिता व भाई के खाते में डाल दिए थे। इन लोगों ने उस समय कहा था कि रुपये लेकर आना ठीक नहीं है। खाते में डाली गई रकम मांगने पर पिता व भाई टालमटोल कर रहे हैं। मंगलवार रात रकम मांगने पर भाई और पिता देने लगे। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इनरव्हील क्लब की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**पूरनपुर, अमृत विचार:** इनरव्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार शाम को संपन्न हुआ। जिसमें निर्वतमान अध्यक्ष सीमा गुप्ता ने चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता, सचिव प्रीति अग्रवाल, बेस्ट सेकेट्री मिताली गुप्ता और अंजु मिश्रा को आउटस्टैंडिंग का अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके बाद नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराया।

नवनियुक्त अध्यक्ष पूनम गुप्ता को निर्वतमान अध्यक्ष सीमा गुप्ता ने कलर पिन पहनाया। चार्टर अध्यक्ष और क्लब लिट्रेसी कमेटी चेयर सलोनी गुप्ता ने नई अध्यक्ष पूनम को चार्टर देकर शुभकामनाएं दी।अध्यक्ष पूनम गुप्ता, सचिव रिंकी गुप्ता, कोषाध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने शपथ ली। पूर्व अध्यक्ष मोनिका होडा ने उपहार देकर नए अध्यक्ष का उत्साह बढ़ाया। आठ जरूरतमंद महिलाओं को प्रेस दी । इस मौके पर संपादिका रुचि खन्ना, पवन गुप्ता, मिताली गुप्ता, राजविंदर कौर, पूनम कपूर, सुजाता जायसवाल, मीनाक्षी खन्ना, निधि वर्मा, कीर्ति मल्होत्रा, शशि खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।



महिला संगठन की नई कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

पीलीभीत की शेष खबर पेज 10 पर..

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गोपिन्दर सिंह व पुत्रवधु अनीता देवी को उनके गलत आचरण एवं व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **महेशपाल पुत्र श्री तिलक सिंह निवासी ग्राम केसरपुर थाना व तहसील फरीदपुर जिला बरेली। मो 8755827410**

**गौतम बुद्ध महाविद्यालय**
फिरोजपुर बल्लिया, बरेली। (243402)
**आवश्यकता है प्राचार्य पद की**
योग्यता पीएचडी शिक्षण में 10 वर्ष का अनुभव
नोटः विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर सभी प्रमाण पत्रों की हार्डकॉपी के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक-9634543118, 8937841211
gautambuddhmahavidyalaya@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।


## संपादकीय

# मंडराते संकट

पृथ्वी पर मंडराते संकटों जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व कचरा के गहराने की गति तेज हो रही है। प्राकृतिक जगत का मानव गतिविधियों के कारण क्षरण हो रहा है, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) जैसी टेक्नोलॉजी को त्वरित ढंग से इस्तेमाल में लाया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ रही है, विषमताएं चौड़ी होती जा रही हैं और संस्थाओं से भरोसा कम हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) की ओर से जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ये चुनौतियां, एक ऐसे बहुसंकट का निर्माण कर रही हैं जो वैश्विक संकटों को और गहन बना रहा है, जिसके मानवता और पृथ्वी के लिए विशाल दुष्परिणाम हो सकते हैं। भारत उन नौ देशों में से एक है जहां पिछले दो वर्षों में अत्यधिक तापमान और जलवायु संबंधी आपदाओं की प्रवृत्ति ने बड़े पैमाने पर, लंबे समय तक और बार-बार होने वाले विस्थापन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अन्य देशों में पाकिस्तान, फिलीपींस, सोमालिया, चीन, बांग्लादेश, ब्राज़ील, कोलंबिया और केन्या शामिल हैं। संघर्षों और हिंसा के अलावा, जलवायु परिवर्तन लोगों के जबरन विस्थापन का सबसे प्रमुख कारण रहा है, जिनके घर जलवायु-जनित चरम स्थितियों जैसे कि जंगल की आग, बाढ़, खराब वायु गुणवत्ता, असहनीय गर्मी और/या लंबे समय तक संघर्ष के परिणामस्वरूप मानव निवास के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर 69 लोगों में से एक या दुनिया की 1.5 प्रतिशत आबादी अब जबरन विस्थापित है, जो एक दशक पहले विस्थापित हुए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है।

यूएनईपी एक अग्रणी वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है, जो वैश्विक पर्यावरण एजेंडा निर्धारित करता है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है तथा वैश्विक पर्यावरण के लिए एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करता है। इसका मिशन, भविष्य की पीढ़ियों के जीवन स्तर से समझौता किए बिना, राष्ट्रों और लोगों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित, सूचित और सक्षम बनाकर पर्यावरण की देखभाल में नेतृत्व प्रदान करना और साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। बदलाव के संकेतकों की निगरानी और अग्रदृष्टि तौर-तरीकों के इस्तेमाल के जरिये, दुनिया अतीत की गलतियों को दोहराने से बच सकती है। साथ ही, ऐसे समाधानों पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है, जिनसे भावी व्यवधानों का पुख्ता ढंग से सामना किया जा सके। बेहतर समाधानों व उपकरणों को साथ लेकर चलना, भावी व्यवधानों को समझने और उनसे निपटने की तैयारी करने का सर्वोत्तम तरीक़ा है। ऐसे में एक रणनीतिक दूरदर्शी ढांचा स्थापित करने और भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# तब शाहबानो अब समद


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है।

बेशक मुद्दा वही है, लेकिन हालात बदले हुए हैं। 1985 में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का हकदार माने जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सड़कों से सदन तक जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी। तब बोर्ड सरकार को झुकाने में कामयाब हो गया था।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट के अब्दुल समद मामले के हाल के फैसले ने बोर्ड और मुस्लिम संगठनों को फिर उत्तेजित कर दिया है, लेकिन फैसले से असंतुष्ट होने के बाद भी बोर्ड सधे कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है और कानूनी रास्तों पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने इसे शरिया कानून से टकराव बताए जाने के साथ ही संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का विरोधी बताया, लेकिन मसले को अपने संगठन की कानूनी समिति को सौंपने का फैसला किया। समिति कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक विकल्प सुझाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा लाई जा रही समान नागरिक संहिता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला हुआ। असलियत में मुस्लिम लॉ पर्सनल बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ते के सवाल पर लगभग चार दशक पुराने शाहबानो मामले में लिए स्टैंड पर कायम है, लेकिन फिलहाल उस और इस बार की लड़ाई की तैयारी में बड़ा फर्क नजर आ रहा है। क्यों? तब कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार थी। अब नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार का सामना है।

23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था। इस लड़ाई में राजीव सरकार बैकफुट पर आ गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। 1986 में मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया। लगभग चार दशक के अंतराल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ऐसे ही एक मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का हकदार माना है। इस अदालती फैसले पर मुस्लिम संगठनों की खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। तय है कि उनकी गूंज अदालतों के बाहर भी सुनाई देगी। संसद में उनके हक में कौन से दल खड़े होंगे? जल्दी ही बजट सत्र में इसकी झलक दिख सकती है। मुद्दा भले एक हो, लेकिन शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारे भत्ते का हकदार माना था तो उनके लिए कोई पृथक कानून वजूद में नहीं था। राजीव सरकार ने इस फैसले को मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 के जरिए निष्प्रभावी कर दिया था। अब्दुल समद (तेलांगना) के ताजा मामले में धारा 125 के तहत मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाए जाने का हकदार मानते समय सुप्रीम कोर्ट के सामने 1986 का वह भी कानून था, जिसे शाहबानो मामले को पलटने के लिए तत्कालीन सरकार ने बनाया था। बावजूद इसके कोर्ट ने इस कानून के कारण समद मामले को धारा 125 के दायरे से बाहर होने की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने फैसला दिया है कि अन्य कानून दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत किसी भी धर्म की तलाकशुदा महिला के अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकते।

> 23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था।

पहली नजर में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला एक तलाकशुदा जोड़े अब्दुल समद और उसकी पत्नी के बीच की कानूनी लड़ाई के निपटारे तक सीमित है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड या अन्य मुस्लिम संगठनों का नजरिया इसे लेकर जुदा है। वे इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सीधा हस्तक्षेप मानते हैं। वे इसके दूरगामी प्रभावों को लेकर फिक्रमंद हैं। स्वाभाविक है कि वे चाहेंगे कि यह पलटा जाए। ऐसे ही हालात शाहबानो मामले में पैदा हुए थे। तब मुस्लिम संगठनों ने इसकी लड़ाई अदालत की जगह सड़कों और सदन में लड़ी थी। राजीव गांधी सरकार को झुकाकर कामयाबी भी हासिल की थी। हालांकि इस लड़ाई में उनकी जीत ने देश के माहौल पर बुरा असर डाला था। बहुसंख्यकों के बीच विपरीत प्रतिक्रिया के डर से डैमेज कंट्रोल में राजीव सरकार ने अयोध्या में मंदिर का ताला खोला था। ये कोशिश भी कांग्रेस के काम नहीं आई थी। आने वाले दिनों में कांग्रेस ने इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकाई।

तब क्या हुआ था? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन महीने बाद मुस्लिम लीग के सदस्य जी.एम.बनातवाला ने लोकसभा में एक निजी बिल पेश कर मुस्लिमों को धारा 125 के दायरे से बाहर रखने की मांग की। राजीव गांधी की पहल पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इसका जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस्लामिक मामलों के अधिकारी विद्वान और आजादी की लड़ाई की अगली कतार के नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के औरतों से जुड़े अधिकारों से जुड़े विचारों के हवाले से बिल का कड़ा विरोध किया था। संसद में यह बिल गिर गया, लेकिन अदालती फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों सड़कों पर विरोध तीव्र होता गया। 1984 में राजीव गांधी ने लोकसभा की 403 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की थी, लेकिन 1985 के अंत तक उत्तर भारत में उपचुनावों में पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा था। इसे शाहबानो मामले का इफेक्ट माना गया। दबाव बढ़ने पर राजीव गांधी का रुख बदला और मुस्लिमों से जुड़े मामलों में उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को दरकिनार कर जेड.ए.अंसारी को तरजीह देनी शुरू कर दी।

आरिफ खान और अंसारी की पार्टी भले एक रही हो, लेकिन शाहबानो मामले में दोनों का स्टैंड दो किनारों पर था। अंसारी ने लोकसभा में अपने तीन घंटे के भाषण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिर्फ पूर्वाग्रह ग्रस्त, भेदभावपूर्ण और विरोधाभासी ही नहीं बताया था, बल्कि न्यायधीशों को इस्लामी कानूनों की व्याख्या के नजरिए से "बहुत छोटा इंसान" कहते हुए खारिज किया था। फरवरी 1986 में सरकार ने संसद में मुस्लिम महिला बिल पेश किया, जिसके द्वारा पूर्व पति को सिर्फ इद्दत अवधि (तीन महीने) के लिए गुजारा भत्ता देने का जिम्मेदार माना गया। इस बिल को पारित कराने के लिए कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया था। खिन्न आरिफ मोहम्मद खान ने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मुस्लिम पर्सनल बोर्ड एक बार फिर शाहबानो मामले जैसी चुनौती से रूबरू है। हालांकि अब्दुल समद मामले में भी उसका स्टैंड पुराना है अर्थात् सुप्रीम अदालत के इस फैसले को भी वह मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल मानता है, लेकिन 1985 और 2024 के राजनीतिक हालात में बुनियादी फर्क है। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसे मुस्लिम वोटरों के समर्थन की हमेशा फिक्र थी। 2024 में नरेंद्र मोदी मुस्लिम वोटरों के प्रायः एक मुश्त विरोध के बीच तीसरी बार सत्ता में हैं। उनकी सरकार तीन तलाक को रद्द कर चुकी है। पिछले कार्यकाल में वे तेजी से समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे थे। यद्यपि इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने और सहयोगियों के सहारे होने के कारण मुमकिन है कि ऐसे सवालों पर वे उतनी तेजी न दिखाएं, लेकिन अपनी विचारधारा के अनुकूल किसी अदालती फैसले के खिलाफ उनके जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी पर्सनल बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन चाहेंगे कि संसद में यह मुद्दा जोरशोर से उठे।

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है। क्या पार्टी इस मसले पर सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ राजीव गांधी के दौर के रुख की जुगलबंदी करना चाहेगी? उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में राजद तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त समर्थन मिलता रहा है। दिलचस्प है कि ये दल अब अपने प्रभाव क्षेत्र में मुस्लिम मतों के साथ ही हिंदू मतों को लेकर भी सजग और संवेदनशील हो चुके हैं। आगे वे क्या स्टैंड लेते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। बेशक फैसला अदालत का है, लेकिन उसका असर देश की राजनीति पर दिखना तय है।

## प्रसंगवश

# सच्चा रास्ता मत छोड़ना

वह दिन, जब सुनसान रेगिस्तान में, तपती रेत में, दुनिया के बहुत बड़े लावलश्कर के जुल्मी ने सोचा था। एक शख्स और उनके अपनों का खून को यहां बहाकर किस्सा खत्म कर देंगे। वह लहू, आम लहू नहीं था, जुल्म के खिलाफ एक दास्तान था। यह सच है कि उस रोज वह खून बह गया। तपती रेत ने उसे अपनी नसों में पैबस्त कर लिया और फिर रेत तो रेत थी। जहां-जहां पहुंच सकती थी, उस मैदान की दास्तान की वह जुल्म भरी दास्तान खोलती चली गई और सारे आलम ने जान लिया कि एक थी 'कर्बला'।


हफीज किदवई
लेखक

कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे, मौला हजरत अली की औलाद और हर जमाने की ईमाम हजरत हुसैन का लहू मुबारक उस कर्बला की रेत में जज्ब हो गया। धीरे-धीरे वह हर उस दिल में अपनी दस्तक देने लगा, जो जुल्म के खिलाफ था। यह वह लहू था, जिसने कर्बला की जमीन को चूमा और हर उस तरफ बिखर गया, जिधर-जिधर हजरत हुसैन का रास्ता था। यह लहू जमाने की ऐसी तारीख बनकर जिंदा हुआ कि हर दौर उससे रोशनी पाने लगा। कर्बला ने जो अपनी आंखों से देखा, वह इस माटी के बर हिस्से में वैसे ही दर्ज हो गया। जैसे वह उसके सामने हुआ हो। कर्बला ने वह राज जमाने को दे दिया। शहादत के मर्तबे को बुलंद कर दिया और जमाने को बता दिया, जुल्म के खिलाफ जो मौत मिलती है, वह किसी भी जिंदगी से बहुत बेहतर है। दसवीं मोहर्रम है। गम है। तकलीफ है। दर्द है। तड़प है मगर मायूसी नहीं है।

कर्बला ने हमें बताया कि झुकना नहीं और उसकी जात से मायूस मत होना। सर भले तन से उतर जाए, सही और सच्चा रास्ता मत छोड़ना। जुल्मी कितना ही ताकतवर, सितमगर हो, झुकना नहीं। कर्बला के किस्से आज भी जिंदा हैं। कर्बला हमारा सबक है। हमारा रास्ता है। हमारा इम्तेहान है। हमारा गुरूर है, क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे जानदार नजीर दर्ज है। मोहर्रम और कर्बला हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ मजबूत करे और कमजोर के साथ खड़े होने की ताकत, हिम्मत दे...

# जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

स्वतंत्रता से पूर्व कराची में कांग्रेस के अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत में कार्यरत निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना पहली प्राथमिकता होगी, जिसके पीछे भारतीय राजनीतिज्ञों की सोच थी कि भारत की जनता जो थोड़ी बहुत पूंजी धीरे-धीरे जोड़ती है उसका उपयोग देश के विकास में हो सके और गरीब जनता को प्राइवेट बैंकों/साहूकारों के चंगुल से बचाया जा सके।

बैंकों की सुविधा दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच सके और यह कार्य केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ही संभव था। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी ने सामाजिक विकास का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें राष्ट्रीय बैंकों की परिकल्पना की गई, किंतु बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने की औपचारिक घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। राष्ट्रीयकरण घोषित होते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में दो फाड़ हो गए। राष्ट्रपति के अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। तत्कालीन भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक सहित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स और अन्य राजनीतिज्ञों ने सर्वोच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दिया कि इस अध्यादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इसके विपरीत ए.के. गोपालन (सांसद) और सुशीला गोपालन बुंबई ट्रेड यूनियन लीडर ने 22 जुलाई 69 को अध्यादेश के समर्थन में पिटीशन दायर की। अध्यादेश के विरोध में रिट पिटीशन आने से संपूर्ण देश के कर्मचारी उद्वेलित और आंदोलित हो गए।

इन 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पूर्व इनके संचालन निजी पूंजीपतियों के घरानों के हाथ में था। यहां सेंट्रल बैंक-टाटा घराने, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक-बिड़ला घराने, पंजाब नेशनल बैंक-डालमिया एवं जैन घराने एवं कुछ गुजराती बड़े घराने देना बैंक का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर मतभेद होते हुए भी तमाम वर्किंग क्लास ने कांग्रेस के इस कदम को विशेषकर इंदिरा जी के इस कदम को सराहा। यही नहीं इसके फलस्वरूप अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता भी हासिल हुई और श्रीमती इंदिरा गांधी पूर्ण बहुमत हासिल कर पुनः सत्तासीन हुई। तत्पश्चात 15 अप्रैल 1980 को 6 और बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

1969 से 1985 का दौर सामाजिक बैंकिंग का स्वर्ण युग रहा। इस काल में हर वर्ग के छोटे से छोटे तबके तक बैंकिंग पहुंची। इस दौर में कृषि, ग्रामीण उद्योग, बेरोजगारी दूर करने के लिए महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुविधाएं प्रदान करने को बैंक आगे आए, यही वह दौर था जब देश में जीडीपी वास्तव में 8 प्रतिशत के समीप रही और हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति संभव हो सकी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा। 1988 की बाढ़ में देश की अर्थव्यवस्था चौपट रही। 1991 की कांग्रेस सरकार की मनमोहनी नई आर्थिक नीतियों ने इसे काफी चोट पहुंचाई और अब यह सरकार पूरी तरह देशी और विदेशी पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है। विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंकों ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। अगर वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंको को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है। विगत वर्षों में कुछ बैंकों के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है तो इस बार 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की मांग है कि जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमा राशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। ये देश के हित में आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती हैं और हो सकता है इस संबंध में बजट सत्र में कोई प्रयास सरकार की तरफ से हो, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंको में सरकार की अंश धारिता को 51 प्रतिशत से कम किए जाने का प्रयास किया जाए। बैंकों के निजीकरण को विफल करने के लिए एकजुटता अभियान को तीव्र करना होगा।

## सोशल फोरम

# धर्म और ईश्वर

आज से करीब दस बारह हजार साल पहले घुमंतु मानव समाज पालतू होने लगा। गेहूं संग्रह ने उसे विशेष रूप से पालतू बनाया। वह एक जगह रहने लगा, उसने समाजोपयोगी नियम, मर्यादाएं, पाबंदियां विकसित की और उपयोगिता के आधार पर उनकी स्वीकृतियां ही तो तो सनातन है।


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

वस्तुतः एक जीवनशैली विकसित हुई, जो समाज द्वारा स्वतः चुना गया अनुशासन था। यही उनका धर्म था। धर्म क्या है? धर्म का शाब्दिक अर्थ होता है, 'धारण करने योग्य', अर्थात् जिसे सबको धारण करना चाहिए। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म से हमारी चेतना का शुद्धिकरण होता है। अपने-अपने कर्तव्य का निःस्वार्थ भाव से पालन करना 'स्वधर्म' और साथ ही मानवता को मनुष्य का सच्चा धर्म कहा जा सकता है। ईसा ने जैसे ईसाइयत को और हजरत मुहम्मद ने जैसे इस्लाम को जन्म दिया, हिंदू धर्म की रचना उस तरह किसी पुरुष द्वारा नहीं की गई। हिंदू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय है। जिस प्रकार भारतीय समाज की रचना उन अनेक जातियों से हुई, जो समय-समय पर इस देश में आती रहीं, उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से आगे बढ़ता रहा। जब 1800 ईपू. के आसपास आर्य यहां आए, उसके पहले ही सिंधु घाटी जैसी विकसित सभ्यता यहां हो चुकी थी। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक ऐतिहासिक सत्य है। महाभारत और पुराणों के अध्ययन से आर्यों और नागों के क्रांतिकर संघर्ष का पता चलता है। आगे चलकर इन नागों की अनेक रीति-नीतियां आर्य-विश्वास का अंग बन गईं। सिंदूर नाग-चूर्ण है। आर्य स्त्रियों ने इसे नागजाति की आचार पद्धति से ग्रहण किया था, परंतु आज वह हिंदू-विवाह का अविच्छेद्य अंग हो गया है। भारत की अन्य जातियों ने आर्यों की जाति प्रथा को स्वीकार कर लिया, यह हमारे देश में संस्कृति-समन्वय की ओर पहला कदम था। इससे इतना हुआ कि आर्य, द्रविड़, औष्ट्रिक और नीग्रो तथा सभी मंगोल खानदानों के लोग एक समाज के सदस्य हो गए, जिसका नाम आगे चलकर हिंदू समाज पड़ा। **-फेसबुक वॉल से**

# डिजिटल अरेस्ट

डिजिटल अरेस्ट न तो कोई लीगल टर्म है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। दरअसल यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला वह तरीका है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन काल पर डरा धमकाकर उसे उसके घर-परिवार के लोगों से अलग कर एक बंद कमरे में रहने को विवश किया जाता है और किसी भी व्यक्ति से संपर्क न करने को कहा जाता है। इसके द्वारा पीड़ित व्यक्ति को किसी जांच अथवा किसी बड़े मामले में फंसा दिखा करके उससे लगातार वार्ता की जाती है और क्रमशः उसके बैंक अकाउंट, बचत आदि के डिटेल्स पूछकर उसका पैसा अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया जाता है।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यह एक प्रकार से ठगी व ब्लैकमेलिंग का घातक मिश्रण है। इस प्रकार की साइबर ठगी की अनेक विधाएं हैं, लेकिन पिछले दिनों जो प्रकाश में आया है, उनमें सबसे उल्लेखनीय विधा यह है कि ईडी/ सीबीआई ऑफिसर बनकर फोन पर कॉल करके यह कहा जाता है कि संबंधित व्यक्ति का नाम किसी मनी लांड्रिंग केस में आ गया है और सही जांच के लिए तथा पीड़ित व्यक्ति को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ तथ्यों का सत्यापन करना आवश्यक है। ईडी, सीबीआई और मनीलांड्रिंग का नाम सुनते ही माहौल के अनुसार संबंधित व्यक्ति को ऐसा लगता है, मानो उसे कोरोना डायग्नोज हो गया है। वह घबराहट में अपने बचने के लिए इन साइबर ठगों को अपना हितैषी समझकर उनके निर्देशों का पालन करता जाता है और उनके मायाजाल में फंसकर बैंक डिटेल्स आदि दे देता है और साइबर ठग संबंधित धनराशि को अपने सुविधाजनक खातों मे ट्रांसफर करते जाते हैं। पीड़ित व्यक्ति को किसी एकांत कमरे में पहुंचकर, कमरा बंदकर बात करने को कहा जाता है और यह भी कहा जाता है कि इस अवधि में वह किसी से संपर्क न करें, क्योंकि वह जिससे भी संपर्क करेगा उसका नाम भी मनी लॉन्ड्रिंग अथवा सीबीआई जांच में जुड़ जाएगा। लगभग 15 दिनों पूर्व चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में रहने वाली एक संभ्रांत महिला इन साइबर ठगों के कुचक्र का शिकार हुई और लगभग चौबीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रही। इस अवधि में ठगों ने उससे पूछताछ करके उसके विभिन्न खातों में मौजूद लगभग चौरासी लाख रुपए हड़प लिए। उस महिला ने बाद में न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि वह एक प्रकार से सम्मोहन का शिकार हो गई थी और उनके कहे के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करती रही। विगत दिनों लखनऊ के सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना को भी ठगों ने सीबीआई जांच का बहाना बनाकर अपने जाल मे फंसा लिया था। वे लगभग डेढ़-दो घंटे से बंद कमरे में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उनकी पुत्रवधू को संदेह हुआ और उन्होंने फ्राड काल लिखकर सक्सेना साहब को दिखाया और कमरा खुलवाकर फोन काल को डिस्कनेक्ट किया। यहां भी ठगों ने मनी लांड्रिग की जांच के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था। ठगों ने उनसे भी बैंक खाते का विवरण मांगा था। बातचीत में यह पता चलने पर कि सक्सेना जी कवि हैं, ठगों ने उन्हें मीर और फैज की गजल सुनाने को भी कहा था। अपनी पुत्रवधू के सामयिक हस्तक्षेप से वे सुरक्षित बच निकले।

सीबीआई व ईडी आदि एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी न होने के कारण लोग घबराहट में ऐसे शातिर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रुप से कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकार अचानक फोन काल करके न तो विवेचना करती है और न ही कोई जानकारी मांगती है। इस प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं है। मुझे यह निश्चित जानकारी नहीं है कि इन एजेंसियों ने पब्लिक के संपर्क हेतु कोई टोल फ्री नंबर जारी कर रखा है। अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या को देखते हुए इन एजेंसियों द्वारा टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराना व उसका व्यापक प्रचार-प्रसार जनहित में होगा। आवश्यकता पड़ने पर लोग उनसे जरूरी सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

# अर्जुन की ससुराल उपेक्षित क्यों

इस समय देश में धर्म-कर्म वालों की सरकार है। भगवानों और प्राचीन धर्म ग्रंथों को खूब मानते हैं और उनके सहारे वोट लेते हैं। ऐसा होते हुए भी महाभारत के नायक और श्रीकृष्ण के सखा अर्जुन की ससुराल मणिपुर की बड़ी अनदेखी हो रही है। उनकी पत्नी चित्रांगदा यहीं की थीं। तब इसको नागलोक कहते थे।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

तैंतीस लाख आबादी वाला पूर्वोत्तर का यह राज्य अरसे से उबल रहा है। यहां वर्ग संघर्ष जारी है। हत्याएं हो रही हैं और अल्पसंख्यक जनजातीय कुकी समुदाय की नारियां सड़कों पर नग्न करके घुमाई जा रही हैं। वहां भाजपा का शासन है और मुख्यमंत्री बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय के हैं। मैतेयी ही ज्यादतियां कर रहे हैं। हालांकि अब कुकीज भी सिर उठाने लगे हैं। केंद्र में तो भाजपा की सरकार लंबे है ही। राज्य सीमावर्ती है और इसकी सीमा म्यांमार से मिली है, जहां निर्वाचित सरकार की मुखिया सू ची सैनिक शासक द्वारा जेल में डाल दी गई हैं। सैन्य सत्ता चीन के प्रभाव में है। ऐसे में मणिपुर की समस्याओं की अनदेखी और वहां हिंसा और अभद्रता का तांडव सत्ता द्वारा तटस्थ भाव से देखते रहना घातक सिद्ध हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ जाए।

यह समझ से परे है कि इतनी लंबी अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए ही नहीं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी अभी कुछ दिन पहले मोदी को सलाह दी है कि वे मणिपुर जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान निकालें। हालांकि भागवत जी ने ऐसा कहने में काफी देर लगाई, फिर भी अब तो पीएम को इस बिंदु पर सचेष्ट हो ही जाना चाहिए। "का बरषा जब कृषी सुखाने। समय चूक पुनि का पछिताने"। मनोरम प्राकृतिक छटा वाले, संसाधनों से भरपूर इस राज्य की उपेक्षा कब तक होगी?

# दिल्ली के केदार

चल सयाणी, काफल दाणी ऐंसु केदारनाथ/बड़ा-बड़ा ढंगार तखी, अर मल्यों की डार तखी / चल कल्याणी, रतनु की खाणी ऐंसु केदारनाथ। दिल्ली में श्री केदारनाथ के मंदिर और विग्रह की स्थापना को मैं देव पलायन के रूप में देखता हूं।


राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार

दिल्ली सत्ता, शोषण, संपत्ति और शक्ति संचय का एक केंद्र है। जिस तरह टिहरी में लाखों लोगों को डूबाकर वहां से गंगा का पानी अपने लॉन सींचने, कार धोने और टॉयलेट में बहाने के लिए दिल्ली ले गए, उसी तरह श्री केदार को भी दिल्ली ले जाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सभी राजाओं का एक ठिकाना दिल्ली में बनाया जाता था। वह किसी दूतावास की तरह था। उसी तरह दिल्ली दरबार में केदार बाबा की हाज़िरी क्यों न हो। जिस तरह देवदार, बांज, सेब और अखरोट के वृक्ष वास्ते सिर्फ भूमि नहीं, जलवायु भी चाहिए, उसी तरह देव विग्रहों को भी एक निश्चित वातावरण की दरकार होती है। अंग्रेजों ने जबरन दिल्ली में चीड़ के पौधे रोप दिए, जो संसद और नार्थ साउथ ब्लॉक की बगल में आज भी खड़े हैं, लेकिन वे बंध्या पेड़ हैं। उन पर न कभी फल आते हैं और न परागण होता है। दिल्ली के केदार भी ऐसे ही निस्तेज होंगे।

आखिर श्रीमद आद्य शंकराचार्य भी दुर्गम जगह की बजाय किसी सुविधाजनक स्थल पर केदारनाथ धाम क्यों नहीं बसाए होंगे? क्योंकि वह दिल्ली में केदार बसाने वाले वर्तमान धर्म ध्वजियों की भांति अमर्यादित और दंभी नहीं थे। दिल्ली की गर्मी, उमस, धूल, धुआं, शोर और आपधापी में श्री केदारनाथ जी कैसे रहेंगे? क्या वह वहां आरओ का छना मृत पानी पिएंगे? जाहिर है कि वह वहां नहीं जाएंगे। सिर्फ एक पाषाण विग्रह और सीमेंट कंक्रीट का भद्दा ढांचा होगा।

## एक नजर

### रंजीत हत्याकांड का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**खुटार, अमृत विचार :** गांव तुलापुर निवासी रंजीत श्रीवास्तव की हत्या करने के नामजद आरोपी कामता प्रसादपुर उर्फ पप्पू डैनी को बुधवार को खीरी के थाना हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को ससुराल की तरफ से मिली जमीन को लेकर रंजीत श्रीवास्तव खुन्नस मान रहा था। जिस कारण आरोपी ने रंजीत की गोली मारकर हत्या कर दी। बता दें कि रंजीत की 15 जुलाई को लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव बगहा कोरैया में आरोपी कामता प्रसाद ने रंजीत की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सहकारिता मंत्री आज शाहजहांपुर में

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर गुरुवार को बी पैक्स जमुका में दोपहर 12 बजे आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत निर्मित 100 एम टी क्षमता के गोदाम का लोकार्पण करेंगे। जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने बताया कि गोदाम के लोकार्पण के बाद एक बजे बरेली मोड़ स्थित एक होटल में एक पेड़ मां के नाम नामक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सहकारिता मंत्री गोष्ठी में भी बतौर मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहेंगे।

### नवजात के कोहनी तक हाथ देख फफक पड़ी प्रसूता

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। अपरान्ह करीब तीन बजे महिला ने सामान्य प्रसव से बेटे को जन्म दिया। जन्म के बाद जैसे ही प्रसूता को वार्ड में शिफ्ट किया गया और उसकी नजर शिशु पर पड़ी तो प्रसूता फफक कर रो पड़ी क्योंकि नवजात के दोनों हाथ कोहनी तक हैं। पति व उसकी मां समेत वार्ड में मौजूद अन्य तीमारदार महिलाओं ने पीड़िता को ढांढस बंधाया। पति ने बताया कि यह उसकी दूसरी संतान है, जो दिव्यांग पैदा हुई है। तीन साल का बेटा अर्जुन पूर्ण स्वस्थ है।

### टूटी सड़क पर फिसली बाइक, युवक घायल

**निगोही, अमृत विचार :** थाना सिंधौली के गांव बिलंदापुर निवासी अनुज कुमार(38) बुधवार पूर्वान्ह 11 बजे निगोही किसी काम से आया था। शाहजहांपुर रोड पर पंप पर बाइक में तेल डलवाकर वापस गांव जा रहा था। शाहजहांपुर रोड पर हमजापुर चौराहे के पास बरसात के पानी में टूटी रोड पर बाइक फिसल गई। जिसमें वह घायल हो गया। उसे सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

# बिजली कटौती से खफा चेयरमैन ने दिया धरना, बिजली उपकेंद्र पर हंगामा

## कलान में मंगलवार रात एक घंटे में तीस बार ट्रिपिंग के बाद भड़का गुस्सा

संवाददाता, कलान/ शाहजहांपुर



बिजली कटौती और ट्रिपिंग के विरोध में उपभोक्ताओं के साथ विद्युत उपकेद्र पर धरना देते चेयरमैन हरिनारायण गुप्ता।

**अमृत विचारः** उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या से परेशान उपभोक्ताओं के साथ चेयरमैन भी मंगलवार रात में बिजली उपकेंद्र पहुंच गए। जहां वह समस्या समाधान किए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। जेई का फोन नहीं उठने पर नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बिजली आने पर सभी लोग शांत होकर चले गए। बिजली की समस्या में सुधार नहीं होने से उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के खिलाफ रोष है।

नगर में करीब 21 हजार उपभोक्ता हैं। मंगलवार को पूरा दिन आंख मिचौली के बाद रात करीब आठ बजे बिजली आई तो लोगों को लगा कि रात में सुकून की नींद आ जाएगी लेकिन कुछ देर बाद ही बिजली गुल हो गई लेकिन पांच मिनट बाद फिर विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई। इस बार करीब 15 मिनट रुकी और फिर चली गई। बिजली ट्रिपिंग का यह खेल एक घंटे में करीब 30 बार हुआ। इस दौरान उपभोक्ता परेशान हो उठे। नौ बजे बिजली आई तब फिर एक घंटे तक रुकी रही लेकिन 10 बजते ही बिजली फिर गुल हो गई। एक तो भीषण गर्मी और उस पर बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान हो उठे। लोगों ने चेयरमैन हरिनारायण से बिजली व्यवस्था में सुधार कराए जाने की बात रखी तो उन्होंने जेई का फोन लगा दिया।

कई बार रिंग जाने के बाद फोन रिसीव नहीं हुआ, तो उनका भी पारा हाई हो गया और वह रात करीब 11ः30 बजे 50 से 60 लोगों के साथ बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे किनारे स्थित बिजली उपकेंद्र पहुंच गए और यहां तैनात कर्मचारी से बिजली समस्या बताते हुए उसमें सुधार की बात कही।

इस पर उसने बताया कि ऊपर से जितनी सप्लाई मिल रही है वह कलान कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र को दी जा रही है। इस पर एक बार फिर चेयरमैन ने जेई को फोन मिलाकर बिजली कटौती पर बात स्पष्ट करनी चाही लेकिन कई बार रिंग जाने के बाद भी कॉल रिसीव नहीं हुई। तब फिर चेयरमैन के साथ पहुंचे लोगों ने नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

> जितनी सप्लाई मिल रही है, उतनी सप्लाई दी जा रही है। संसाधनों का अभाव है। लाइनें भी जर्जर है। इसके बाद भी पूरा प्रयास कर रहे कि उपभोक्ताओं सुचारू रूप से बिजली मिले।
> – राम सुरेश, अवर अभियंता, विद्युत उपकेंद्र, कलान

- गर्मी में बिजली कटौती बन रही दुखदायी, उपभोक्ताओं का हाल बेहाल

इस दौरान करीब 12:30 बजे बिजली आ गई, तब फिर लोग शांत हो गए और अपने-अपने घरों को लौट गए। बिजली कटौती का यह खेल रात में भी जारी रहा। रात करीब 2:30 बजे फिर बिजली गुल हो गई। एक घंटे में कभी दस तो कभी 15 मिनट के लिए तीन बार बिजली गुल हुई। बुधवार सुबह 5:30 बजे फिर बिजली चली गई और करीब तीन घंटे बाद आई।

इसके बाद दोपहर एक बजे फिर बिजली चली गई और चार बजे आपूर्ति बहाल हुई। नगर के वाशिंदों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली की आवश्यकता है और कस्बे को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है। इसमें सुधार किए जाने की जरूरत है।

# खेत से लौट रहा युवक दमा नाले में डूबा, हो रही तलाश



युवक की तलाश में नाले में जाल डालते दमकल कर्मी, मौजूद पुलिस व ग्रामीण।

संवाददाता, निगोही

- नाले के पास पहुंचते ही अचानक पैर फिसलने से हुई घटना

**अमृत विचारः** खेत देखकर लौट रहा युवक दमा नाला में डूब गया। देर शाम तक उसकी तलाश की जाती रही लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। रात हो जाने की वजह से अब गुरुवार को गोताखोर उसकी तलाश शुरू करेंगे।

क्षेत्र के गांव रूद्रपुर निवासी रोहन(42) बुधवार शाम करीब चार बजे निगोही से मुर्गा का मीट लेकर लौटा और मां से मीट बनाने की बात कहकर कुछ देर बाद गांव के उत्तर दमा नाला के पास खेत पर चला गया। जहां से शाम करीब छह बजे लौटते समय उसका पैर फिसल गया और वह नाले में डूब गया। दूर खेल रहे बच्चों ने उसे डूबते हुए देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग व गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और उसकी तलाश शुरू कर दी लेकिन उसका पता नहीं लगा। देर शाम को दमकल यूनिट के लोग पहुंचे और कांटा व जाल डालकर उसकी तलाश की लेकिन उसका शव नहीं मिल पाया। गोताखोर भी उसकी तलाश नहीं कर पाए। रोहन तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी पत्नी 15 वर्ष पहले बेटे को साथ लेकर चली गई थी। वह अपनी बूढ़ी मां रामरती के साथ रहता था। उसके दो भाई है, दोनों अपने-अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं।

# फंदे पर लटका मिला युवती का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, सिंधौली

- घर में अकेली थी युवती, मां गई थी बड़ी बेटी के घर
- सुबह लौटी तो छप्पर की धन्नी में दुपट्टे से लटक रहा था शव

**अमृत विचारः** घर में अकेली युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर छप्पर की धन्नी पर दुपट्टे से लटका मिला। मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है और जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गांव चंदपई निवासी 18 वर्षीय कालिंदी के पिता जयपाल का कई वर्ष पूर्व निधन हो गया था। कालिंदी का एक भाई हरिओम दिल्ली में रहकर नौकरी करता है तथा उससे बड़ी दो बहनों की शादी हो चुकी है। मंगलवार को उसकी मां पच्चो देवी अपने नाती के करंट लगने की सूचना पर बड़ी बेटी के घर पुवायां गई हुई थीं। कालिंदी घर पर अकेली थी। रात में किसी समय उसने घर के छप्पर की धन्नी में दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। सुबह घर लौटी मां ने पुत्री का को फंदे से लटका देखा। जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी। पीआरवी की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मां पच्चो देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से उसका पूर्व में विवाद हो गया था। आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने कालिंदी की हत्या कर शव को फंदे पर टांग दिया है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या की वजह स्पष्ट होने पर अपेक्षित कार्रवाई की जाएगी।

### नाले में नहाते समय युवक की डूबकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन में एक युवक अपने मौसेरे भाई के साथ रामगंगा नदी से जुड़े नाले में नहाते समय डूब गया। उसे परिजन अस्पताल ले जा रहे थे तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव डोलापुर निवासी जितिन(18) पुत्र नरसिंह डभौरा गांव स्थित ननिहाल में मंगलवार दोपहर 12 बजे गया था। जहां वह शाम चार बजे अपने मौसेरे भाई विपिन के साथ गांव के बाहर रामगंगा नदी से जुड़े नाले में नहाने के लिए गया था। नहाते समय जितिन पानी में डूब गया था। शोर शराबा होने पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे। गांव वालों ने जितिन को बाहर निकाला। उसके शरीर को उल्टा करके पानी निकाला। परिजन शाम आठ बजे उसे बरेली के अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस गढ़िया रंगीन थाने पहुंचे और शव पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था और उसकी मां का नाम शांति देवी है।

# धरने पर बैठे सभासद की बिगड़ी तबीयत



सभासद सत्येंद्र सिंह का इलाज करते डॉक्टर। ● अमृत विचार



हालत बिगड़ने की सूचना पर पहुंचीं अध्यक्ष हाजरा बेगम। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- सभासदों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी
- पालिका अध्यक्ष ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

**अमृत विचारः** नगर पालिका मुख्य गेट पर भ्रष्टाचार के विरोध में सभासदों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। गर्मी में दो सभासदों की हालत बिगड़ गई, जिसमें से एक सभासद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे अन्य सभासदों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। देर से पहुंचने पर अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को धरना प्रदर्शन कर रहे सभासदों ने खरी खोटी सुनाई। वहीं सूचना मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम अस्पताल पहुंची और उन्होंने सभासद का हाल-चाल जाना।

बुधवार को धरना स्थल पर बैठे सभासद दिलीप सक्सेना एवं सत्येंद्र सिंह की हालत बिगड़ गई। सभासद सत्येंद्र सिंह की तबीयत ज्यादा खराब होने पर साथियों ने उन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने जांच की जिसमें हाई ब्लड प्रेशर होने के कारण सत्येंद्र की हालत खराब होना बताया गया। प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टर ने उन्हें बेड रेस्ट के लिए घर भेज दिया। सभासद संदीप रस्तोगी, हितेश गुप्ता रिंकू, संजीव गुप्ता, अभिषेक सिंह ने कहा कि 3 दिन से धरने पर बैठे हैं, लेकिन अध्यक्ष एवं ईओ ने मौके पर उनकी समस्याओं को नहीं सुना। उन्होंने कहा की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह सभी सभासदों के साथ आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी पालिका अध्यक्ष व पालिका प्रशासन की होगी। इस दौरान अकरम पाल, आसिफ हुसैन छोटू, दिलीप सक्सेना, अकरम पाला, अमित लोधी, राजीव यादव, पर्वेंद्र यादव, संदीप रस्तोगी, शानू, संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे। वही अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने बताया कि सभासदों की समस्या को लेकर गुरुवार दोपहर 11:00 बजे वार्ता की जाएगी और समस्याओं का निस्तारण भी कराया जाएगा।

# ऑनलाइन गेम से बढ़ी नजदीकी होटल में बुलाकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, खुटार

- 30 अप्रैल की घटना, महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा था रुपये

**अमृत विचारः** मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते-खेलते मध्य प्रदेश के युवक ने क्षेत्र की महिला से दोस्ती कर ली। घर आकर नहाते समय महिला का वीडियो बना लिया और पूरनपुर के एक होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद ब्लैकमेल कर 20 हजार रुपये मांगे। घटना 30 अप्रैल की है। महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव निवासी 36 वर्षीया महिला की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 2023 में मोबाइल में ऑनलाइन गेम (लूडो) खेलने के दौरान उसकी जान-पहचान मध्य प्रदेश के मुरैना के मोहल्ला सुनेहरी निवासी योगेश श्रीवास्तव से हुई। दोनों में बातचीत होने लगी और नजदीकी बढ़ गई। फरवरी 2024 को फोन कर योगेश ने मिलने की इच्छा जाहिर की तो महिला ने घर आने को कह दिया। आरोपी उसके घर आ गया। महिला चाय, नाश्ता देने के बाद नहाने चली गई। आरोपी ने छिपकर उसकी नहाते हुए वीडियो बना ली। 29 अप्रैल को आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 20 हजार रुपये की मांग की। बदनामी के डर से महिला ने कुछ रुपये भेज दिए।

30 अप्रैल को आरोपी ने महिला को पूरनपुर के एक होटल में बुलाया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। विवेचना कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार महिला का पति दिल्ली में रहकर नौकरी करता है।

### घर में घुसकर युवती और किशोरी से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 14 अगस्त की रात में घर में लेटी हुई थी। उसके पति घर के बाहर टीन शेड में लेटे हुए थे। रात में 11 बजे गांव का नन्हे कमरे में घुस आया और उसकी 16 वर्षीया पुत्री को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसने शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। उप निरीक्षक नीलेश कुमार ने आरोपी नन्हे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इधर, कांट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति गाजियाबाद में प्राइवेट नौकरी करते है। 9 जुलाई की रात में कमरे में लेटी हुई थी। रात दस बजे गांव का एक युवक कमरे में घुस आया और गलत नीयत से पकड़कर खींचने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। उप निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि आरोपी सर्वेश सिंह के खिलाफ छेड़छाड़ आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### किशोरी का फोटो वायरल करने पर दो भाइयों पर केस

**पुवायां, अमृत विचार :** पंद्रह वर्षीया किशोरी का किशोर के साथ फोटो वायरल करने पर दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। किशोरी के पिता ने दोनों भाइयों पर पुत्री का फोटो वायरल करने, शिकायत करने पर गाली गलौज व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। मामला थाना क्षेत्र पुवायां के गांव का है। किशोरी के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कहमारा गांव के मोनू खान पुत्र जहीर खान ने उसकी पंद्रह वर्षीया पुत्री का फोटो छोटू के साथ व्हाट्सएप पर मोबाइल नंबर से वायरल कर दिया। बेटी का फोटो देखने के बाद पत्नी मोनू के घर शिकायत करने पहुंची। शिकायत करने पर मोनू खान, इकबाल खान निवासी ग्राम कहमारा ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### युवती से दुष्कर्म, बदहवास हालत में खेत में मिली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र में शाम को खेत पर गई युवती के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। घर नहीं लौटने पर तलाश में निकले परिजनों को युवती खेत पर बदहवास हालत में मिली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कलान थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीया युवती सोमवार शाम सात बजे खेत पर लघुशंका करने के लिए गई थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी, तब परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 11 बजे गांव के बाहर खेत पर युवती बदहवास हालत में मिली। परिवार वाले उसे घर पर लेकर आए। होश में आने पर युवती ने परिवार वालों को बताया कि आरोपी शिवम ने उसे पकड़ लिया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने धमकी दी कि थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार डालेंगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती का डाक्टरी परीक्षण कराया। वहीं उप निरीक्षक अनवार अहमद ने बताया कि आरोपी शिवम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# उद्योगों की बेहतरी पर की गई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




केरूगंज में आयोजित बैठक में मौजूद उद्यमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लघु उद्योग भारती जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को केरूगंज में हुई। जिसमें उद्योगों की बेहतरी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में लघु उद्योग भारती, ब्रज संभाग उत्तर प्रदेश के महामंत्री राकेश अग्रवाल ने सभी उद्यमियों को अवगत कराया कि लघु उद्योग भारती उद्योग हित और राष्ट्रहित की भावना का राष्ट्रव्यापी अखिल भारतीय संगठन है।

अप्रैल में बेलगांव कर्नाटक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जीईएम विभाग के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत लघु उद्योग भारती की ओर से सभी उद्यमियों को इस खरीद ऑनलाइन पोर्टल के साथ जुड़वाया जा सके। उन्हें इससे होने वाली टेंडर प्रक्रिया की जानकारी दी जा सके। इस पोर्टल पर कार्य करने के दौरान हो रही परेशानियों का समाधान निकाला जा सके।

सीएसआईआर के साथ एक एमओयू किया गया है, जिसके तहत उद्योगों को 100 तकनीक हस्तानांतरण किये जाने की व्यवस्था है। इसी तरह 6 से 8 अगस्त तक देवास, मध्य प्रदेश में राष्ट्र कार्यकारिणी की बैठक होनी तय है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आमंत्रित हैं। जहां जिले से राकेश अग्रवाल को बुलाया गया है। बैठक में रामचंद्र सिंघल, उपाध्यक्ष मनोज गर्ग, संयुक्त महामंत्री विपीनेश गुप्ता, आलोक गोयल, प्रदीप अग्रवाल, महेंद्र आदि रहे।

# एसडीएम, सीओ ने पटना देवकली मंदिर में पहुंचकर देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, कलान



मंदिर में मेला की तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम महेश कैथल। ● अमृत विचार

- श्रावण मास में मंदिर पर भारी संख्या में जुटते है श्रद्धालु

**अमृत विचारः** उप जिला अधिकारी महेश कैथल व सीओ अजय कुमार राय ने बुधवार को पटना देवकली मंदिर पर पहुंचकर सावन माह में लगने वाले मेले की तैयारी का जायजा लिया और व्यवस्थाएं देखी।

क्षेत्र में स्थित दैत्य गुरु शुक्राचार्य की तपोभूमि पटना देवकली शिव मंदिर पर सावन माह में विशाल मेला लगता है। एक महीने तक चलने वाले इस मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। सावन महीने के हर सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ती है। इसी के तहत उप जिला अधिकारी महेश कैथल, अजय कुमार राय के साथ पटना देवकली शिव मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आने वाले श्रद्धालुओं के दोनों प्रवेश द्वारों के संबंध में बैरिकेडिंग व्यवस्था आदि को देखा। इसके बाद पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। मेला परिसर में लगने वाली दुकानों व गलियों के संबंध में भ्रमण कर देखा। मंदिर के महंत अखिलेश गिरी से वार्ता की। थाना प्रभारी को मेले में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरीके की समस्या नहीं आने दी जाएगी। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं इस मौके पर थाना प्रभारी प्रभाषचंद चौकी इंचार्ज हरिकेश कुमार आदि थे।

## सार-संक्षेप

### संयंत्रों के संचालन और रखरखाव पर बांटे अनुभव



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) के तत्वावधान में अमोनिया और यूरिया संयंत्रों के संचालन और रखरखाव की समस्याओं पर तीन दिवसीय समूह चर्चा बुधवार से शुरू हुई। समूह चर्चा में विभिन्न फैक्ट्रियों के विशेषज्ञों और अधिकारियों ने प्रतिभाग करते हुए अनुभव साझा किए और महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। शहर के एक होटल में कृभको फर्टिलाइजर लिमिटेड के सहयोग से शुरू हुई समूह चर्चा का आरंभ केएफएल के प्रबंध निदेशक आरके चोपड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रबंध निदेशक चोपड़ा ने उद्घाटन भाषण में अमोनिया संयंत्र के संचालन, रखरखाव, पर्यावरण और सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि केएफएल संयंत्रों की विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार के लिए विभिन्न उपाय किए गए, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। उपाध्यक्ष (कार्य) वीके सिंह ने कहा कि अमोनिया संयंत्रों को लगातार संचालित करने की आवश्यकता तो है, लेकिन खराबी से भारी नुकसान का खतरा भी बना रहता है। एफएआई के तकनीकी प्रमुख मनीष गोस्वामी ने ऊर्जा दक्षता, पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा प्रदर्शन आदि की बेंचमार्किंग की विशेष तकनीकी क्षेत्रों में एसोसिएशन द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी दी। पहले दिन केएफएल के अपर महाप्रबंधक (उत्पादन) एसबी सिंह ने संयंत्रों द्वारा सुधार के लिए किए गए प्रयासों की प्रस्तुति भी दी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत में रोडवेज बस का यात्री घायल

**खुटार, अमृत विचार :** पीलीभीत के गांव बालाबेनी निवासी जोग सिंह पीलीभीत डिपो की रोडवेज बस का चालक है। बुधवार सुबह पीलीभीत रोडवेज बस में करीब 25 से 30 यात्री लेकर पलिया जा रहा था। साथ में पीलीभीत का ही परिचालक सुरेंद्र कुमार था। खुटार–पूरनपुर टोल टैक्स पास पेट्रोल पंप के सामने खुटार की ओर से आ रहे ट्रैक्टर–ट्रॉली ने बस में एक साइड के हिस्से में टक्कर मार दी। जिससे बस के पीछे हिस्से में खिड़की किनारे बैठे कस्बा पूरनपुर निवासी अनिल वर्मा के हाथ में चोट आ गई। उसका हाथ खिड़की से बाहर की ओर निकला था। ट्रैक्टर में दो ट्रॉली जुड़ी हुई थी। हादसे के बाद ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर चालक फरार हो गया। इधर, बस लेकर चालक थाने पहुंचा। जहां यात्री अनिल वर्मा ने बस चालक और कंडक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। इस पर कंडक्टर ने यात्रियों की टिकट देखकर खुटार तक के रुपये लेकर बाकी रुपये वापस कर दिए। इसके बाद यात्री दूसरे वाहन पकड़ कर चले गए। पुलिस ने घायल अनिल वर्मा को सीएचसी भेजा और रोडवेज थाने में खड़ी करा ली है। घायल अनिल वर्मा ने चालक से इलाज का खर्चा मांगा है। देर शाम तक दोनों पक्षों में पंचायत चलती रही। वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि यदि समझौता नहीं होता है तो पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करने का आरोप

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कजरा में रहने वाले हरजंग सिंह की पत्नी बलजीत कौर ने बताया कि गांव में उसके पति के नाम खेती है। बीमार पति पंजाब में रहकर इलाज करा रहे हैं। जिस वजह से पति की भूमि का मुख्तारआम उसके नाम है। पीडिता ने बताया कि गांव में रहने वाले व्यक्ति की नीयत जमीन पर खराब है। आरोपी ने 28 मई 1974 का एक फर्जी बैनामा प्रकाश कौर के नाम दर्शाते हुए बंडा के गांव भांभी की एक महिला का फर्जी आधार कार्ड और फोटो का प्रयोग कर उसे प्रकाश कौर दिखाते हुए 16 अप्रैल 2016 को फर्जी तरीके से उसकी जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। जबकि उसका कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा है और जमीन उसके कब्जे में है। शिकायत बलजिंदर ने तहसील प्रशासन से की लेकिन प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की। मजबूरन बलजिंदर कौर ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने खुटार पुलिस से रिपोर्ट तलब की। जिसके बाद सिविल जज जूनियर डिवीजन/जेएम पुवायां पारस यादव ने जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट को अवगत कराने के आदेश खुटार पुलिस को दिए है।



ताजियों के जुलूस में तिरंगा लहराता युवक। ● अमृत विचार



ताजियों के जुलूस में गूंजा या हुसैन। ● अमृत विचार



शानो शौकत के साथ अलम को उठाए चलते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# या हुसैन... या हुसैन के नारों से गूंजी फिजा

## शहर से लेकर गांवों में परंपरागत तरीकों से निकाला गया जुलूस-ए-अलम

- जुलूस में शामिल रहे 505 ताजिया 395 किए गए दफन, अखाड़ा कमेटी ने भी दिखाए करतब
- जुलूस को लेकर रूट भी रहा डायवर्ट, बड़े वाहनों के प्रवेश पर रही रोक,पुलिस बल भी रहा तैनात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में मोहर्रम पर ताजियों के साथ अकीदतमंदों का हुजूम निकला। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी भी अकीदतमंदों के बुलंद हौसलों को डिगा न सकी। मातमी धुन के साथ जुलूस में अकीदतमंदों ने या हुसैन या हुसैन के नारे लगाए।

शहर में विभिन्न मोहल्लों के ताजिए बेलों वाले चौराहे पर एकत्र हुए। यहां जुलूस की शक्ल में या हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए कर्बला के लिए रवाना हुए। जुलूस में रास्ते में बेनी चौधरी, पंजाबियान, भूरे खां, लाल रोड से भी ताजियेदारों का काफिला बढ़ता चला गया। कुछ ताजियादार इमाम हुसैन की मनकबतख्वानी तो कुछ ढोल ताशे पर मातम करते चल रहे थे। ताजियों का जुलूस कमल्ले चौराहा, चौक बाजार, जेपी रोड, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए कर्बला पहुंचा। जुलूस में में छोटे-बड़े तकरीबन 100 से अधिक ताजिये शामिल हुए। जुलूस में शामिल हजारों लोग या हुसैन या हुसैन की आवाज बुलंद कर रंज ओ गम का इजहार कर रहे थे। मौलाना माइक पर कर्बला की शहादत का मंजर बयां कर रहे थे। उलमा ने जगह-जगह तकरीरों में इमाम हुसैन की अजमत और शहादत का जिक्र किया। शहर के अलावा चंदोई, पकड़िया नौगवां, इस्लामनगर, चिड़ियादाह व गौहनिया के ताजियों को कर्बला में दफन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से शहर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। साथ ही अफसर भी निगरानी करने में जुटे रहे।



शहर में बरेली गेट से निकलता ताजियों का जुलूस। ● अमृत विचार



बुधवार को शहर में छतरी चौराहे से निकलता ताजियों का जुलूस। ● अमृत विचार



अखाड़े में गोले को घुमा कर प्रदर्शन करता युवक। ● अमृत विचार

### ताजियों के जुलूस में दिखाए हैरतदंग करतब

**मझोला :** मोहर्रम के दौरान कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के द्वारा ताजिये का जुलूस निकाला गया। इस दौरान बढ़ी संख्या में ताजियदार मौजूद रहे। ताजिया जूलुस के दौरान लोग या हुसैन के नारे लगाते रहे तो वहीं कई लोगों ने हैरत दंग करतब भी दिखाए। जुलूस विभिन्न स्थानों से होते हुए कर्बला में जाकर समाप्त हुए। जहां ताजियों को दफन किया गया। गांव ढकिया, हुलकरी से तमाम लोगों अपने-अपने ताजिया लेकर कर्बला पहुंचे। ताजियों को देखते हुए जगह-जगह सबीले लगाई गई है।



मोर्हरम के मौके पर ताजियों के रूट पर हालात का जायजा लेते डीएम-एसपी व अन्य।

### डीएम-एसपी ने भी किया शहर का भ्रमण

मोहर्रम के जुलूस को लेकर पूरे जिले में भारी पुलिस बल लगाया गया था। जुलूस के साथ भी फोर्स की ड्यूटी लगाई गई थी। इसको देखते हुए डीएम संजय कुमार और एसपी अविनाश पांडे ने भी पुलिस बल के साथ चिड़ियादाह, चंदोई एवं खमरिया पुल कर्बला स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ताजिया मार्गो , विद्युत तारो, सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ सफाई व्यवस्था को देखा एवं जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर एवं अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि जो मार्ग ताजिया के लिए निश्चित है उन्हीं से ताजिया निकलवाने के निर्देश दिए। साथ ही शहर के भीतर नौगवां पकड़िया और अन्य स्थानों को भी देखा।

### अकीदतमंदों ने निकाला ताजियों का जुलूस

**बरखेड़ा :** कस्बे में मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकला। अकीदतमंद ताजियों को लेकर आधी रात के करीब घरों से चलकर ब्लॉक तिराहे पर एकत्र हुए। इसके बाद ताजियों का जुलूस कस्बे में पूरी रात पूर्व से निर्धारित मार्गों से निकला। जगह-जगह लंगर भी हुआ। सुबह ताजिएदारों ने अपने ताजियों को पुन: शुरू होने वाले स्थान पर लेकर रख दिया। दोपहर बाद ताजिएदार पुन: अपने-अपने ताजियों को लेकर कस्बे में लगे मेले में पहुंचे।

### अखाड़ा कमेटी ने दिखाए कारनामे

ताजियों के जुलूस में अखाड़ा प्रस्तुत किया गया। हुसैनी अखाड़ा कमेटी की ओर से हैरतअंगेज कारनामे देखकर लोगों को हतप्रभ कर दिया। तलवारबाजी व गतका का प्रदर्शन किया। इसके बाद कांटेदार गोले का प्रदर्शन किया। जिससे देखने के लिए अकीकतमंदों के अलावा अन्य समुदाय के लोगों की भीड़ लगी रही। जिसमें हुसैनी अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम अंसारी, शकील, शानू, शाहिद, गब्बर, शादाब समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



जाटों के चौराहे से भीड़ के साथ निकलता ताजियों का जुलूस। ● अमृत विचार



### दफन हुए ताजिया हुसैन को किया याद

**अमरिया :** कस्बा सहित ग्राम धुंधरी, पिंजरा बमनपुरी, माधौपुर, कैंचू टांडा, सरैनी तिरकुनिया, ढेरम, करगैना परेवा वैश्य में ताजिये निकाले गए। इस दौरान जुलूस में शामिल अकीदतमंद या हसन-या हुसैन का नारा लगाते रहे। जुलूस में हजारों की तादाद में शामिल होकर लोग ताजिये लेकर कर्बला घेरा शरीफ पहुंचे। कर्बला में पैगम्बर इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद किया।



मझोला में निकलता ताजियों का जुलूस। ● अमृत विचार

### पूरनपुर में रंजोगम के साथ मनाया पर्व

**पूरनपुर :** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। इस दौरान जगह-जगह चने की दाल व तंदुरी रोटी का लंगर बांटा गया। स्टेशन रोड और चौराहे पर जगह जगह प्याऊ और लंगर लगाए। स्टेशन रोड पर कांफ्रेंस में उलमाओं ने इमामे हुसैन की जिंदगी पर रोशनी डाली। इमामबाड़ा से ताजिया निकाले गए। नगर के अलावा क्षेत्र के गांव केसरपुर, जादौपुर कलां, वरकलीगंज, धनेगा, गोरा, कजरी निरंजनपुर सहित कई गांवों में ताजिये गांव गोरा के करवला में रखे गए।

## पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए सौंपा ज्ञापन



**पीलीभीत।** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच की ओर से प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया गया। इसकी अगुवाई राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री हरिओम चौधरी ने की। जिसमें पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वाले में नितेश, आशुतोष, अशोक कुमार, सदाकत, इमरान, भानु प्रताप, अर्जुन, हरिओम चौधरी, रवि, अनुज, दिनेश कुमार, लव प्रसाद, नरेंद्र कुमार, नासिर खां, हरीश कुमार, ख़याली राम, मदन लाल, नंद राम, फूलचंद, भानु प्रताप, बीके विस्वकर्मा, मनोहर यादव, भारत सिंह, राजीव कुमार, धर्मपाल, अजय, मदन लाल आदि थे।

## बाढ़ पीड़ितों का कर्ज माफ कर दी जाए राहत



**पूरनपुर।** भाजपा नेता मंजीत सिंह ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को बाढ़ की विभीषिका की जानकारी देते हुए पीलीभीत के बाढ़ प्रभावित किसानों का कर्ज माफ करने मांग की। मंजीत सिंह ने बताया कि शारदा नदी के दोनों ओर जनता हमेशा बाढ़ से प्रभावित रहती हैं। बूंदीभूढ़, बाजार घाट, बैल्हा, गभिया सहराई, सिद्धनगर, महाराजनगर , शास्त्री नगर सहित कई गांव बाढ़ की मार पिछले कई वर्षों से झेलते चले आ रहे हैं। किसान सहकारी बैंक से, सरकारी समिति व गन्ना समिति से कर्ज लेकर किसानों ने फसलों को तैयार किया। बाढ़ के चलते किसने की जमीन फसल के अलावा मकान भी गिर गए। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से विशेष पैकेज के तहत किसानों का बैंक खर्च माफ करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें सरकार से वार्ता कर समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया।

## बिलसंडा में जातों के मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बिलसंडा, अमृत विचारः** एक पखवाड़े से चल रहे जातों के मेले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। महिला श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर परिवार की खुशहाली के लिए मनौतियां मांगी।

आषाढ़ मास की अमावस्या से जातो के मेले का आयोजन किया जाता है। जोकि पूर्णिमा को आषाढी पर्व पर समाप्त हो जाता है। जातों का मेला माता के मंदिर परिसरों में भव्यता के साथ इस एक पखवाड़े में सिर्फ सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को ही लगता है। इस अवधि में कस्बा बमरौली स्थित सूर्य कुंड महुआ ताल देवी मंदिर ,मरौरी खास स्थित माता के प्राचीन मंदिर और दियुरिया कलां जंगल के समीप गांव इलाहाबास देवल स्थित माता के प्राचीन मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन होता है। जिसमें भारी तादाद में श्रद्धालुओं का जमावड़ा होता है। इलाहाबाद देवल में बरेली के मोहल्ला कालीबाड़ी के श्रद्धालु हर वर्ष जातों के मेले में यहां पहुंचते हैं, और पूर्णिमा को मेले के समापन के उपरांत ही वापस लौटते हैं।

## बिना शिक्षक कैसे हुनरमंद होंगे बच्चे

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता आलोक सक्सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा विभाग में किए गए ट्रांसफर को लेकर सवाल उठाए गए।

शिकायत पत्र में बताया कि पीलीभीत के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर में प्रवक्ता के कुल नौ, सहायक अध्यापक के सात, एक प्रधानाचार्य का पद स्वीकृत है। यहां कार्यरत तीन शिक्षक, एक प्रवक्ता और दो सहायक अध्यापक में से दो सहायक अध्यापक का स्थानांतरण इलाहाबाद और लखनऊ किया गया है। इसके बाद महज एक शिक्षक जोकि खुद इंचार्ज भी है। उन्हीं के सहारे स्कूल छोड़ दिया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि ट्रांसफर नियमावली को दरकिनार करके किए गए। इसी तरह से पूरनपुर ब्लॉक के राजकीय हाई स्कूल बूंदी भूड़ में एक शिक्षक कार्यरत है, उसका भी स्थानांतरण कर दिया गया है। वहां शून्य शिक्षक संख्या में कैसे छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। राजकीय इंटर कॉलेज पूरनपुर में भी एक शिक्षिका का स्थानांतरण किया गया है। इस तरह के कई अन्य विद्यालय भी है। छात्र हित में किए गए स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की गई।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण की तैयारियों पूरी करें: डीएम

- जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम ने पौधरोपण महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



इनीशियम पब्लिक स्कूल में पौधरोपण स्थल को देखते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** डीएम की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक गांधी सभागार में हुई। इस दौरान डीएम ने जनपद में 20 जुलाई को होने वाले पौधरोपण महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा की और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण और रोपित पौधों की जियो टैगिंग कराने के अफसरों को निर्देश दिए

डीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि महाअभियान के तहत लगभग 36.61 लाख पौधे जिले में रोपे जाएंगें। पौधरोपण कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाए जाने के लिए सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों, उद्यमियों आदि को पौधरोपण कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया जाए ताकि शत प्रतिशत पौधरोपण किया जा सके। इस दौरान लोगों को रोपे गए पौधों की देखरेख के लिए संकल्प दिलाया जाए। संबंधित अधिकारियों से कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम के लिए जनपद मुख्यालय पर कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए। संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं नामित नोडल अधिकारियों की ओर से कार्यस्थल पर पौधरोपण की प्रगति की रिपोर्ट प्रत्येक घंटे कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराई जाए। रोपे पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेसिंग या ट्री गार्ड आदि की व्यवस्था की जाए।

फलदार एवं सहजन के पौधों को रोपने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों में पौधरोपण के दौरान विद्यार्थियों को पौधों का महत्व बताया जाए। चयनित विशेष स्थलों पर बैनर, पोस्टर, लाउडस्पीकर आदि के माध्यम से पौधरोपण का प्रचार प्रसार जन सामान्य के बीच किया जाए और एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने को प्रेरित करें। बैठक के बाद डीएम ने इनीशियम ग्लोबल स्कूल में पहुंचकर पौधरोपण के लिए चयनित परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कहा कि 20 जुलाई को वृहद पौधरोपण अभियान में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की ओर से परिसर में 500 पौधे रोपे जाएंगे। बैठक में डीएफओ मनीष कुमार, एडीएम ऋतु पूनिया, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार, डीपीआरओ सतीश कुमार, प्रभारी उपनिदेशक कृषि नरेंद्र पाल, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**जहानाबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव डांग की रहने वाली इशरत पत्नी सद्दाम ने थाना जहानाबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व गांव डांग के सद्दाम पुत्र नबी बक्स के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। उसके मुताबिक शादी के कुछ समय तक ससुराल में सब कुछ ठीक चलता रहा। लेकिन, कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज से असंतुष्ट होकर मांग करने लगे। आरोप है जब ससुराल वालों से इसका विरोध किया तो 15 जुलाई की रात करीब नौ बजे पति और उसके परिवार वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। मारपीट करने से उसके सिर और शरीर में गुम चोटे आई हैं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर दहेज के लिए मारपीट कर जान से मारने की धमकी की धाराओं में पति सद्दाम, देवर जुनैद, ससुर नबी बक्स, नंद सानिया और ननद साबिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ई- रिक्शा और बाइक की टक्कर , दो घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में हुई मौत के बाद दाह संस्कार में शामिल होकर बाइक से जा रहे युवक को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। बाइक पर सवार महिलाएं घायल हो गई। हादसा बुधवार को हुआ। ग्राम अर्जुनपुर के मोहनलाल की रिश्तेदारी क्षेत्र के ग्राम नवदिया में है। रिश्तेदारी में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर पत्नी सुखरानी और रामदा देवी अपने भतीजे सानू के साथ अंतिम संस्कार में शामिल होने गई थी। गांव नवादिया लौटते वक्त ईदगाह चौराहे पर ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों महिलाएं घायल हो गई।उन्हें सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद परिजन निजी अस्पताल ले गए।

### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड शाखा बरेली से तारिक अन्सारी पुत्र जिलानी निवासी ग्राम व पोस्ट चन्द्रपुरा तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत ने एक किता मकान तादादी 56 वर्ग मीटर स्थित मो. बख्तावर लाल वार्ड नं. 6 कस्बा व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत जिसकी चौहद्दी पूरब-मकान कल्लू व विनोद, पश्चिम-गली, उत्तर-मकान बसन्ती व राजेश, दक्षिण-मकान गफूर भटियारा को विक्रेता संजीव कुमार पुत्र लालाराम निवासी 169, कल्यार सिंह वाली गली मोहल्ला बख्तावर लाल कस्बा व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत से क्रय कर रहे है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड बरेली पर या मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश सक्सेना एडवोकेट
कार्यालय चैम्बर नं. 27
सिविल कोर्ट बंगलिया
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड

# काम नहीं तो वेतन नहीं का सिद्धांत अस्वीकार्य

## बहाली से पहले निष्कासन के दौरान वेतन भुगतान मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी की अवधि के दौरान राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते की पात्रता पर विचार करते हुए कहा कि बर्खास्तगी या निष्कासन के आदेश को रद करने के बाद बहाली पर कर्मचारियों को उस अवधि के लिए पूरे वेतन और भत्ते से वंचित नहीं किया जा सकता है, जब तक वह सेवा में नहीं था। ऐसी स्थिति में 'काम नहीं तो वेतन नहीं' का सिद्धांत लागू नहीं होता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने दिनेश प्रसाद की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल, याची यूपी पुलिस में अनुचर (फॉलोवर) के रूप में कार्यरत था। यूपी पुलिस अधीनस्थ अधिकारी (दंड एवं अपील) नियम 1991 के नियम 14 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद



उन्हें अपने अधिकारियों को सूचित किए बिना तथा अनुमोदित अवकाश के बिना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के आरोप में 9 जनवरी 2020 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

हालांकि उनकी अपील को पुलिस उपमहानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र ने स्वीकार कर लिया और उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर 29 सितंबर 2020 को पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, देवरिया ने याची को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसके बाद उन्हें "काम नहीं तो वेतन नहीं" सिद्धांत के आधार पर बर्खास्तगी की अवधि का वेतन भुगतान नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले पर विचार करते हुए कहा कि विपक्षियों द्वारा यह सिद्ध नहीं किया गया है कि याची जिस अवधि में सेवा से बाहर था, उस दौरान वह कहीं और किसी रोजगार के माध्यम से जीविकोपार्जन कर रहा था। अतः याची उस अवधि के लिए पूर्ण वेतन और भत्ते का हकदार था, जब उसे सेवा से बाहर किया गया था। अंत में कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक, देवरिया द्वारा पारित आदेश को रद करते हुए याची को उक्त अवधि के लिए पूर्ण वेतन और भत्ते के साथ-साथ ब्याज के भुगतान का आदेश दिया।

### एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना को लेकर मांगा जवाब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से पूछा कि क्या प्रयागराज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तरह एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान स्थापित करने की केंद्र सरकार की कोई योजना है या नहीं? न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ ने सहज-सारथी फाउंडेशन और एक अन्य संस्थान द्वारा दायर जनहित याचिका पर यह सवाल पूछा। जनहित याचिका में नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की कमी उजागर की गई। याचिकाकर्ता ने अदालत में दलील दी कि वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक, 59 लाख से अधिक की आबादी वाले इस नगर को तत्काल सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है। याचिका में बताया गया कि नगर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, मंडलायुक्त कार्यालय और कई केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रतिष्ठान हैं और यह नगर एक प्रमुख प्रशासनिक और शैक्षणिक केंद्र है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, इन सबके बावजूद प्रयागराज में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है, क्योंकि मौजूदा मेडिकल कॉलेज और टीबी सप्रू अस्पताल में स्तरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

## तीस साल की सेवा के बाद कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का हकदार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लाभ की पात्रता को स्पष्ट करते हुए कहा कि सीसीएस (पेंशन नियम) 1972 के नियम 48 के तहत एक सरकारी कर्मचारी को 30 साल की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस पाने का अधिकार है। बशर्ते उसे सेवाकाल के दौरान निलंबित न किया गया हो।

कोर्ट ने कहा कि नियम 48ए (2) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्वीकृति को आवश्यक बताता है, जबकि नियम 48 में सेवानिवृत्ति के लिए नियोक्ता की अनुमति आवश्यक नहीं है। वर्तमान मामले में याची के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई वीआरएस की प्रभावी तिथि के काफी बाद शुरू की गई थी। याची ने सितंबर 2013 को वीआरएस का अनुरोध किया था, जबकि विभागीय आरोप पत्र अक्टूबर 2013 को जारी किया गया था।

## हाईटेंशन तार से ताजिया छूने से 4 की मौत, 9 झुलसे

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोंडा, प्रतापगढ़ व संत कबीरनगर जिले में मोहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 से ज्यादा लोग झुलसे हैं। गोंडा में रेलवे क्रासिंग पर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ताजिया जुलूस में शामिल मो. इलियास की मौत हो गई।

इसी जिले के उमरी बेगमगंज क्षेत्र के पकवान गांव में दोपहर बाद ताजिया जुलूस निकालते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अशरफ अली (14) की मौत हो गई, जबकि इटियाथोक थाना क्षेत्र में सात लोग झुलस गए। मोहर्रम के जुलूस का वीडियो बना रहे महारानीगंज घोसियाना निवासी नूर आलम (30) पुत्र हनीफ की करंट लगने से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के कुंडा में ताजिया का झंडा हाइटेंशन तार में छू गया, जिससे वासिफ अंसारी (32) पुत्र अब्दुल वाहिद की भी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तथ्यों को छिपाकर जनहित याचिका के नाम पर निजी हित में दाखिल याचिका को खारिज करते हुए न्यायिक प्रणाली के ऐसे दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की और याचिका को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए याची को चेतावनी दी कि वह ऐसा दोबारा ना करे। अन्यथा उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने राम प्रताप कसौधन की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। दरअसल, याचिका में ग्राम ओरन, तहसील अतर्रा, बांदा के राजस्व अभिलेखों में की गई कथित अवैध प्रविष्टियों की जांच करने और गलत आदेश पारित करने तथा जाली प्रविष्टियों में शामिल राजस्व अधिकारियों को दंडित करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग की गई।

### एमडीएस : च्वाइस भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीट एमडीएस-2024 की ऑनलाइन काउंसिलिंग में मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकता भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी है। अन्यथा सीट आवंटन प्रक्रिया से स्वत: बाहर कर दिया जाएगा। यह निर्देश नीट एमडीएस (मास्टर आफ डेंटल सर्जरी) की प्रथम चरण की चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग व दाखिले को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिए हैं। नीट एमडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की मेरिट सूची जारी करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालय में ही संपन्न होगी, जबकि निजी डेंटल कॉलेजों की सीटों पर आवंटित अभ्यर्थियों के दाखिले संबंधित नोडल सेंटर पर संपन्न होगी। इसलिए सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को संबंधित नोडल सेंटर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

### नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा में सॉल्वरों की घुसपैठ

**सीतापुर, अमृत विचार :** प्रदेश में आरओ और एआरओ की परीक्षा के बाद अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी साल्वर गैंग की घुसपैठ की कोशिशें लगातार जारी है। वहीं तालगांव कोतवाली इलाके में स्थित केपी सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज में एसजीपीजीआई लखनऊ की नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में भी सॉल्वर गैंग की घुसपैठ के बाद परीक्षा रद कर दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित छात्रों ने परीक्षा के दौरान नकल की सूचना पर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने 8 सॉल्वरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस मामले पर कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

### कुंभ मेले की बैठक में शामिल होने के लिए संत रवाना

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या के साधु-संतों का जत्था मंगलवार को आगामी कुंभ मेले की बैठक के लिए प्रयागराज रवाना हुआ, जिसमें निवाड़ी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्य देवदास और नंद रामदास के साथ पूर्व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के उत्तराधिकारी महंत संजय दास, पुजारी हेमंत दास हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन प्रेमदास के उत्तराधिकारी डॉ. महेश दास, अभिषेक दास, राजेश दास, पहलवान रामकृष्ण दास, पहलवान केशव दास समेत हनुमानगढ़ी के लगभग एक दर्जन से अधिक साधु संत शामिल रहे। महंत संजय दास ने बताया कि 13 अखाड़े की पहली बैठक में शामिल होने के लिए सभी अखाड़ों के साधु संत प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

### युवतियों से गैंगरेप के 3 आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**गोरखपुर, एजेंसी।** दो युवतियों से सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 16 और 17 जुलाई की दरमियानी रात ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाली 20 वर्ष की दो लड़कियां कुशीनगर में एक कार्यक्रम के बाद गोरखपुर स्थित अपने घर लौट रही थीं। पुलिस के मुताबिक, इस दौरान नीरज, कल्लू और अजय समेत पांच लोगों ने उनका पीछा किया और एकला तटबंध के पास उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# डिजिटल अटेंडेंस पर फैसला टालना भाजपा की चाल : अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रदेश सरकार की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**अमृत विचार:** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था को स्थगित करने और शहर के कुछ आवासीय स्थलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई टाल देने में भाजपा की चाल है। उपचुनावों के मद्देनजर ही वह पीछे हटी है। यह निर्णय टालकर सभी को धोखा दिया गया है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी कार्यालय में शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस निर्णय स्थगन के सवाल पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर मंत्रियों में सीट को लेकर लड़ाई चल रही है, शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में



चला गया है। आपसी खींचतान की वजह से जनता के लिए सोचने वाला भाजपा में कोई नहीं है। इन लोगों को चिंता है कि कहीं उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर ही चुनाव न हार जाएं। तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वह अपने दल के अंदर कर रही है।

## पूर्व जिपं अध्यक्ष समेत कई प्रधानों ने ली सपा की सदस्यता

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव की मौजूदगी में बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही इस मौके पर विकास खण्ड बीकेटी के कई दर्जन प्रधानों ने भी सपा की सदस्यता ली। सपा मुख्यालय में सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि सपा में लोगों के शामिल होने से संविधान बचाने के लिए पीडीए की लड़ाई में मदद मिली है और मोहनलालगंज सीट पर ऐतिहासिक विजय मिली है।

# पुष्पवर्षा से कांवड़ियों का अभिनंदन करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्यमंत्री ने कहा, अगले 72 घंटे में पूरा कराएं कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य

**अमृत विचार:** राज्य सरकार पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पेयजल व शिकंजी की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले 72 घंटे में कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य पूरा कराया जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा मार्ग की ड्रोन से निगरानी कराई जाय और प्रमुख अवसरों पर पुष्पवर्षा भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे कांवड़ यात्रा रूट की साफ-सफाई



कराई जाए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हो, साथ ही पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर अच्छी प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यह उचित होगा कि यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाए जाएं। शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। बैठक में जलशक्ति, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री और पीडब्ल्यूडी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तय मानकों के साथ बजाया जाए डीजे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की ओर से तय मानकों के साथ डीजे बजाया जाना चाहिए, लेकिन डीजे की ऊंचाई एक तय सीमा से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, बस्ती, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी आदि के नगरीय क्षेत्रों में आस्था के केंद्र शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में स्थानीय प्रशासन की ओर से मंदिर प्रबंधन से संपर्क-संवाद कर शिवालयों में भीड़ प्रबंधन कर लिया जाए।

# ढाई हजार निवेशकों से 150 करोड़ की ठगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सुरक्षित निवेश का वादा कर खोलते थे डीमैट अकाउंट, 4 गिरफ्तार

**अमृत विचार:** शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश और अच्छे रिटर्न का झांसा देकर प्रदेश के 2500 निवेशकों के साथ 150 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह के 4 सदस्यों को एसटीएफ और कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

इसमें एक महिला भी शामिल है। यह गिरोह वर्ष 2018 से लोगों को ठग रहा था। गिरफ्तार शातिरों में नासिर अली, निवासी आजाद नगर, जाकिर अली, सलमा बानो और सौरभ बाबू निवासी गोपाल नगर, लखनऊ शामिल हैं। इनके पास से 5 सीपीयू, 4 लैपटॉप, 8 हार्ड डिस्क और एक पैन ड्राइव भी पुलिस ने जब्त की है।

एडीसीपी शशांक सिंह के मुताबिक, नासिर अली व अन्य लोगों को शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश का विश्वास दिलाते हुए तीन दिन में निवेश की गई रकम की वापसी और हर महीने निवेश की गई रकम का दस फीसदी रकम निवेशक के खाते में जमा करने का झांसा देते थे। शक न हो, इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर एक एप 'फैन कैपिटल सर्विसेस' बना रखा था, जिसका एडमिन नासिर अली था। इस एप के माध्यम से निवेशकों की डिटेल लेकर उनका डीमैट एकाउंट खोला जाता था।

## अयोध्या पहुंची बौखनाग की पालकी यात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तराखंड के हिमालय से 1200 किलोमीटर की यात्रा कर प्राचीन देवाधिदेव बाबा बौखनाग देव की पालकी यात्रा बुधवार को अयोध्या पहुंची। यात्रा में शामिल दो हजार से अधिक भक्तों ने रामलला का दर्शन किया।

इसके पहले यह यात्रा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा स्थापित तीर्थ क्षेत्र पुरम पहुंची, जहां ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने



स्वागत किया। यात्रा में उत्तराखंड से पहुंचे सभी श्रद्धालुओं के ठहरने के इंतजाम तीर्थ क्षेत्र पुरम में किए गए हैं। बाबा बौखनाग उत्तरकाशी जिले के यमुना घाटी के आराध्य ईष्टदेव ग्राम देवता हैं।

# बादलों की आवाजाही के बीच बिजली गिरने का अलर्ट

## 20 से मानसून में आएगी तेजी, 30 से अधिक जनपदों में जोर पकड़ेगा मानसून

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ और आसपास इलाके के अधिकतर स्थानों पर जुलाई के पहले सप्ताह में अच्छी बारिश हुई। लखीमपुर, पीलीभीत जैसे जनपदों में बाढ़ जैसे हालत हुए, लेकिन बीते चार-पांच दिनों से मानसून कमजोर हो गया। जिसका असर तापमान पर पड़ा।

लखनऊ और निकट जनपदों में तेज धूप से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन-चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। बुधवार को बादलों की आवाजाही



के बीच धूप में तेजी रही। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, अगले दो दिनों में बारिश के आसार कम हैं। 20 जुलाई से मानसून में तेजी आएगी, जिससे तेज बारिश की संभावना है। लखनऊ सहित 30 से अधिक जनपदों में तेज बारिश की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश शुरू होगी। लखनऊ में अधिकतम तापमान 34.4 रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**गरज और चमक के साथ वज्रपात की संभावना:** दो दिनों बाद राजधानी सहित कई इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से चेतावनी जारी की गई है। कानपुर, बरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, कन्नौज, मैनपुरी, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, औरैया, पीलीभीत, शाहजहांपुर और ललितपुर जनपदों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### बरेली में उमस ने किया बेहाल, तापमान में वृद्धि

बरेली शहर में सुबह से शाम तक बादलों की आवाजाही रही, लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल किया। बढ़ती उमस के बीच दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि हुई। अनुमान है कि ये स्थिति 20 जुलाई तक ऐसी ही बनी रहेगी। 21 जून से वर्षा की शुरुआत हो सकती है। यहां का अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। न्यूनतम तापमान 28.6 रहा।

## अबूधाबी से दिल्ली जा रही उड़ान लखनऊ डायवर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार:** दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर कई चक्कर लगाने के बाद अबूधाबी की उड़ान लखनऊ डायवर्ट हो गई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर एक ही समय कई विमान आ जाने के कारण यह स्थिति बनी। लखनऊ एयरपोर्ट पर एतिहाद एयरवेज की उड़ान संख्या ईवाई 2010 शाम को 4.08 बजे लखनऊ उतरी। दिल्ली एटीसी से मंजूरी मिलने के बाद फ्लाइट वापस यहां से रवाना हुई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार अबूधाबी से आ रही इस फ्लाइट को दिल्ली में लैंड करने की अनुमति नहीं मिल पा रही थी।


## वर्ग पहेली-134

**बाएं से दाएं**

1. बहुत भारी वस्तु को ऊपर उठाने वाला यंत्र या उपकरण, उत्तंभ, उत्थापक, (क्रेन)।
4. ख़ुशामद, ठकुर-सुहाती।
5. 1. दल, समूह, जत्था 2. गिरोह, टोली 3. वर्ग, श्रेणी 4. अनुचर, सेवक 5. किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह 6. शिव के दूत या सेवकों का दल 7. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति
6. 1. जिसपर कलंक लगा हो 2. अपयशी, कुख्यात 3. बदनाम 4. कलंकी।
8. 1. किसी भारी वस्तु के गिरने से होने वाली ध्वनि 2. धरती पर दबाव डालकर चलने से पैदा होने वाला शब्द 3. धमाका धड़ाम, धप।
10. एक पेड़ जिसके बीजों से चिरौंजी निकलती है।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. रक्षा, देख-रेख, रख वाली 2. पालन-पोषण।
3. कैंची या सरौते आदि से किसी चीज़ को काटना, काट-छांट करना।
5. 1. झटके से कुछ खा जाना, चटपट निगलना 2. झूठ बोलना।
7. 1. भाड़ा, वह धन जो किसी की कोई वस्तु काम में लाने के बदले उस वस्तु के मालिक को दिया जाए, (रेंट) 2. रेल
9. मद्य, मदिरा।



### वर्ग पहेली -133 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख | ग | हा | | 2 दे | |
| | | | 3 स | हि | क |
| | 4 अं | गा | र | क | |
| | त | | प | | 5 जो |
| | रा | | 6 ट | के | त |
| 7 झाँ | व | र | | | दा |
| | धि | | 8 व | ज़ी | र |

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 2 | | 5 |
| 9 | | 5 | | | 8 | | 4 | 7 |
| | 2 | | 3 | 6 | | 8 | | |
| 8 | | 6 | | | 4 | | | |
| | 1 | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | | 7 | | 8 | 1 | | 5 | |
| 4 | 5 | | 6 | | | 1 | | 9 |
| 6 | | 1 | | | 3 | | | |

### सुडोकू -46 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 20.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 19 जुलाई 03.25 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने आस-पास रह रहे लोगों से सावधान रहें।

**वृष:** आज नौकरी में किसी अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में किए गए परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को निवेश करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन:** आज घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी को बहुत ही सोच विचार कर धन उधार दें। किसी जोखिम पूर्ण कार्य को करने में कामयाब होंगे। राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आज बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने उच्चाधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा। व्यापार में अपनी योजना को विरोधियों को पता न चलने दें अन्यथा योजना में विभिन्न बाधा आ सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज आप धन का कुछ हिस्सा दानपुर के कार्यों में भी लगाएंगे। चुस्ती एवं स्फूर्ति के साथ अपने कार्य को पूरे मनोयोग से ध्यान देना होगा। विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान को नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या:** आज कोर्ट कचहरी के मामले में आपके खिलाफ निर्णय आ सकता है। परिवार में कठोर वाणी का प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में सरकारी विभाग द्वारा कुछ बाधा उत्पन्न हो सकती है। यदि आपको कोई धन संबंधी समस्या चल रही थी तो वह भी दूर होगी।

**तुला:** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगा। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रह सकता है। आय में कमी हो सकती है। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु:** आज जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर:** आज का दिन अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। अपने बॉस से निकटता का लाभ मिलेगा। मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि संबंधी कार्य में आई बाधा सरकारी मदद से दूर होगी।

**कुंभ:** आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीतिक पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मशीनरी उद्योग से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। शासन-प्रशासन के कार्य में अधिक व्यवस्था रहेगी।

**मीन:** आज जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
चोरी मेरा काम — सुबह : 10.16
मेला — रात : 07.00

**&pictures**
मक्खी — सुबह : 10.24
ये साली आशिकी — रात : 08.00

**Sony Pix**
वाइट हाउस डाउन — सुबह : 10.17
65 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
मिली — सुबह : 09.35
स्टेट ऑफ सीज — शाम : 05.49

**Colors Cineplex**
दिल विल प्यार व्यार — सुबह :11.30
दोस्ताना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुत्र – मां मैं भी तालाब में तैरना चाहता हूं।
मां – नहीं ! बेटा डूब जाओगे
पुत्र – लेकिन पिताजी तो घंटे-भर से तालाब में तैर रहे हैं।
मां – बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

चिंटू- आज मैंने एक स्पेशल डिश बनाई है, जिसे खाते ही गर्मी गायब हो जाएगी।
पिंटू- ऐसा क्या बना दिया तुमने यार?
चिंटू- नवरत्न तेल में पकौड़े।

## एक नजर

### ईडी ने वाल्मीकि सहकारी घोटाला में नागेंद्र की पत्नी से पूछताछ की

**बेंगलुरु।** ईडी ने यहां सरकारी स्वामित्व वाले निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले के संबंध में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र की पत्नी मंजुला से बुधवार को पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए मंजुला को तलब किया था। कांग्रेस के विधायक नागेंद्र पहले ही ईडी की हिरासत में हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा कथित अवैध धन हस्तांतरण घोटाला 26 मई को लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी. के आत्महत्या करने व एक नोट छोड़ने के बाद सामने आया था। सुसाइड नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण का खुलासा हुआ था।

### कश्मीर में मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडे, नारे लगाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आठवें मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन के झंडे और नारे लगाने के आरोप में बुधवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का जुलूस में सरासर उल्लंघन किया गया था। यह जुलूस श्रीनगर के मध्य से गुजरा और इसमें मातम मनाने वाले हजारों शिया शामिल हुए थे। जुलूस के दौरान हिजबुल्लाह के झंडे और आपत्तिजनक नारे लगाये गये थे। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा कि कुछ मुद्दे थे जो आठवें मुहर्रम जुलूस के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार उनका पालन नहीं कयिा गया था।

# केंद्र सरकार के रेड राज से निवेश लगातार हो रहे कम : कांग्रेस

## जयराम बोले- नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत



- सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घाटी आर्थिक विकास की रफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की अस्थिर नीतियों, मित्रवादी पूंजीवाद के बोलबाले और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग के 'रेड राज' के कारण पिछले 10 वर्षों से निवेश कम हो रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारत को नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, बल्कि उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत है।

रमेश ने कहा कि 2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर है। अस्थिर नीतियां, मित्रवादी पूंजीवाद का बोलबाला और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग का रेड राज, इन तीन वजहों से 2014 से निवेश लगातार कम हो रहा है। कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। रमेश ने दावा किया कि भारत में निजी घरेलू निवेश 2014 से सुस्त है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जीडीपी 25-30 प्रतिशत के दायरे में था।

### ध्यान भटकाने की राजनीति बंद करें मोदी: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मुंबई में नौकरी के लिए एकत्र युवाओं की भीड़ वाले वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान भटकाने की राजनीति बंद कर युवाओं के बारे में सोचना चाहिए। 16 जुलाई को मुंबई हवाईअड्डे पर एअर इंडिया में अलग-अलग पदों के लिए आवेदन देने बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी कुछ दिन पहले मुंबई में कह रहे थे कि हमने करोड़ रोजगार देकर रिकॉर्ड तोड़ डाले। आज उसी मुंबई में कुछ वैकेंसीज के लिए आए बेरोजगारों की अपार भीड़ का वीडियो वायरल है।

# असम : मुठभेड़ में हमार के 3 उग्रवादी मारे गए, कई पुलिसकर्मी भी घायल

सिलचर (असम), एजेंसी

असम के कछार जिले में बुधवार को हुए मुठभेड़ में हमार के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर कहा कि सुबह एक अभियान में कछार जिले की पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके राइफल, एक अन्य राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। गुवाहाटी स्थित असम पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ जवानों के घायल होने की पुष्टि की है।

पुलिस ने मंगलवार रात पूर्वी ढोला गंगानगर से 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे किस संगठन के थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऑटोरिक्शा बरामद किया जिसका इस्तेमाल उग्रवादियों ने किया था। उसमें से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस की एक टीम अन्य उग्रवादियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भबन हिल्स इलाके में लेकर गई। उसी समय मुठभेड़ हुई। एक घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए, जबकि तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए।

### कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। साथ ही एक घायल जवान मोर्चा संभाल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के पखांजूर में पिछले तीन घंटे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में एक उप निरीक्षक समेत दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। वहीं दूसरा घायल जवान अब भी मुठभेड़ में मोर्चा संभाल रहा है। मुठभेड़ के स्थान में बैकअप के लिए टीम रवाना हो गई है। इस पूरी घटना की पुष्टि जवानों के वापसी के बाद ही हो पाएगी।

# कर्ज चुका पाने में असमर्थ कर्जदार ने की मुकेश सहनी के पिता की हत्या

- पुलिस ने हत्या के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

दरभंगा, एजेंसी

बिहार की दरभंगा ज़िला पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के हत्या मामले का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरात गांव में हुई हत्या की घटना का खुलासा किया गया है और एक अभियुक्त इसी तहां क्षेत्र के अफजला टोला, सुपौल बाजार का रहने वाला काजिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेड्डी ने बताया कि काजिम ने जीतन सहनी से ब्याज पर कर्ज लिया था, जिसे न चुका पाने के कारण कर्ज के एवज में गिरवी रखी ज़मीन नहीं छुड़ा पा रह था। इसी क्रम में घटना की रात डेढ़ बजे काजिम और उसके साथियों ने सहनी के घर में प्रवेश किया। अभियुक्तों ने जीतन को डराकर जमीन और कर्ज के कागज़ात मांगने लगा लेकिन सहनी ने गाली देना शुरू कर दिया। इस पर काजिम ने सहनी पर चाकू से वार कर हत्या कर दी और भाग निकला।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के पांच छात्र रैगिंग में निलंबित

**शिमला।** शिमला जिले के ठियोग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 12वीं कक्षा के करीब 5 छात्रों को रैंगिंग के आरोप में 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया हैं। स्कूल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 13 जुलाई की रात को 5 छात्रों ने एक छात्रवास में दसवीं कक्षा के कुछ छात्रों की इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठजनों के कपड़े धोने से मना कर दिया था।

उन्होंने बताया कि कनिष्ठ छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। बाद में एक पीड़ित छात्र ने अपने अभिभावकों को फोन पर घटना के बारे में बताया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि वरिष्ठ छात्र उसने पैसे भी मांगते थे। जेएनवी ठियोग की प्राचार्य संजीता शौनिक ने कहा कि उन्होंने छात्रवास जाकर छात्रों की लड़ाई रोकी। उन्होंने कहा कि दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, उसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# हरियाणा में सरकारी नौकरी में अग्निवीरों को 10% आरक्षण

- उम्र में छूट, पुलिस कांस्टेबल, वन रक्षक, जेल वार्डन के लिए की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हरियाणा की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वन रक्षकों और जेल वार्डन की भर्ती के साथ अन्य पदों पर अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि कोई अग्निवीर व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएगी। सैनी ने कहा कि कांस्टेबल, खनन रक्षक, वन रक्षक, जेल वार्डन और विशेष पुलिस अधिकारी की सीधी भर्ती में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप सी और डी के पदों पर भी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। अग्निवीर के पहले बैच के लिए यह छूट 5 वर्ष होगी। उन्होंने अग्निवीर को रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए रियायतों की घोषणा की। अगर कोई औद्योगिक इकाई अग्निवीर को 30 हजार से अधिक वेतन पर नियुक्त करती है, तो सरकार इकाई को 60 हजार की सब्सिडी देगी।

# डोडा के देसा वन में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के देसा वन क्षेत्र में मंगलवार की रात सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई। आतंकियों ने कल रात सुरक्षा बलों के तलाश अभियान दल पर गोलीबारी की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं, जिसके बाद दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्र ने यह भी कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने देसा वन क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान कलान भाटा क्षेत्र के गांव के बाहर और पंचन भाटा के पास एक संदिग्ध गतिविधि को देखने पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना के सुयंक्त बल ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा इलाके में भी तलाश अभियान शुरू किया है। इससे पहले डोडा में सोमवार की रात आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।

# सोने की चोरी के आरोपों पर मंदिर समिति प्रबंधन और शंकराचार्य के समर्थक आमने-सामने

रूद्रप्रयाग, एजेंसी

केदारनाथ मंदिर से सोने की कथित चोरी के आरोपों पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति प्रबंधन और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने चोरी के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आरोप लगाने वालों से मामले की जांच की मांग कराने का अनुरोध किया।

अजय ने आरोपों को षड्यंत्र बताते हुए स्पष्ट किया कि दानदाता ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णजड़ित करने की इच्छा प्रकट की थी। मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव का परीक्षण कर उन्हें इसकी अनुमति दी गई। समिति अधिनियम-1939 में तय प्रावधानों के अनुरूप ही दानदाता से दान लिया गया और विधिवत प्रदेश शासन से अनुमति ली गई।



- केदारनाथ मंदिर से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के केदारनाथ मंदिर में हुई सोने की चोरी की जांच की मांग के समर्थन में केदारनाथ के तीर्थ पुरोहित आ गए हैं। पुरोहितों ने जारी वीडियो संदेश में कहा कि तीर्थ पुरोहित केदारनाथ धाम में चांदी और सोने की परत लगाने का विरोध करते रहे हैं। केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने आरोप लगाया कि गर्भगृह से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब हैं। आखिर 230 किलो सोना कहां गया। उन्होंने पूर्व में लगी चांदी के बारे में भी समिति से जवाब मांगा है।

# केजरीवाल की जमानत पर 29 को निर्णय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल का पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने उन्हें जमानत देने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

# फर्जी प्रमाणपत्र पर बर्खास्तगी और हो कार्रवाई

- राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के पूर्व प्रमुख बोले- प्रशिक्षण खर्च और वेतन की होनी चाहिए वसूली

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर से जुड़े विवाद के बीच लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि जो लोग सिविल सेवाओं में शामिल होने के लिए फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाण पत्र का उपयोग करते पाए जाते हैं, उन्हें न सिर्फ बर्खास्त किया जाना चाहिए, बल्कि उनसे प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली भी की जानी चाहिए।

खेडकर द्वारा अधिकार और विशेषाधिकारों के दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद, सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की भरमार हो गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम, चित्र और अन्य विवरण साझा करते हुए दावा किया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए उपलब्ध लाभों का उपयोग करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया। चोपड़ा ने कहा, यह व्यवस्था में एक गंभीर रोग है। ऐसा करते हुए जो कोई भी पाया जाता है, वह न सिर्फ एक योग्य उम्मीदवार को वंचित करता है, बल्कि जानबूझकर आपराधिक साजिश में शामिल होता है।

### खेडकर के घर के पास अवैध निर्माण हटाया : अधिकारी

**पुणे।** प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के बंगले के पास अवैध निर्माण को हटाया गया है, नगर निकाय ने उन्हें इस के लिए नोटिस दिया था। अधिकारी ने बताया कि हो सकता है खेडकर परिवार ने कथित अतिक्रमण हटा लिया हो, क्योंकि पुणे नगर निगम की दी समय सीमा अभी समाप्त नहीं हुई है। निगम अधिकारियों ने 13 जुलाई को शहर के बानेर रोड इलाके में स्थित बंगले के बाहर नोटिस चिपकाया था।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2075, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1765, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1615, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 ।चावल- ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 ।दाल दलहन- मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 ।चीनी -डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

# देश में तेल खली निर्यात 20% बढ़कर 3.35 लाख टन पहुंचा

## डीओसी निर्यात में कमी का कारण सरसों, अरंडी और प्रतिबंध लगना

नई दिल्ली, एजेंसी

सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए।

एसोसिएशन ने कहा कि अप्रैल-जून, 2024 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 12,10,045 टन की तुलना में घटकर 11,02,632 टन रह गया, जिसका मुख्य कारण सरसों डीओसी, अरंडी डीओसी के निर्यात में कमी और निर्यात प्रतिबंध के कारण पिछले साल सितंबर से चावल भूसी डीओसी (डी-ऑइल राइस ब्रान) का निर्यात नहीं होना है। एसईए ने कहा कि चावल भूसी डीओसी की कीमतें अब निचले स्तर पर हैं और इसके नीचे जाने की भी संभावना है। उन्होंने सरकार से 31 जुलाई, 2024 से आगे प्रतिबंध को नहीं बढ़ाने का आग्रह किया।



- चावल भूसी डीओसी की कीमतों में गिरावट की भी संभावना

### बीते साल स्थिर रहा चाय निर्यात

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात कैलेंडर साल 2023 में 23 करोड़ 16.91 लाख किलो पर स्थिर रहा है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 2022 के दौरान चाय का निर्यात 23 करोड़ 10.8 लाख किलो था। प्रमुख बागान मालिक संगठन भारतीय चाय संघ (आईटीए) के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भुगतान समस्याओं के कारण ईरान के बाजार में नुकसान ने चाय के समग्र उठाव को प्रभावित किया है। ईरान द्वारा भारतीय चाय का आयात 2019 के 5.4 करोड़ किलो की तुलना में 2023 में 51.6 लाख किलो गिरा था। रूस को भेजी जाने वाली खेप भी यूक्रेन के साथ संघर्ष से प्रभावित हुई। 2023 में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात 14.1 करोड़ किलो था, जबकि दक्षिण भारत का निर्यात नौ करोड़ 6.9 लाख किलो था।

# यात्री वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव की जरूरत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मानद मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव छाबा ने कहा है कि भारत में यात्री वाहनों पर मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर संरचना पुरानी हो चुकी है। इसे मोटर वाहन उद्योग में हो रहे घटनाक्रमों के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार को मोटर वाहन क्षेत्र पर नीतियां बनाते समय वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, आयात बिल में कमी, सतत आपूर्ति श्रृंखला और स्वामित्व की कुल लागत के समग्र परिप्रेक्ष्य पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय बजट से पहले हाइब्रिड वाहनों को कर प्रोत्साहन देने पर विचार करने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा मजबूत प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पर ऐसे लाभ के लिए विचार होना चाहिए, जिनमें परंपरागत इंजन से स्वतंत्र बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में चलने की क्षमता हो।

# एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7 प्रतिशत पर रखा बरकरार



- बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 7% पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 7% किया है। आईएमएफ ने अप्रैल 6.8% रहने का अनुमान लगाया था।

आरबीआई ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को 7 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में 7% की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2% की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2% की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा। विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

# वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां पर लेने वाला कोई नहीं : एफबीएसबी

- बैंक, बीमा, ब्रोकरेज की कंपनियों को प्रशिक्षितों की जरूरत
- देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या : सीईओ

अहमदाबाद, एजेंसी

एफपीएसबी (फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी 5 साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।

उन्होंने कहा कि बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों (सीएफपी) की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं। एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. (एफपीएसबी लिमिटेड) की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है।

# छोटी कंपनियों ने दिया बड़ा रिटर्न, मिडकैप 30% चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की आर्थिक बुनियाद तथा घरेलू स्तर पर सुधार के बीच इस साल छोटी कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को अधिक रिटर्न दिया है। बीएसई मिडकैप 16 जुलाई तक 10,984.72 अंक या 29.81% चढ़ा है, जबकि स्मॉलकैप में 11,628.13 अंक या 27.24% का उछाल आया है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि मिड और स्मॉलकैप के शेयरों के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में उछाल है। म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) और प्रत्यक्ष निवेश से इन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू धन का प्रवाह हो रहा है। जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि बड़े शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से वे मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से पीछे रह गए। बीएसई मिडकैप सूचकांक इस साल 16 जुलाई को 48,175.21 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि स्मॉलकैप आठ जुलाई को 54,617.75 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि इस वर्ष मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक के बेहतर प्रदर्शन से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं में क्षेत्र-विशेष में उछाल और उनका निचला मूल्यांकन तथा अर्थव्यवस्था की उच्च वृद्धि क्षमता को दिया जा सकता है।



- मिड और स्मॉल के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में आई उछाल

### एलआईसी ने की कमाई, एसबीआई को भी फायदा

**मुंबई।** बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर एक साल में 79% तक उछल चुका है। पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपये पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ। इसकी तुलना में एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते एक साल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शेयर भी 1,314 रुपये से बढ़कर 1,621.20 रुपये पर पहुंच गया। इसने 23 % की बढ़त हासिल की है। बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीम, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है।





# सुमित नागल व ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को नॉर्डिया ओपन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है। नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का जर्मनी में हैम्बर्ग ओपन में जैकब श्नाटर और मार्क वॉलनर की जर्मन जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर का मैच गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया है। बोपन्ना और बालाजी पेरिस ओलंपिक के लिए भी जोड़ी बनाएंगे। हैम्बर्ग ओपन में भाग ले रही एक अन्य जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत ने दूसरे दौर का क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।


<< एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।

## विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

# शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक




**ह्यूस्टन।** भारत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइजर को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है।

# अंतिम के कोचों के नाम नहीं, उषा ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंघाल के कोचों के नाम शामिल न करने पर डब्ल्यूएफआई की तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना





भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि समिति ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों को भेजी गई लंबी सूची में पहलवान अंतिम पंघाल के कोचों के नाम नहीं दिए। आईओए की प्रतिक्रिया खेलों के लिए अंतिम के पसंदीदा कोचों को वीजा मंजूरी मिलने में देरी के मद्देनजर आई है।

हिसार में प्रशिक्षण लेने वाली 19 साल की पंघाल पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान थीं। उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में जगह बनाई थी। अंतिम चाहती हैं कि उनके कोच भगत सिंह और विकास तथा फिजियोथेरेपिस्ट हीरा उनके साथ यात्रा करें। उषा ने कहा अंतिम ने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सितंबर 2023 की शुरुआत में ही भारत को ओलंपिक कोटा दिला दिया था। कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति ने अपनी समझदारी से ओलंपिक खेल आयोजन समिति को भेजे गए नामों की लंबी सूची में अंतिम के कोच या फिजियोथेरेपिस्ट का नाम शामिल नहीं करने का फैसला किया। पहलवानों को तीन अगस्त को पेरिस पहुंचना है और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को दो अगस्त को बायोमेट्रिक्स के लिए समय मिला है।

आईओए ने दिसंबर 2023 में अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा को तदर्थ पैनल का प्रमुख नियुक्त किया था जबकि एमएम सोमाया तथा मंजूषा कंवर इसके अन्य सदस्य हैं। आईओए अध्यक्ष ने पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। उषा ने कहा यह अजीब बात है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची को मंजूरी दी थी उन्होंने भगत सिंह या हीरा या विकास को शामिल करने की सिफारिश करना उचित नहीं समझा। कुछ दिन पहले अंतिम के पिता आईओए में आए, उसके बाद ही मैंने मंत्रालय से उन्हें मंजूरी दिलवाई।

इस बीच आईओए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि पंघाल को वीएफएस के पास जाने के बजाय आईओए से हस्तक्षेप के लिए संपर्क करना चाहिए था। अधिकारी ने कहा अगर वह हमारे पास आती तो हम फ्रांसीसी दूतावास से अनुरोध करते और यह आसानी से हो जाता क्योंकि दूतावास बहुत सहायक है। हम हस्तक्षेप करते और समाधान की तलाश करते लेकिन मुझे लगता है उन्हें किसी ने गुमराह किया है। आईओए प्रमुख ने समर्थन के लिए फ्रांसीसी दूतावास की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक : पदकों के सफर को हैं तैयार हम

## 117 भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों की सूची जारी, निशानेबाजी दल के प्रमुख होंगे गगन नारंग, आभा बाहर

PARIS 2024

ओलंपिक 8 दिन शेष

**72** अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को दी गई है मंजूरी

**17** सदस्य शामिल हैं एथलेटिक्स के सहयोगी स्टाफ में

**72** सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मिली है मंजूरी

**67** सहयोगी स्टाफ के सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं शामिल

**29** खिलाड़ी सर्वाधिक एथलेटिक्स के हैं जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष

**11** महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी निशानेबाजी दल में हैं शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है।

विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि चोट लगने, डोपिंग उल्लंघन या किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उनका नाम हटाया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।

पत्र में कहा गया है कि खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है। आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं।

मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं। तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी।

एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।



# दक्षिण एशिया के लिए दीपा प्रतिनिधि नियुक्त



- लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एशियाई पैरालंपिक समिति ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। एपीसी के अध्यक्ष माजिद रशीद ने कहा हमारे कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक कदम है, विशेषकर जब डॉक्टर दीपा मलिक के अनुभव, कौशल और जानकारी रखने वाली कोई महिला इसमें शामिल हो। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा। दीपा ने कहा दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है। भारत लंबे समय से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नेतृत्वकर्ता रहा है और अब इस बड़े परिवार में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने का सही समय है।

## मेयर ने सफाई दिखाने के लिए सीन नदी में लगाई डुबकी

**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने महीनों पहले किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए नौ दिन बाद शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक के दौरान तैराकी स्पर्धाओं की मेजबानी के मद्देनजर सीन नदी की स्वच्छता दिखाने के लिए बुधवार को इसमें डुबकी लगाई। वेटसूट पहनकर हिडाल्गो ने अपने कार्यालय सिटी हॉल और नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास नदी में छलांग लगाई। पेरिस 2024 के प्रमुख टोनी एस्टांगुएट और पेरिस क्षेत्र के शीर्ष सरकारी अधिकारी मार्क गिलियूम भी उनके साथ शामिल थे। हिडाल्गो ने नदी से बाहर निकलते हुए कहा पानी बहुत अच्छा है। थोड़ा ठंडा है, लेकिन इतना खराब नहीं है। यह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले नदी की स्वच्छता दिखाने का प्रयास है जिसमें सीन नदी पर नावों पर खिलाड़ियों की परेड भी शामिल है। जून के शुरू में जल गुणवत्ता जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया का असुरक्षित स्तर मिला था जिसके बाद हाल ही में सुधार हुआ। नदी की स्वच्छता के लिए डेढ़ अरब डॉलर का खर्चा किया गया है। जिससे हर दिन नदी के पानी की जांच की जा रही है और हाल में जांच के परिणामों में सुधार दिखा है।

# ओलंपिक में स्वच्छंद होकर खेलें : कपिल

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों के महाकुंभ में स्वच्छंद होकर खेलने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व 117 सदस्यीय दल करेगा और देश को तोक्यो में जीते सात पदकों की संख्या को बेहतर करने की उम्मीद है।



- भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दी सलाह
- ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग का दूसरा सत्र दो से सात सितंबर तक होगा

ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग (टीजीसीएल) के दूसरे सत्र की घोषणा के मौके पर कपिल ने कहा मैं किसी खिलाड़ी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल और अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी को मेरी सलाह होगी कि वे जाएं और खुद को जाहिर करें, स्वच्छंद होकर खेलें। हम क्यों उम्मीद नहीं करेंगे कि हम दोहरे अंक में पदक जीतेंगे। कपिल ने हालांकि भारतीय क्रिकेट और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर पर टिप्पणी करने से परहेज किया। अगर गौतम गंभीर वह पद संभाल रहे हैं तो मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## ओलंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

**एथेंस।** पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।


## बॉलीवुड हलचल

# वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म वॉर 2 में खुफिया एजेंसी के एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म वॉर में ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फैंस इस फिल्म के सेकेंड पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वॉर-2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में मार्च के महीने से शुरू की थी। दोनों ने मई के महीने में वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। वॉर 2 के सेकेंड शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में होगी, जहां एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी। इस शूटिंग में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा भी होंगी। कहा जा रहा है कि कियारा आडवाणी वॉर 2 खुफिया एजेंसी से जुड़े किसी एजेंट की भूमिका निभा सकती हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

# विक्रम भट्ट की फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट की आने वाली हॉरर फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी हॉट स्टार और महेश भट्ट प्रस्तुत ब्लडी इश्क में अविका गौड़ और वर्धन पुरी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म 26 जुलाई को डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ब्लडी इश्क के ट्रेलर की शुरुआत एक सुनसान आईलैंड और उस पर बने एक हवेली से होती है। इसके बाद अविका की आवाज सुनाई देती है, जहां वह वर्धन से पूछती हैं कि इस आईलैंड पर और कौन रहता है? वर्धन जवाब देते हैं, कोई नहीं। ट्रेलर के आखिर में इसकी पुष्टि भी हो जाती है। एक लड़की आत्मा अविका से कहती है कि यह भुतहा हवेली है। लेकिन अब सवाल ये है कि ये लड़की कौन है? उसकी आत्मा क्यों भटक रही है? और वह अविका के पीछे क्यों पड़ी है?

## बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे, बीटीएस वीडियो रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे होने पर इस फिल्म का एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो रिलीज किया गया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान 17 जुलाई 2015 को प्रदर्शित हुयी थी। बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर और हर्षाली मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बजरंगी भाईजान के नौ साल के सफर को याद करते हुए मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो रिलीज किया है। यह वीडियो दोस्ती और इस खास फिल्म को बनाने में लगी मेहनत को दर्शाता है। इस वीडियो में हल्के-फुल्के तरीके और मजाक मस्ती के बीच बनी फिल्म की झलकियां देखने को मिल रही हैं।

# श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूजीलैंड का दौरा

**क्राइस्टचर्च।** आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीजन के दौरान छह वनडे और आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी-20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूजीलैंड सिर्फ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

2025-26 सीजन में न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ टी-20 और वनडे सीरीज खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीजन के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेजबानी पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवतः आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

# आईसीसी ने छह देशों को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार के लिए चुना

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023 के वैश्विक विजेताओं में शामिल हैं मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना पार्थसारथी भी शामिल हैं। आईसीसी डेवलपमेंट (विकास) पुरस्कार 2002 में शुरू किये गये थे जो एसोसिएट सदस्य देशों में खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किये गये काम के लिए दिए जाते हैं। मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजानओं के लिए आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए।

ओमान क्रिकेट को क्रिकेट4हर कार्यक्रम के लिए 100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है। नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में राष्ट्रपति को करेगी नामित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह में डेमोक्रेट्स ऑनलाइन मतदान कराने की कोशिश करेंगे। पार्टी में कुछ लोग बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन पर मैदान से हटने के लिए दबाव डाल रहे हैं। हालांकि दौड़ से हटने के इन लोगों के आह्वान को ठुकरा दिया है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति शुक्रवार को अपनी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी और अगले सप्ताह इन्हें अंतिम रूप देगी।

### अमेरिकी सीनेटर मेनेंडेज भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संघीय अदालत ने डेमोक्रेटिक सीनेटर बॉब मेनेंडेज को मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी करार दिया है। मेनेंडेज पर नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज-बेंज सहित हजारों डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप था। न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि विदेश संबंध समिति के प्रमुख रह सीनेटर ने विदेशी सरकारों की मदद करने के बदले में रिश्वत स्वीकार की।

### इराक में अमेरिकी सेना के हवाईअड्डे पर ड्रोन से हमला

**बगदाद।** इराक के पश्चिमी अनबर प्रांत में अमेरिकी सेना के ऐन अल-असद हवाईअड्डे पर मंगलवार को दो ड्रोन ने हमला किया। इराकी सेना के अधिकारी ने बताया कि ड्रोन ने हवाईअड्डे की परिधि पर हमला किया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इराकी बलों ने अपना अलर्ट स्तर बढ़ा दिया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सिंगापुर में तीन भारतीय नागरिक हिरासत में

**सिंगापुर।** मादक पदार्थ की खेप ले जाने के आरोप में इंडोनेशिया के अधिकारियों ने सिंगापुर के झंडे वाले जहाज पर सवार तीन भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर करीमुन जिले के पोंगकर जलक्षेत्र में लीजेंड एक्वेरियस नामक मालवाहक जहाज को रोका था।

### रूस-यूक्रेन ने युद्धबंदियों की अदला-बदली की

**कीव।** यूक्रेन और रूस ने 95-95 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। तीन सप्ताह पहले भी युद्धबंदियों की अदला-बदली की गई थी। यह बंदी सैनिकों को वापस भेजने के लिए होने वाले समझौतों का हिस्सा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस अदला-बदली की सूचना दी।

### ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज की सूची में तीन भारतीय भी


**लंदन।** राजस्थान के एक और कर्नाटक के दो छात्रों ने चेग.ओआरजी ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2024 के लिए शीर्ष 50 उम्मीदवारों में जगह बनाई है। पुरस्कार स्वरूप एक लाख अमेरिकी डॉलर दिए जाते हैं। इस सूची में बेंगलुरु के बीजीएस नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रज्वल नवीन हलाले, नेशनल पब्लिक स्कूल आरएनआर की दिवा उत्कर्ष और जयपुर के जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल के कविन शर्मा शामिल हैं।

# नेपाल में विश्वास मत पर फैसला रविवार को

- नियुक्ति के 30 दिन के भीतर विश्वास मत हासिल करना होगा

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में संविधान के अनुसार आवश्यक विश्वास मत हासिल करेंगे।



ओली (72) ने सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

एक समाचार पोर्टल ने सीपीएन-यूएमएल के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया कि ओली ने रविवार को विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। संविधान के अनुसार ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

ओली के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही घंटों के भीतर तीन अधिवक्ता - दीपक अधिकारी, खगेंद्र प्रसाद चापागेन और शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने नेपाल के उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर करते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती दी।

## थाइलैंड के होटल में मृत मिले लोगों के रक्त में साइनाइड के अंश

**बैंकॉक।** बैंकॉक के एक होटल में संदिग्ध हालात में मृत मिले छह लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने रक्त में साइनाइड के अंश मिलने की बुधवार को पुष्टि की। साइनाइड के सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. कोर्नकियाट वोंगपाइसरनसिन ने कहा कि सिटी स्कैन में शवों पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं जिससे यह अनुमान पुष्ट होता है कि उन्हें जहर दिया गया। बैंकॉक के व्यस्त इलाके में स्थित ग्रैंड हयात इरावन होटल में मंगलवार को छह शव पाए गए थे।

# मॉरीशस के साथ भारत की अटूट प्रतिबद्धता

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा के दौरान शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की
- हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर दोनों देशों के नेताओं ने चर्चा की

**पोर्ट लुई, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉरीशस के विपक्षी नेता अरविन बूलेल सहित वहां के शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनसे द्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में अपने वर्तमान कार्यकाल में यह उनका पहला दौरा था। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा था यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बूलेल के साथ मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर चर्चा की। जयशंकर ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पॉल बेरेन्जर और नवीन रामगुलाम से भी मुलाकात की।



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस के विपक्ष के नेता अरविन बूलेल से मुलाकात की। • एजेंसी

### आधुनिक चिकित्सा संस्थान का हुआ उद्घाटन

**पोर्ट लुई (मॉरीशस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की वित्तीय सहायता से यहां निर्मित एक आधुनिक चिकित्सा संस्थान का बुधवार को उद्घाटन करते हुए इसे दोनों देशों की मित्रता की नवीनतम अभिव्यक्ति करार दिया। जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। मॉरीशस उन शुरुआती देशों में शामिल है, जहां की यात्रा उन्होंने अपने मौजूदा कार्यकाल में की है। ग्रैंड बोई में चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन करते हुए जयशंकर ने कहा कि इससे 16,000 लोगों को लाभ होगा।


# ट्रंप के खिलाफ सच बोलना जारी रखूंगा

## राष्ट्रपति बाइडेन ने राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का किया आह्वान

**लास वेगास, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का आह्वान किया। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि ऐसा करने का यह मतलब नहीं है कि हम सच बोलना बंद कर दें।

लास वेगास में एनएएसीपी सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि देश में राजनीतिक हिंसा से निपटने का मतलब हर तरह के खूनखराबे पर लगाम लगाना, पुलिस की क्रूरता का बेहतर मुकाबला करना और ट्रंप पर बीते सप्ताहांत हुए हमले में इस्तेमाल एआर-स्टाइल राइफल जैसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाना होना चाहिए। देश में एक महत्वपूर्ण चर्चा का समय आ गया है। हमारा राजनीतिक परिदृश्य बहुत गरमा गया है। और चार साल के नारों के बीच उन्होंने कहा सिर्फ इसलिए कि हमें अपनी राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करनी चाहिए, क्योंकि यह हिंसा से संबंधित है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सच बोलना बंद कर देना चाहिए। सम्मेलन में राष्ट्रपति अश्वेत मतदाताओं के लिए अपने प्रशासन के समर्थन को प्रदर्शित करते नजर आए, जो डेमोक्रेटिक पार्टी का बड़ा वोट बैंक होने के साथ ही उनके दृढ़ समर्थक भी माने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के पद पर ट्रंप के कार्यकाल को अश्वेत अमेरिकियों के लिए नर्क करार दिया। बाइडेन ने कोरोना वायरस महामारी के कुप्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान बढ़ी बेरोजगारी और अश्वेत इतिहास को मिटाने के कथित प्रयासों को लेकर भी ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा।



### ट्रंप के साथ भारतवंशी रामास्वामी-निक्की हेली

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के बाद उन्हें अपने विरोधी रहे नेताओं का भी साथ मिलने लगा है। निक्की हेली, विवेक रामास्वामी जैसे भारतवंशी नेताओं के अलावा फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसेंटिस ने बुधवार को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में संबोधित किया।

### बीमारी पर पद की दौड़ से हो सकते हैं बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेट्स के बीच पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पद छोड़ने की बढ़ती मांग के परिप्रेक्ष्य में जो बाइडेन ने हाल ही में एकमात्र ऐसी बात का खुलासा किया है जो उन्हें 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर देगी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार डेमोक्रेट्स ने 81 वर्षीय बाइडेन से जून में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस में उनकी आलोचना को लेकर किए गए प्रदर्शन के मद्देनजर राष्ट्रपति पद की दौड़ छोड़ने का आग्रह किया है। बाइडेन ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है और उन अफवाहों को खारिज कर दिया है कि वह अगले राष्ट्रपति के पद के लिए अयोग्य हो सकते हैं।

### बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में खो रहे समर्थन

**वाशिंगटन।** निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में समर्थन खो रहे हैं। इन राज्यों के लोग नवंबर के चुनावों से पहले धीरे-धीरे अपने पूर्ववर्ती और प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की ओर रुख कर रहे हैं। सीएनएन ने बुधवार को पोल डेटा का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। ब्लूलैब्स पोलस्टर द्वारा आयोजित, अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा वित्त पोषित और सीएनएन द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन में बाइडेन से आगे निकल रहे हैं, जिसे मौजूदा राष्ट्रपति 2020 के चुनाव में अपने पक्ष में करने में कामयाब रहे थे।

## ट्रंप की हत्या की साजिश में संलिप्तता से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को खारिज किया लेकिन साथ ही एक प्रतिष्ठित जनरल की 2020 में की गई हत्या के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का संकल्प जताया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नसीर कनानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक गणराज्य शहीद जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के अपराध में ट्रंप की सीधी भूमिका के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सुलेमानी, ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर कुद्स फोर्स के कमांडर थे और जनवरी 2020 में बगदाद में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए थे। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि शनिवार को पेनसिल्वेनिया में हुई रैली से कुछ दिनों पहले ईरान से ट्रंप की जान को खतरे के कारण उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी लेकिन इसका रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या की कोशिश से कोई संबंध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सैयद इरावनी ने मंगलवार को आरोपों को निराधार बताया था।

# संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भिड़े रूस-अमेरिका

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर पश्चिमी देशों को हथियार का डर दिखाकर अपने पाले में रखने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालने का मंगलवार को आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने इसे रूस का पाखंड करार देते हुए कहा कि अपने पड़ोसी यूक्रेन पर हमला करने वाला देश वैश्विक सहयोग की बात कर रहा है। यह आरोप-प्रत्यारोप इस महीने रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। इसका विषय था अधिक न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और टिकाऊ विश्व व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय सहयोग।

रूस के विदेश मंत्री लावरोव बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मास्को से संयुक्त राष्ट्र आए। बैठक से ठीक पहले, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्जी किस्लित्स्या ने अमेरिका समेत करीब 50 देशों की ओर से एक बयान पढ़ा। संयुक्त बयान में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के रूस द्वारा घोर उल्लंघन और उसके द्वारा बहुपक्षीय व्यवस्था के संरक्षक के रूप में खुद को प्रस्तुत करने के कुटिल प्रयास से विचलित नहीं होना चाहिए।

देशों ने यूक्रेन के विरुद्ध रूस की कार्रवाई, संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए रूस को उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य सहायता देने तथा संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के प्रभावी रहने के दौरान ईरान की ओर से नियमों के उल्लंघनों की निंदा की। बयान में कहा गया रूस की निरंतर अवैध कार्रवाइयां और घोर पाखंड बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को कमजोर करते हैं और क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाते हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।




- रूस की वैश्विक सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक को अमेरिका ने बताया पाखंड
- रूस ने पश्चिमी देशों को बताया अमेरिकी बंधक

## हसीना ने छात्रों की मौत पर खेद जताया, आज देशव्यापी बंद

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के प्रावधान में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के जवाब में गुरुवार को देशव्यापी बंद का आह्वान किया है। देशभर में छात्रों के इन प्रदर्शनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में चार छात्रों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है। आंदोलन के एक प्रमुख समन्वयक आसिफ महमूद ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर पोस्ट में कहा कि गुरुवार को अस्पताल और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे और केवल एम्बुलेंस सेवाओं को ही संचालित करने की अनुमति होगी। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में लोगों के मारे जाने पर गहरा खेद जताया।

# स्थानांतरित होंगे स्पेसएक्स और एक्स के मुख्यालय

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**

उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि वह स्पेसएक्स तथा सोशल मीडिया मंच एक्स का मुख्यालय कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर रहे हैं। एक्स पर मस्क ने लिखा कि वह स्पेसएक्स को कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को से ऑस्टिन स्थानांतरित किया जाएगा।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने सोमवार को एक नए कानून पर हस्ताक्षर किए जिसके बाद मस्क ने यह फैसला किया है। यह नया कानून जिला स्कूलों के कर्मचारियों को बच्चों की लैंगिक पहचान बदलने के बारे में उनके माता-पिता को जानकारी देने की आवश्यकता पर रोक लगाता है। मस्क ने लिखा मैंने करीब एक वर्ष पहले गवर्नर न्यूसम को स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार के कानून कंपनियों तथा परिवारों को अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कैलिफोर्निया छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे।



### व्हाट्सएप हेतु स्पीड डायल जैसी सुविधा की घोषणा

**वाशिंगटन।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में व्हाट्सएप के लिए एक नई सुविधा का अनावरण किया जो स्पीड डायल की तरह काम करता है और उपयोगकर्ताओं को अपने संचार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## कोविड टीकों से जुड़े समझौतों की नहीं दी पर्याप्त जानकारी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ की सामान्य अदालत ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय आयोग ने जनता को दवा कंपनियों से कोविड-19 रोधी टीकों की खरीदारी के संबंध में हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। यह फैसला यूरोपीय संसद में होने वाले एक महत्वपूर्ण मतदान से एक दिन पहले आया है, जिसमें यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन एक बार फिर इस पद पर निर्वाचित होने की उम्मीद कर रही हैं। ईयू के सांसदों के एक समूह ने कोरोना काल में दवा कंपनियों और यूरोपीय आयोग के बीच कोविड-19 रोधी टीकों की खरीद को लेकर हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी देने से आयोग के इनकार के बाद अदालत का रुख किया था। महामारी ने ईयू और बड़ी दवा कंपनियों के बीच टीकों की खरीदारी को लेकर होने वाली बातचीत में पारदर्शिता के मुद्दे पर प्रकाश डाला है।

# महाराजा के अभिभाषण से संसद शुरू

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव के कुछ दिन बाद, बुधवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने संसद को संबोधित किया और आगामी वर्ष के लिए लेबर पार्टी की नयी सरकार की विधायी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। नई सरकार के संसदीय एजेंडे को निर्धारिते करने वाले अभिभाषण में करीब 40 विधेयकों और अन्य नीतिगत प्राथमिकताओं का जिक्र था जिन्हें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर लागू करना चाहते हैं।

अभिभाषण के मुख्य आकर्षण आर्थिक विकास, गृह निर्माण और रेलवे के राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दे रहे। इसके साथ ही इसमें देश में धन का सृजन और कामकाजी लोगों के जीवन स्तर में सुधार पर जोर दिया गया है। सरकार द्वारा तैयार भाषण को पढ़ते हुए 75 वर्षीय महाराजा ने कहा मेरी सरकार का विधायी कार्यक्रम मिशन-आधारित होगा और सुरक्षा, निष्पक्षता और सभी के लिए अवसर के सिद्धांतों पर आधारित होगा। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा आर्थिक विकास सुरक्षित करना बुनियादी मिशन होगा।



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संसद के राजकीय उद्घाटन पर अभिभाषण से पहले राजा चार्ल्स III और रानी कैमिला अपने सिंहासन पर बैठते हुए।

### कई दिनों तक होगी चर्चा

नए संसदीय सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। दोनों सदनों- कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स - में अभिभाषण पर कई दिनों तक चर्चा होगी और उसके बाद मतदान कराया जाएगा। सरकार का जोर देश के हर हिस्से को बेहतर बनाने में मदद करने पर है।

### प्रीति बन सकती हैं नेता

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल (52) संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष के नेता के रूप में कंजर्वेटिव पार्टी में दावा पेश कर सकती हैं। सुनक इस्तीफे के बाद संसद के राजकीय उद्घाटन समारोह में अंतरिम विपक्षी नेता के रूप में शामिल होंगे।

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों पर कार्रवाई की सिफारिश

**पुणे, एजेंसी**

### पोर्श कार हादसा

- नाबालिग को जमानत देने के मामले में प्रक्रियागत खामी को लेकर कार्रवाई की तैयारी

चर्चित पोर्श कार हादसे के आरोपी नाबालिग को जमानत देने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित समिति ने प्रक्रियागत खामी को लेकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई को कथित तौर पर शराब पीकर तेज रफ्तार से लग्जरी पोर्श कार चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। जेजेबी सदस्य एलएन दानवडे द्वारा 300 शब्दों में सड़क सुरक्षा पर आलेख लिखने सहित मामूली शर्तों पर आरोपी को जमानत दिए जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर हंगामा शुरू हो गया था।

इसके बाद महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने आरोपी नाबालिग को जमानत देने वाले जेजेबी के दो सदस्यों के आचरण की जांच करने के लिए समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियों, कदाचार और नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। डब्ल्यूसीडी द्वारा गठित समिति ने जांच के तहत जेजेबी के दोनों सदस्यों के बयान को भी दर्ज किया।

### खगोल विज्ञान

**दिलचस्प सुपर-अर्थ दुनिया में जीवन बसाने की है उम्मीद**

# ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** एक ऐसी दुनिया का पता चला है, जो बर्फ से घिरे अकूत पानी के सागर से लबालब है। हूबहू पृथ्वी जैसे सागरों की मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है।

एक अदद जीवनयोग्य धरती की तलाश में खगोलविद संघर्षरत हैं और उनका संघर्ष किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की आस का ढांढस बंधाती है। पिछले करीब तीन दशक के अंतराल में पांच हजार से अधिक बाहरी ग्रहों पता लगाने में खगोलविद सफल रहे हैं। जिनमें से कई पर जीवन बसाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, लेकिन इस दिशा में लंबा समय लगना है। जिसमें दशकों ही नही बल्कि सदी भी लग सकती है। मगर जरूरी है कि अभी से प्रयास किए जाएं और यही हमारा वैज्ञानिक वर्ग कर भी रहा है। अब जो दुनिया मिली है, उसका नाम एलएचएस 1140 बी दिया है। यह ग्रह हमसे लगभग 48 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी की तरह अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ग्रह एक सुपर अर्थ महासागरीय दुनिया है। संभवतः बर्फ से घिरि हुई है या फिर बर्फ से ढकी भी हो सकती है। तरल जल इस धरती पर जीवन की संभावना को प्रबल बल देता है। अभी तक के अध्ययन से पता चलता है कि यह एक्सोप्लैनेट रहने योग्य क्षेत्र में है। यह सम्भवना भी जताई जा रही है कि यह बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा या शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान हो सकता है। बहरहाल आगे के अवलोकन करने के बाद इसकी वास्तविकता का सही पता चलेगा। माना जा रहा है कि यह हमारे सौर मंडल के बाहर पाया जाने वाला पहला संभावित रहने योग्य समुद्री संसार वाला ग्रह होगा।



पृथ्वी के साथ सुपर अर्थ ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### एलएचएस 1140 बी खोज

मॉन्ट्रियल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और अन्य अंतरिक्ष आधारित दूरबीनों के सहयोग से एलएचएस 1140 बी खोज हुई है। इसका वातावरण पृथ्वी की तरह नाइट्रोजनयुक्त है। साथ ही हाइड्रोजन भी है। 10 जुलाई को द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया गया है।

# गरीब देशों को वित्तीय मदद की सख्त जरूरत

**बाकू (अजरबैजान), एजेंसी**

अजरबैजान में नवंबर में होने वाली जलवायु वार्ता के लिए मनोनीत अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने बुधवार को विश्व नेताओं से कहा कि गरीब और आपदाग्रस्त देशों के लिए एक नया वित्तीय सहायता पैकेज बहुत जरूरी है।

अजरबैजान के पारिस्थितिकी मंत्री मुख्ता बाबायेव ने कहा अगर समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही हमारी धरती। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष जलवायु अधिकारी सिमोन स्टील ने ग्रेनेडा में तूफान से ध्वस्त अपने गृहनगर कैरियाकौ में बढ़ते अनियंत्रित जलवायु नरसंहार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की एक भावुक अपील की। विश्व नेताओं को लिखे पत्र में बाबायेव ने कहा कि अमीर से गरीब देशों के लिए जलवायु वित्तीय सहायता का नया अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने लिखा कि किसी प्रकार के नए वित्तीय समझौते के लिए जमीनी काम करने के वास्ते जर्मनी में जून में हुई बैठकों में आवश्यक प्रगति नहीं हुई।




- संरा जलवायु वार्ता प्रमुख ने कहा समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही धरती